# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025








**न नल-न जल... मिशन की कथा अनंता...**

कोटा, बैकुंठपुर और राजनांदगांव के दर्जनों गांव में पानी नहीं, टंकी खड़ी हो गई

# टंकी बनीं, पानी नहीं, दर्जनों गांव बूंद-बूंद के लिए तरसे



**विधानसभा में गूंजा था मामला, मंत्री ने कहा था ज्यादातर गांव में हो रही पानी की सप्लाई**

जल जीवन मिशन के तहत गांवों में करोड़ों रूपए के काम हो चुके हैं, लेकिन लोगों को एक बूंद पानी नहीं मिल सका है। बिलासपुर और राजनांदगांव जिलों में दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां टंकी खड़ी है लेकन पानी नहीं है। कोटा ब्लॉक का यही हाल है। करीब 3 साल पहले यहां जल जीवन मिशन का काम कराया गया है, पानी टंकी बनाई गई और लोगों के घरों तक पाइप लाइन बिछाई गई, लेकिन गांव अब भी पानी के लिए मोहताज हैं। करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद भी पीने के पानी के लिए लोग प्राकृतिक संसाधनों पर ही निर्भर हैं।

राजनांदगांव- सत्यम शर्मा, सड़क अतरिया- दामोदर वैष्णव, बैकुंठपुर- प्रवीन्द्र सिंह और कोटा- कोमल सिंह की विशेष रिपोर्ट

**खास खबर**

केन्द्र सरकार ने पीने का पानी घर-घर तक पहुंचाने के लिए महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की। बिलासपुर से 20 किमी दूर कोटा क्षेत्र के ग्राम पोंड़ी, कपासिया कला, उमरिया में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्माण कार्य कराए गए हैं। इस दौरान 40 से 60 फीट ओवरहेड टैंक बनाया गया है, लेकिन गांवों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी है। हरिशंकर पांडेय ने बताया कि इसका भुगतान भी ठेकेदार को प्राप्त हो चुका है। एक टंकी में अभी तक बोर का खनन तक नहीं किया गया है। पोंड़ी में आधे घरों तक पानी की पाइप लाइन भी नहीं बिछाई गई है और कागजों में काम पूरा होने का दावा कर दिया गया है। इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है, लेकिन मामले की जांच कराना भी उचित नहीं समझा है।



### बैकुंठपुर में यही हाल

कोरिया जिले के बैकुंठपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत आनी कोशमपारा में लाखों की लागत से बनी पानी टंकी आज सिर्फ शोपीस बनकर खड़ी है। इस टंकी से अब तक ग्रामवासियों को एक बूंद पानी तक नसीब नहीं हुआ, जिससे गांव के लोगों में आक्रोश है। ग्रामवासियों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते यह योजना पूरी तरह विफल हो गई है। टंकी बनकर खड़ी है, लेकिन नल से पानी नहीं टपकता। लोगों को आज भी पुराने ▶▶| शेष पेज 4 पर

### राजनांदगांव के सात गांव ऐसे जहां पानी का स्रोत ही नहीं, टंकी खड़ी हो गई

राजनांदगांव जिले में करीब 478 गाँव में जल जीवन मिशन योजना के तहत काम कराया जा रहा है। जल जीवन मिशन योजना को लेकर विधानसभा में यह शिकायत भी सामने आई कि योजना के तहत जिन गांव में कोई जल स्रोत नहीं है, वहां भी टंकी बना दी और पाइपलाइन बिछा दी गई। राजनांदगांव जिले में ऐसे सात इनमें ठेकवा, चिन्दीजोब, अराजकुंड, रानी खड़खड़ी, झीका जैसे गांव शामिल है। सड़क अतरिया- ग्रामीण इलाके में पेयजल आपूर्ति मुहैया कराने के लिए लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा रहा है। पर जल स्त्रोत में कमी के चलते ग्रामीणों को पेयजल के लिए रोज जद्दोजहद करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव में ग्रामीणों ▶▶| शेष पेज 4 पर

# बिना पानी टंकी खड़ीं अकेले जशपुर में 241 गांव

*सुरेंद्र शुक्ला ▶▶| रायपुर*

*छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन को भले ही 4 साल का एक्सटेंशन मिल गया है, लेकिन राज्य में जल स्त्रोत विहीन गांवों की संख्या 653 है। ये गांव ऐसे हैं, जहां टंकियां खड़ी हैं लेकिन पानी का जुगाड़ नहीं हो पा रहा है। जल जीवन मिशन के लिए तय की गई एजेंसियों ने यहां पर पानी का स्त्रोत मिले बिना ही पानी टंकी बनाने और पाइपलाइन बिछाने का काम किया है। सबसे अधिक जशपुर जिले में सबसे ज्यादा 241 गांव ऐसे हैं, जो जल स्त्रोत एवं पर्याप्त जल स्त्रोत विहीन हैं। दूसरे नंबर में बलौदा बाजार-भाटापारा जिला है, जहां 113 ग्राम जल स्त्रोत विहीन हैं। वहीं गरियाबंद जिले में मात्र एक ग्राम ऐसा है, जो इस श्रेणी में है।*

- 1660 गांव ऐसे भी जहां कार्य पूरे, लेकिन पानी नहीं होने से लाभ नहीं

*राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नल से जल पहुंचाने की योजना शुरू की। वहां पर जल स्त्रोत के बिना ही पानी टंकी और पाइप लाइन बिछा दी गई है। एजेंसियों ने ठेके के अनुसार अपना* ▶▶| शेष पेज 4 पर



### इन जिलों में ऐसी स्थिति

*जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल स्त्रोत विहीन गांवों की संख्या मैदानी क्षेत्रों के जिलों में अधिक है।*

*प्रदेश के महासमुंद जिले में 101, बालोद में 79, कवर्धा में 75, बेमेतरा में 72, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 72, कांकेर में 71, मोहला-मानपुर-चौकी में 70, बलरामपुर में 65, कोरबा में 54, मुंगेली और सारंगढ़ बिलाईगढ़ में 50, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और सुकमा में 49, सरगुजा के 39 ग्रामों में ऐसी स्थिति बनी है।*

*वहीं बस्तर संभाग के बस्तर के 2, दंतेवाड़ा के 5, बीजापुर के 4, नारायणपुर के 5* ▶▶| शेष पेज 4 पर

# केक काटने पर कलह, रायपुर महापौर का बेटा गिरफ्तार, विवाद में कांग्रेसी भी कूदे

*हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर*

*रायपुर में सड़क पर जन्मदिन मनाना राजनीतिक मुद्दा बन गया। जन्मदिन का केक रायपुर की नई महापौर मीनल चौबे के बेटे ने काटा था। कुछ दिन पहले ही युवा कांग्रेसियों को केक काटने पर जेल भेजा गया था। तब हाईकोर्ट ने सड़क पर केक काटने की घटना पर नाराजगी जताई थी। उसके बाद मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने और सख्ती करने के निर्देश प्रशासन को दिए थे। उसके बाद महापौर के बेटे का सड़क पर केक काटते वीडियो वायरल होने के बाद हंगामा मच गया। पुलिस ने रायपुर महापौर के बेटे के खिलाफ एफआईआर की और गिरफ्तार कर लिया।*

*उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व यूथ कांग्रेस के नेता विनोद कश्यप उर्फ भक्कू के समर्थकों द्वारा बीच सड़क में बर्थडे सेलिब्रेट किया गया था। केक काटने के साथ जमकर आतिशबाजी की थी। पुलिस* ▶▶| शेष पेज 4 पर



### एक दिन पूर्व ही मुख्य सचिव ने जारी किया है आदेश

सड़क घेरकर जन्मदिन मनाने, भंडारा आयोजित करने के साथ अन्य किसी भी तरह के इवेंट आयोजित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने दिए थे। कलेक्टर गौरव सिंह ने भी लोगों से ▶▶| शेष पेज 4 पर

### मेयर ने मांगी माफी



बेटे के सड़क में जन्मदिन का वीडियो सामने आने के बाद मेयर ने बयान जारी कर बताया है कि उनके बेटे ने गलती तो की है। बेटे को नियमों ▶▶| शेष पेज 4 पर






# धमतरी में भी महापौर ने गंगाजल से धुलवाया दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

निगम के नवनिर्वाचित महापौर ने शपथ लेने के बाद निगम कार्यालय पहुंचकर रजिस्टर में हस्ताक्षर कर कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व महापौर ने निगम दफ्तर को गंगाजल से धुलवाया। पंडितों से मंत्रोच्चार करवाकर पवित्र करवाया। दफ्तर में प्रवेश करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तर्ज पर दफ्तर की चौखट में मत्था टेका। दोनों हाथ जोड़कर अच्छा काम करने ईश्वर से आशीर्वाद मांगा। कुर्सी संभालते ही महापौर ने सबसे पहले स्वच्छता दीदियों को सप्ताह में एक दिन छुट्टी देने की घोषणा ▶▶| शेष पेज 4 पर

- सफाई दीदियों को सप्ताह में एक दिन छुट्टी देने की घोषणा की



**सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

# लाभ के लिए ऋण लेने वाला 'उपभोक्ता' नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बैंक से ऋण लाभ कमाने के उद्देश्य से लिया गया है तो उसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत 'उपभोक्ता' नहीं कहा जा सकता। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की ▶▶| शेष पेज 4 पर



### कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

शीर्ष अदालत ने कहा, हम इस तथ्य से परिचित हैं कि प्रतिवादी संख्या एक (कंपनी) को केवल इस तथ्य के आधार पर उपभोक्ता की परिभाषा से बाहर नहीं रखा जा सकता कि वह एक वाणिज्यिक इकाई/उद्यम है। पीठ ने कहा, लेकिन इस निष्कर्ष पर पहुंचने में हमारे लिए यह तथ्य ▶▶| शेष पेज 4 पर


PATANJALI wellness
Yoga, Ayurveda & Naturopathy

योग ग्राम व निरामयम्

एलोपैथिक डॉक्टर्स के लिए होली तक उपचार का विशेष उपहार

MD, MBBS, सर्जन, डेंटिस्ट, डर्माटोलॉजिस्ट, ENT, ओफ्थाल्मोलॉजिस्ट, आर्थोपेडिक, गाइनीकॉलोजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट ऐसे एलोपैथी डॉक्टर्स के लिए पतंजलि वेलनेस, निरामयम् व योगग्राम में स्पेशल डिस्काउन्ट।

सेवारत डॉक्टरों के लिए 50% की छूट | सेवानिवृत्त डॉक्टरों के लिए 100% मुफ़्त

जिनसे मानवता का हित, उनके लिए हम समर्पित

रोगों से पीड़ित, मानवता की सेवा में लगे डॉक्टर्स को सनातन संस्कृति में हम भगवान स्वरूप मानते हैं परन्तु हृदय को पीड़ा देने वाली वेदना यह है कि रोगियों की सेवा करते–करते डॉक्टर्स भी रोगी हो जाते हैं। अति व्यस्तताओं के चलते हेल्दी लाइफस्टाइल, योग, हेल्दी फूड हैबिट्स को फॉलो ना कर पाने के कारण से वे बीपी, थायरॉइड, शुगर, अस्थमा, लीवर, किडनी, हार्ट प्रॉब्लम्स, सर्वाइकल पेन और ओबेसिटी जैसे रोग चक्र में घिर जाते हैं।

हम अत्यन्त स्नेह, सम्मान व करुणा पूर्वक सभी डॉक्टर्स को पतंजलि वेलनेस, योगग्राम, निरामयम् में आमंत्रित करते हैं

इस आश्वासन के साथ कि हम वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ, इनकी सभी लाइफस्टाईल और इंक्यूरेबल डिज़ीज़ेज को मैनेज करें और रिवर्स व डीरूट करें एवं पंचकर्म, षट्कर्म के द्वारा वे शुद्धिकरण करें। जो समर्थ हैं उनको भी 50% डिस्काउन्ट करके, एक–एक व्यक्ति को प्रतिदिन 10 थेरेपियां देते हैं जो कि 5 से 10 हजार रुपए (वैल्यू) की होती हैं। प्रतिदिन शिरोधारा, अभ्यंग, बाह्य एवं आंतरिक बस्ती, हाइड्रोथेरेपी, कोलोन थेरेपी, श्रृंगी, वात मोक्षण, रक्त मोक्षण, एक्यूपंक्चर, एक्यूप्रेशर, ओजोन थेरेपी, यज्ञ थेरेपी एवं ऐसी अनेक रोगानुसार थेरेपीज द्वारा डिटॉक्स करें और ऋषियों की योग, आयुर्वेद की विरासत को एक्सपीरियंस करें।

विशेष– जो गवर्नमेंट या प्राइवेट जॉब के बाद रिटायर्ड डॉक्टर हैं एवं जिनके पास आर्थिक संसाधन नहीं है उनके लिए योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, षट्कर्म का 100% फ्री ट्रीटमेन्ट उपलब्ध करवा कर के हम उनकी सेवा का सौभाग्य पाना चाहते हैं।




नोट– टाईप 1 डायबिटीज़, लीवर, किडनी फेलियर, कैंसर, ऑटो इम्यून डिज़ीज के पेशेन्ट के लिए 25% off (डिस्काउन्ट) केवल मार्च महीने में उपलब्ध रहेगा।

पतंजलि वेलनेस में साप्ताहिक उपचार व रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें

8954666111, 8954666222, 8954666333 (कॉल करने का समय प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक)

या विज़िट करें: www.patanjaliwellness.com | booking@patanjaliwellness.com

यदि आप ऑनलाइन पेमेंट करना नहीं जानते हैं, तो यहाँ सीधे आकर डायरेक्ट रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# चमोली हिमस्खलन में फंसे 50 का रेस्क्यू



55 मजदूरों में 4 की मौत, 6 हेलीकॉप्टर से चलाया जा रहा बचाव अभियान

तीन कंटेनर नहीं हो पा रहे ट्रेस, पांच की तलाश

**हरिभूमि न्यूज : चमोली।** शुक्रवार को भारत-चीन सीमा पर स्थित उत्तराखंड के चमोली के माणा के पास भीषण हिमस्खलन में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन सुबह से जारी है। उत्तराखंड के चमोली में हुए हिमस्खलन में मांड़ा गांव में 55 मजदूर फंस गए थे। अब तक 50 मजदूरों का रेस्क्यू कर लिया गया है। हालांकि, रेस्क्यू किए गए 50 में से चार मजूदरों की मौत हो गई। वहीं, फंसे हुए 5 मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।







### जोशीमठ के आर्मी हेलीपैड से चलाया जा रहा है रेस्क्यू अभियान

भारतीय सेना के हेलीकॉप्टर जोशीमठ के आर्मी हेलीपैड से रेस्क्यू अभियान में जुटे हैं। मजदूरों को बचाने के लिए आइबेक्स ब्रिगेड की बचाव टीम के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। रेस्क्यू अभियान में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक 50 लोगों को बचाया जा चुका है। दुर्भाग्य से चार घायल व्यक्तियों की मृत्यु की पुष्टि हुई है। घायलों को निकालने के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। सेना द्वारा लापता शेष पांच लोगों को बचाने के लिए खोज अभियान जारी है।

# मणिपुर में 8 मार्च से सभी जगह होगी स्वतंत्र आवाजाही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




शाह ने दिल्ली में अफसरों को दिए निर्देश

मणिपुर में शांति स्थापित करने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सख्त एक्शन प्लान बनाया है। शनिवार को नई दिल्ली में हुई उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने अफसरों को 8 मार्च से मणिपुर के सभी हाइवे में आवागमन बहाल करने के निर्देश दिए। शाह ने कहा, हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा। मणिपुर से लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर आवाजाही के लिए चिन्हित प्रवेश मार्गों के दोनों तरफ बाड़ लगाने का काम जल्द पूरा करें। साथ ही मणिपुर को नशामुक्त बनाने के लिए अभियान चलाएं।
नशे कारोबारियों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह पहली समीक्षा बैठक है।

### मणिपुर में ऐसे भड़की हिंसा

मैतेई समुदाय ने मई 2023 में अनुसूचित जनजाति का (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च किया था। इस मार्च से शुरू हुई हिंसा अब तक बरकरार है। इस जातीय में अब तक 250 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

# बेसमेंट की आग बुझा देने के बाद दोबारा कैसे लगी?

सूरत कपड़ा मार्केट आगजनी पर उठ रहे कई सवाल

800 राजस्थानी कारोबारी बर्बाद, 9 अरब रुपए के नुकसान का अनुमान

एजेंसी ⏭ सूरत

गुजरात में सूरत के रिंग रोड स्थित शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में लगी भीषण आग बुझ तो गई है, लेकिन इस पर कई सवाल उठ रहे हैं। बेसमेंट में लगी आग बुझा देने के बाद दोबारा आग कैसे लगी, इस पर संदेह हो रहा है। आग कैसे लगी इसका कारण नहीं पता चल सका है। अब सरकार से लेकर मेयर तक इसकी जांच कराने की बात कर रहे हैं।

मार्केट में पर्याप्त रास्ता न होने के बावजूद इसे अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया था। इस सवाल के जवाब में मेयर दक्षेश मेवाणी ने कहा- आग लगने की टाइमिंग संदेह पैदा होता है। मंगलवार को बेसमेंट की आग बुझा दी थी। अगर दोबारा आग लगती तो बेसमेंट में लगती। यह तीसरी-चौथी मंजिल पर लगी। पूरी रात आग की कोई घटना नहीं हुई। आखिरकार सुबह जब व्यापारी आए तब आग की सूचना दी गई। सूचना भी बड़ी आग की दी गई थी। इससे शक पैदा होता कि किसी ने कुछ दुकानों का इंश्योरेंस लेने के लिए आग लगाई हो। जिससे पूरा मार्केट जल गया। राज्य अग्निशमन निदेशक अनिल चावड़ा गुरुवार को गांधीनगर से शिवशक्ति मार्केट पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी तरह की जानकारी जुटाकर रिपोर्ट तैयार करेंगे। एफएसएल जांच करेगी।





### 700 दुकानें हो चुकी हैं खाक

आग से इमारत की 700 दुकानें खाक हो चुकी हैं, लेकिन आग अब भी नहीं बुझी है। इसी आग में एक दुकान में रखे 20 करोड़ रुपए राख हो गए। कारोबारी ने गुहार लगाई कि दुकान में 20 करोड़ रुपए रखे हैं। यह नकदी अलग-अलग पार्टियों की है। जल गई तो बर्बाद हो जाऊंगा। लेकिन दुकान लपटों से घिरी होने से उसे अंदर नहीं जाने दिया गया। हालांकि एक अन्य कारोबारी 45 लाख रुपए निकालने में सफल रहा।

एफएलएस करेगी जांच

मशहूर शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में 25 फरवरी को लगी थी भीषण आग

### 9 अरब से रुपए से अधिक का नुकसान

गुजरात के सूरत में शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट में 25 फरवरी को लगी भीषण आग ने सैकड़ों व्यापारियों की वर्षों की मेहनत को राख में बदल दिया। इस अग्निकांड में करीब 9 अरब रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। आग इतनी भीषण थी कि 30 दमकल गाड़ियों और सैकड़ों कर्मचारियों को लगभग 30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इस पर काबू पाया जा सका।

### राजस्थान के व्यापारियों को भारी नुकसान

सूरत के इस कपड़ा बाजार में राजस्थान के करीब 800 व्यापारी कारोबार करते हैं। इस आग में उनकी दुकानों में रखा करोड़ों रुपये का कैश, लाखों मीटर कपड़ा स्टॉक, लैपटॉप, कंप्यूटर और जरूरी कागजात जलकर खाक हो गए। दम घुटने से एक व्यापारी की मौत भी हो गई। व्यापारियों का कहना है कि 32 साल की मेहनत से करोड़पति बने थे, एक ही रात में सड़क पर आ गए।

# शिक्षा मंत्री को बंधक बनाया, महिला प्रोफेसर की साड़ी फाड़ी

एजेंसी ⏭ जादवपुर



बंगाल के जादवपुर यूनिवर्सिटी में वामपंथी छात्रों का बवाल

पश्चिम बंगाल की जादवपुर यूनिवर्सिटी में शनिवार को जमकर बवाल हुआ है। वामपंथी छात्रों ने यूनिवर्सिटी में पहुंचे बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के सामने पहले हंगामा किया, फिर उन्हें बंधक बना लिया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थक छात्र भड़के तो मामला हिंसक हो गया। वामपंथी छात्रों ने अपने कब्जे से निकल रहे शिक्षा मंत्री और अन्य गाड़ियों पर पथराव कर दिया। इस पथराव में शिक्षा मंत्री घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा है। वामपंथी छात्रों पर टीएमसी समर्थक महिला प्रोफेसर के साथ भी मारपीट करने और उनकी साड़ी फाड़ने का आरोप भी लगा है। इस हिंसा में एक छात्र का सिर फूटने से उसके भी घायल होने की खबर है। मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया है और हालात को काबू में करने की कोशिश कर रहा है।


### ऐसे हुआ विवाद


जादवपुर यूनिवर्सिटी को भी वामपंथ के प्रभाव के कारण पश्चिम बंगाल का जेएनयू कहा जाता है। शिक्षा मंत्री जब वेबकूपा की बैठक में भाषण दे रहे थे। इसी दौरान वहां वामपंथी छात्र पहुंच गए और छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग शुरू कर दी। इस पर वहां माहौल भड़क गया। वामपंथी छात्रों ने कार्यक्रम स्थल पर तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिसमें कई प्रोफेसरों को कुर्सियों से धक्का दिया गया और कारों के टायरों की हवा निकाल दी गई। छात्रों ने 'चोर-चोर' और 'वापस जाओ' के नारे लगाए।





avinash
TWIN CITY
KUMHARI TOLL PLAZA







33 Unique Garden | Temple | Party Hall | Gymnasium | Swimming Pool | Badminton Court | Club Twin City | Pool Table | Party Lawn | Jogging Track | Kids Play Area

avinash
a relation for life
90982-22444
www.avinashgroup.com
28+ Years of Experience
59+ Real Estate Projects
15000+ Happy Customers
Follow us on

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## टॉयलेट...एक संघर्ष कथा-3

*रायपुर ही नहीं बिरगांव निगम क्षेत्र में भी छात्र-छात्राओं को स्कूलों में नहीं मिल रही सुविधा*



### पालकों व लोगों ने बताई पीड़ा

सरोरा निवासी यशवंत निर्मलकर ने बताया कि नवीन प्राथमिक शाला मजदूर नगर में श्रमिकों के बेटे-बेटियों की शिक्षा होती है। वहां उनके लिए न तो पेयजल की सुविधा मिल रही और न स्कूल कैंपस में यूरिनल और टॉयलेट उपयोग के लायक बचा है। रखरखाव के अभाव में दुर्दशा की स्थिति में हैं। इस वजह से आसपास रहने वाले स्कूली बच्चे टॉयलेट के लिए छुट्टी लेकर घर जाते हैं। इस समस्या का सामना पढ़ाने वाले स्टॉफ को आसपास परिचितों के टॉयलेट का उपयोग करने की स्थिति बनती है।

# रायपुर जिले का हाल...स्कूल में टॉयलेट जाना पड़े तो सुलभ में देने पड़ते हैं 5 रु.

लवकुश शुक्ला ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम क्षेत्र के कई स्कूलों में हाईटेक सुविधा तो दूर, बुनियादी सुविधा के लिए भी छात्र-छात्राएं मोहताज हैं। उनके लिए बनवाए गए यूरिनल व टॉयलेट की दुर्दशा हो चुकी है। इससे टॉयलेट जाने के लिए अछोली स्कूल के विद्यार्थियों को सुलभ में पैसा भी देना पड़ रहा है। रायपुर से महज ▶▶|शेष पेज 4 पर

हरिभूमि खास



### मामले को संज्ञान में लिया जाएगा

जिन-जिन स्कूलों की समस्या बता रहे हैं, वहां की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के बाद मामले को संज्ञान में लिया जाएगा। ऐसी अव्यवस्था का स्थाई समाधान करने के लिए प्लानिंग की जाएगी।

- **विजय खंडेलवाल,** जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### देना पड़ता है टॉयलेट का पैसा

बाजार चौक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला अछोली में बनवाए गए टॉयलेट की दुर्दशा पर स्थानीय रहवासी भागीरथी यादव ने बताया कि स्कूल का टॉयलेट खराब होने से पढ़ने वाले श्रमिकों के बच्चों को जरूरत पड़ने पर स्कूल के बाहर बनवाए गए सुलभ शौचालय में टॉयलेट का पैसा देना पड़ता है। इसके अलावा पेयजल के लिए भी प्रापर इंतजाम नहीं है। इसके लिए कई बार स्कूल के जिम्मेदारों से व्यवस्था बनाने के लिए आग्रह किया गया, लेकिन वे इसमें सुधार करवाने में भी रुचि नहीं ले रहे हैं।

## हम देखने गए 'टायलेट', वहां स्कूल ही बंद, बन गया डेयरी फार्म



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पत्थलगांव

जिस परिसर में कभी बच्चों की आवाज सुनाई देती थी, उस स्कूल कैम्पस में अब मवेशियों का डेरा दिखाई पड़ता है। स्कूल कैसे डेयरी में बदल गया यह अधिकारी भी नहीं समझ पा रहे हैं। पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम कुकरगांव के शासकीय प्राथमिक शाला मोहनीपुरी में नौनिहालों की जगह अब मवेशियों का राज हो गया है। यहां पढ़ाई-लिखाई तो दूर, अब केवल चारा चबाने और दूध दुहने का काम होता है। करीब आठ साल पहले इस स्कूल को नजदीकी स्कूल में मर्ज कर दिया गया था, लेकिन इसे सील करने के बजाय खुला छोड़ दिया गया। धीरे-धीरे एक ग्रामीण परिवार ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ शासकीय प्राथमिक शाला मोहनीपुरी में मवेशियों का राज

### बड़ा सवाल, निजी जमीन पर सरकारी स्कूल कैसे

अपुष्ट सूत्र कहते हैं कि यहां पहले स्कूल संचालित हो रहा था लेकिन यह जमीन निजी है। अब निजी व्यक्ति के कब्जे में है। सवाल यह उठ रहा है कि जब जमीन निजी है, तब तक सरकारी खर्च पर स्कूल कैसे बनाया गया था। बहरहाल जांच में सारी बातें सामने आएंगी।


### जांच टीम गठित

पत्थलगांव बीईओ बिनोद पैंकरा ने कहा कि कुकरगाव मामले में जांच के लिए टीम गठित की गई है, जिसमे 3 सीएससी और प्राचार्य हैं जो अपनी जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## ख़बर संक्षेप

### चांद दिखा, रमजान का पहला रोजा आज



**नई दिल्ली।** रमजान का चांद शनिवार को नजर आ गया। इसके साथ ही रमजान का महीना शुरू हो गया। रविवार को पहला रोजा होगा। शनिवार से ही लोगों ने रोजा इफ्तारी व सहरी का इंतजाम करने के लिए लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी। यह महीना मुसलमानों के लिए बेहद खास माना जाता है, पूरे महीने मुसलमान रोजा रखते हैं।

### दो हजार के 98.18 प्रतिशत नोट वापस



**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि 2000 रुपए के 98.18 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। अब सिर्फ 6,471 करोड़ रुपए मूल्य के नोट जनता के पास हैं। रिजर्व बैंक ने 19 मई, 2023 को नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। 19 मई, 2023 को मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपए था।

### फरवरी में जीएसटी संग्रह 1.84 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** सकल जीएसटी संग्रह फरवरी में 9.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.84 लाख करोड़ रुपए हो गया। इस दौरान सकल जीएसटी संग्रह के तहत घरेलू राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 1.42 लाख करोड़ रुपए रहा। आयात राजस्व 5.4 प्रतिशत बढ़कर 41,702 करोड़ रुपए हो गया।

### आठ करोड़ के ड्रग्स के साथ यात्री गिरफ्तार



**अमृतसर।** अमृतसर हवाईअड्डे पर एक यात्री को करीब आठ करोड़ रुपए मूल्य के मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यात्री मनदीप सिंह 26 फरवरी को मलेशिया से एक उड़ान के माध्यम से आया था और जब उसके सामान की जांच की गई। अधिकारियों को 8.17 किलोग्राम मादक पदार्थ मिला।

### नड्डा ने माता वैष्णो देवी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**कटरा/जम्मू।** भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा के साथ उनकी पत्नी मल्लिका नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं जम्मू-कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ और भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के अध्यक्ष सत शर्मा भी थे।

### लंदन पहुंचे जेलेंस्की, रुख में नरमी, पर कहा- नहीं मांगूंगा माफी

# डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के झगड़े पर बंटी दुनिया!

- दुनियाभर के नेताओं ने इस बातचीत पर कड़ी प्रतिक्रिया दी
- कई देशों ने यूक्रेन के प्रति समर्थन और एकजुटता व्यक्त की

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन/मास्को/कीव

दुनिया के दो देश रूस और हंगरी ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन में नजर आ रहे हैं। यूक्रेन को कई देशों का समर्थन मिला है। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के सुर कुछ बदले हुए नजर आ रहे हैं। व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से गरमागरम बहस के एक दिन बाद जब वे लंदन में पहुंचे तो उनका रुख काफी नरम दिखाई दिया। उन्होंने ना केवल अमेरिका की तरफ से दी जा रही सैन्य मदद की सराहना की, बल्कि डोनाल्ड ट्रंप का भी आभार जताया। हालांकि उन्होंने माफी मांगने से इंकार कर दिया। यूक्रेनी नेता ने जोर देकर कहा, हम सभी समर्थन के लिए अमेरिका के बहुत आभारी हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों के द्विदलीय समर्थन के लिए उनका आभारी हूं। यूक्रेनियों ने हमेशा इस समर्थन की सराहना की है, खासकर इन तीन सालों के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के दौरान। अमेरिका की मदद हमें जिंदा रहने में मदद करने में खास रही है। मैं इसे स्वीकार करना चाहता हूं। मुश्किल बातचीत के बावजूद हम रणनीतिक साझेदार बने हुए हैं। लेकिन हमें अपने साझा लक्ष्यों को सही मायने में समझने के लिए एक-दूसरे के साथ ईमानदार और सीधे होने की जरूरत। ▶▶|शेष पेज 4 पर

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच ओवल ऑफिस में हुई तीखी नोक-झोंक को पूरी दुनिया ने देखा। ट्रंप ने जेलेंस्की के प्रति तीखा रुख दिखाते हुए उनपर लाखों लोगों का जीवन खतरे में डालने का आरोप लगाया। इसके जवाब में जेलेंस्की अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना वहां से रवाना हो गए। इधर, डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के झगड़े पर दुनिया दो हिस्सों में बंट गई है।*

## ट्रंप और जेलेंस्की के बीच ओवल ऑफिस में तनावपूर्ण बातचीत हुई

### किसके साथ कौन?

| ट्रंप | जेलेंस्की |
|---|---|
| रूस | नेब्रास्का |
| हंगरी | फ्रांस |
| | स्पेन |
| | नॉर्वे |
| | लिथुआनिया |
| | जर्मनी |
| | नीदरलैंड्स |
| | कनाडा |
| | ऑस्ट्रेलिया |
| | ब्रिटेन |



फाइल फोटो

### सुरक्षा गारंटी के बिना शांति नहीं : जेलेंस्की

वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा, मैं रूस को लेकर यूक्रेन की रणनीति में बदलाव नहीं कर सकता। रूस हमारे दुश्मन हैं, वो हमें मार रहे हैं और यही वास्तविकता है जिसका हम सामना कर रहे हैं। यूक्रेन शांति चाहता है, लेकिन यह न्यायसंगत और स्थायी शांति होनी चाहिए।

### रूस बोला- ट्रंप ने जेलेंस्की को थप्पड़ मारने से खुद को कैसे रोक लिया

रूस ने इस बात को लेकर आश्चर्य जताया है कि तीखी बहस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को थप्पड़ मारने से खुद को कैसे रोक लिया। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोव ने लिखा कि व्हाइट हाउस में जेलेंस्की का बड़ा झूठ यह दावा था कि 2022 में यूक्रेन अकेला पड़ गया था।

### किसने क्या कहा

रूस आक्रमणकारी है और यूक्रेनियन पीड़ित लोग हैं। हमें उन लोगों का सम्मान करना चाहिए जो शुरुआत से लड़ रहे हैं।
- **इमैनुएल मैक्रों,** राष्ट्रपति, फ्रांस

यूक्रेन, स्पेन आपके साथ है।
- **पेड्रो सांचेज,** प्रधानमंत्री, स्पेन

यूक्रेन अकेला नहीं है। प्रिय जेलेंस्की, प्रिय यूक्रेनी मित्रों, आप अकेले नहीं हैं।
- **डोनाल्ड टस्क,** प्रधानमंत्री, पोलैंड के

हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए उनके संघर्ष में यूक्रेन के साथ खड़े हैं।
- **जोनास गहर स्टोरे,** प्रधानमंत्री, नॉर्वे

स्वीडन यूक्रेन के साथ खड़ा है। आप केवल अपनी स्वतंत्रता के लिए नहीं बल्कि पूरे यूरोप के लिए लड़ रहे हैं, स्लावा यूक्रेनी!
- **उल्फ क्रिस्टरसन,** प्रधानमंत्री, स्वीडन

नीदरलैंड्स यूक्रेन का पहले से भी अधिक दृढ़ता से समर्थन करता है। अब पहले से भी ज्यादा।
- **डिक शूफ,** प्रधानमंत्री, नीदरलैंड्स

## गुण्डराजगुड़ेम मुठभेड़ में मार गिराए महिला समेत दो नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के किस्टारम थाना क्षेत्र के गुण्डराजगुड़ेम के जंगल में शनिवार सुबह नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में डीआरजी के जवानों ने महिला नक्सली समेत 2 को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से शवों के अलावा हथियार व अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। मारे गए नक्सलियों के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। मुठभेड़ स्थल व आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है।

■ डीआरजी व कोबरा के जवानों ने शवों के साथ हथियार व नक्सल सामग्री किया बरामद

आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि 28 फरवरी को जिला सुकमा के किस्टाराम थाना क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुकमा डीआरजी व कोबरा बटालियन की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कई नक्सलियों के मारे जाने व घायल होने की खबर

सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि मुठभेड़ स्थल पर खून के धब्बे एवं घसीटने के निशान से कई और माओवादियों के मारे जाने एवं घायल होने की संभावना को देखते हुए आस पास के क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत जानकारी सर्च अभियान पूर्ण होने पर जारी की जायेगी। एसपी ने कहा कि प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादियों संगठन के पास अब हिंसा छोड़कर ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 60 दिन में 67 हार्डकोर माओवादी ढेर

आईजी ने बताया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुए वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरुद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत विगत 60 दिनों में बस्तर रेंज में कुल 67 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार के मंशा के ▶▶|शेष पेज 4 पर

## साय ने दिया उद्योगपतियों को न्योता उद्योगों को बढ़ावा देने में रैंप योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को नवा रायपुर में आयोजित इंडस्ट्री डायलॉग कार्यक्रम में कहा, आप छत्तीसगढ़ आइए, निवेश करिए और विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहभागी बनें। विकसित और समृद्ध छत्तीसगढ़ को समर्पित हमारी नई उद्योग नीति लागू होने से अब तक राज्य सरकार को 1 लाख 23 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिल चुके हैं। राज्य सरकार न्यूनतम प्रशासन-अधिकतम प्रोत्साहन, उद्यमियों को निवेश अनुकूल माहौल और हर संभव सहयोग दिए जाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम को बढ़ावा देने वाली भारत सरकार की ▶▶|शेष पेज 4 पर

■ मुख्यमंत्री का उद्योगपतियों को आमंत्रण



### प्रदेश में 7 नए औद्योगिक केंद्र स्थापित कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प रखा है। उनके संकल्प के अनुरूप छत्तीसगढ़ को विकसित करने छत्तीसगढ़ विजन 2047 तैयार कर इस दिशा में लगातार काम कर रहे है। ईज आफ डूइंग बिजनेस के तहत अनुमति, अनुमोदन और नवीनीकरण की प्रक्रिया ▶▶|शेष पेज 4 पर

## कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में ईडी और भाजपा सरकार का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का पुतला दहन किया। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुए और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि केंद्र सरकार ईडी और अन्य सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और विपक्ष को दबाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेसियों ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार शासन करने में विफल रही है और अब वह सरकारी एजेंसियों का राजनीतिक हथियार ▶▶|शेष पेज 4 पर



■ कल राजधानी के सुभाष स्टेडियम स्थित ईडी कार्यालय का घेराव

### कोरबा में लगेंगे 660 मेगावाट के दो प्लांट

# जशपुर में पानी से बनेगी 35 सौ मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


प्रदेश में लगातार बिजली की खपत में इजाफा हो रहा है। खपत 65 सौ मेगावाट के पार जाने की संभावना है। लेकिन उत्पादन की क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन हमेशा 22 से 25 सौ मेगावाट ही उत्पादन होता है। बिजली की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर या फिर निजी उत्पादकों से बिजली खरीदनी पड़ती है। अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने ▶▶|शेष पेज 4 पर

खास खबर

### छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी जुटी उत्पादन बढ़ाने की कवायद में

### पानी से पैदा होगी 7700 मेगावाट बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12-12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए तैयारी हो गई है। पहले चरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 35 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन पानी से किया जाएगा। इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7700 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।



### लगातार बढ़ रही खपत

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। इस साल फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट तक चली गई है। इस साल गर्मी में खपत के 65 सौ मेगावाट के पार जाने की संभावना है। ऐसे में प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही पॉवर कंपनी तो योजना बनाने के निर्देश दिए हैं।



**हाल में केंद्र सरकार की तरफ से जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य को लेकर दो अहम घोषणाएं हुई हैं। पहली, केंद्र सरकार देश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में बीपी (उच्च व निम्न रक्तचाप), शुगर (डायबिटीज या मधुमेह) और कैंसर की राष्ट्रीय स्तर पर जांच कराने जा रही है। दूसरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापा के खिलाफ देश में जागरूकता लाने का आह्वान किया है। इसके लिए सरकार की ओर से दस हस्तियों को अंबेस्डर बनाया गया है, जो देशवासियों में मोटापा से बचने के लिए जागरूकता फैलाएंगे। देश में करीब 40 करोड़ लोग जीवनशैली संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सालाना करीब 60 लाख लोगों की जीवनशैली संबंधित रोगों के चलते मौत हो जाती है। इसके अलावा भी कई एक्यूट रोग हैं, जिनके चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। कारोना महामारी के समय देश के सरकारी स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर की पोल खुली, उसके बाद से सरकार ने लगातार हेल्थ संबंधी बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने की कोशिश की है, लेकिन भारत जैसे बड़ी आबादी व जरूरती देश के लिए सरकार की कोशिश ऊंट के मुंह में जीरा साबित होती है। स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता के आधार पर लेने की जरूरत है, इसमें बड़े निवेश की आवश्यकता है। इसी के साथ योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा जैसे प्रिवेंटिव हेल्थ सिस्टम को सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रम से जोड़ने की आवश्यकता है। जीनशैली संबंधी रोगों की स्थिति का आंकलन करता आजकल का यह अंक..**

# जीवनशैली से संबंधित रोग बड़ी चुनौती





सेहत
डा ए.के. अरुण
जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक व होम्योपैथिक चिकित्सक

**जीवनशैली से संबंधित रोग आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया की सार्वजनिक स्वीकार्यता के बाद पूरी दुनिया में जीवनशैली से जुड़े रोगों का आंकड़ा तेज़ी से बढ़ने लगा है और सामान्य से दिखने वाले रोग जानलेवा तथा असाध्य रोगों की श्रेणी में आ गए हैं। आज जीवनशैली से सम्बंधित रोग एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे सामने हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को ग़ैर संचारी रोग या एनसीडी भी कहा जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जीवनशैली से संबंधित रोगों की वजह से सालाना छह मिलियन लोगों की जान जा रही है।**

जीवनशैली से संबंधित रोगों के बारे में मेरी धारणा स्पष्ट है कि पहले आधुनिकता के नाम पर ग़लत जीवनशैली अपनाओ और बीमार बनो, फिर उसके इलाज के लिए अस्पतालों और डाक्टरों के पास भटको। जीवनशैली से संबंधित रोग आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया में लोगों की परेशानी का सबब बने हुए हैं। वैश्वीकरण की प्रक्रिया की सार्वजनिक स्वीकार्यता के बाद पूरी दुनिया में जीवनशैली से जुड़े रोगों का आंकड़ा तेज़ी से बढ़ने लगा है और सामान्य से दिखने वाले रोग जानलेवा तथा असाध्य रोगों की श्रेणी में आ गए हैं। आज जीवनशैली से सम्बंधित रोग एक बड़ी समस्या के रूप में हमारे सामने हैं। जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को ग़ैर संचारी रोग या एनसीडी भी कहा जाता है। यदि हमारे दैनिक जीवन की आदतें, जैसे भोजन, नींद, व्यायाम, दिनचर्या, तनाव का स्तर आदि स्वस्थ्य नहीं है तो यह जीवन शैली के रोगों की वजह बन सकता है। विगत कुछ वर्षों में कोरोना के बाद भारत में जीवनशैली से संबंधित रोगों की स्थिति चिंताजनक रूप से बिगड़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की ताज़ा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जीवनशैली से संबंधित रोगों की वजह से सालाना 60 लाख लोगों की जान जा रही है। अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2030 तक इन रोगों की वजह से भारत को छह ट्रिलियन डॉलर का आर्थिक नुक़सान उठाना पड़ सकता है।

## तनाव में 26 फ़ीसदी भारतीय

इंडिया फिट रिपोर्ट 2024 के अनुसार 26 फ़ीसदी भारतीय तनाव से जूझ रहे हैं। इनमें 17 फ़ीसदी लोगों के तनाव की वजह वित्तीय अस्थिरता है। इसी रिपोर्ट के अनुसार 24 फ़ीसदी भारतीय उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। रिपोर्ट के अनुसार विगत तीन वर्षों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप उच्च कोलेस्ट्रॉल,थायरॉइड जैसे जीवनशैली के रोगों में बहुत तेज़ी आई है। उच्च रक्तचाप एवं उच्च कोलेस्ट्रोल एक साइलेंट किलर है। यह आम भारतीयों में तेज़ी से बढ़ रहा है। उच्च कॉलेस्ट्रोल वाले लोगों की संख्या में सालाना दो फ़ीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है। ऐसे ही मधुमेह रोगियों का बुरा हाल है। इंडिया फिट रिपोर्ट 2024 के अनुसार 48 फ़ीसद भारतीय अस्वस्थ्य हैं। यही रिपोर्ट यह भी बता रही है कि भारत की लगभग आधी आबादी (50 फ़ीसदी) अस्वस्थ्य जीवनशैली की आदतों से पीड़ित है। यह आंकड़ा चिंताजनक है। मानसिक रोग जैसे अनिद्रा तनाव अवसाद के साथ साथ स्लिप एपनिया के मामले भी तेज़ी से बढ़ रहे हैं। कम उम्र के युवाओं में हृदयगति रुक जाने से होने वाली मौतों की घटनाओं में भी वृद्धि देखी गई है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अब सवाल उठता है कि सरकारें इन रोगों के रोकथाम प्रबंधन के लिए क्या कर रही है? विगत कुछ वर्षों से भारत सरकार का स्वास्थ्य बजट देखें तो बहुत उत्साहजनक नहीं दिखता। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी बजट बढ़ाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। नवीनतम राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा रिपोर्ट अनुसार पहले से ही स्वास्थ्य बजट कुल जीडीपी का लगभग 1.2-1.3 फीसदी पर स्थिर है। इसे 2025 तक 2.5-3.0 फीसदी तक बढ़ाने की बात की जा रही थी। ऐसा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में वादा भी किया गया था। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के बजट में मामूली वृद्धि की गई है। पर वह एक फीसदी के पास ही है।

## धनाभाव में सरकारी अस्पताल

विगत कोरोना वायरस महामारी के आतंक को सभी ने देखा और भुगता है। सबसे बुरी हालत मेहनतकश ग़रीब लोगों की थी। सरकारी अस्पताल लगभग नकारा थे। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो 85 फ़ीसदी सरकारी अस्पताल और उपचार केंद्र आज भी धन के अभाव में ही चल रहे हैं। कोरोना महामारी के थम जाने के बावजूद सरकार कोरोना से होने वाली मौतों का ठीक से आंकड़ा भी उपलब्ध नहीं करा पाई है। यदि देश के 748 ज़िले के अस्पताल ठीक होते तो विगत कोरोना महामारी के दौरान ऐसी अफ़रातफ़री नहीं मचती। इधर सरकार द्वारा लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित कई घोषणाएं सुनाई देती हैं। इन घोषणाओं में आधुनिक जीवनशैली के रोगों से निपटने के लिए सरकारी विज्ञापन आजकल सरेआम है।

## प्रशिक्षित चिकित्सकों की कमी

कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य ढांचागत निर्माण मिशन उन योजनाओं में एक महत्वपूर्ण योजना है। इससे देशभर में प्राथमिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए शुरू किया गया था। सन् 2021 से 2026 तक की अवधि के लिए इस योजना में 64,180 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। लेकिन पिछले दो बजट में कुल मिलाकर लगभग आठ हज़ार करोड़ रुपये का ही आवंटन किया गया है। भारत में अभी भी प्रशिक्षित चिकित्सकों की संख्या लगभग 13 लाख है, जो देश में 15-20 हज़ार प्रति व्यक्ति पर एक चिकित्सक की दर से बैठती है। यदि यहां प्रति दस हज़ार व्यक्ति पर एक चिकित्सक की उपलब्धता को ही मान लें तो सन् 2050 कोई 20.7 लाख चिकित्सक और चाहिए होंगे। सच्चाई तो यह है कि प्रशिक्षण के बाद लगभग दस-बीस फ़ीसद चिकित्सक अपना चिकित्सा व्यवसाय छोड़कर किसी और धन्धे में चले जाते हैं। चिकित्सा सेवा के स्वभाव में परिवर्तन एवं देश में उपभोक्तावाद के हावी होने के बाद अधिकांश चिकित्सक निजी प्रैक्टिस करने अथवा निजी पांचसितारा अस्पतालों में जाना पसंद करते हैं। मसलन सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था धीरे धीरे उपेक्षित एवं नकारा होती जा रही हैं। विगत कुछ वर्षों में चिकित्सा शिक्षा से संबंधित सरकारी नीतियों में जटिलता की वजह से भी दिक्कतें आ रही हैं। कहा जा रहा है कि देश में 70 हज़ार से एक लाख ऐसे डॉक्टर्स हैं जिन्होंने विदेशों में पढ़ाई की है और वे भारत में अपना रजिस्ट्रेशन कराना चाहते हैं। लेकिन जटिल प्रक्रिया की वजह से ये अभी भी धक्के खा रहे हैं। देश में नक़ली डॉक्टरों की भी एक बड़ी संख्या है जिसे सरकार पकड़ नहीं पा रही है।

## टोगो वैक्सीन वितरण की योजना

भारत सरकार की प्रधानमंत्री आयुष्मान जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) प्रति वर्ष प्रत्येक ग़रीब परिवार को 5.0 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने का दावा करती है। सरकारी दावों में लगभग 1.80 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) का लक्ष्य बताया गया है,जबकि वर्तमान में 1,68,044 आरोग्य मंदिर चलने का दावा किया जा रहा है। "आयुष्मान भव" अभियान के तहत 7.12 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड तथा 11.34 करोड़ आभा आईडी सृजित किए गए हैं। यह भी दावा है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 15.33 करोड़ से ज़्यादा लोगों ने लाभ प्राप्त किया है। सरकार ने अपने मासिक मंत्रिमंडल रिपोर्ट फ़रवरी 2024 में दावा किया है कि लगभग 3.5 लाख आयुष्मान मेले का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें टीबी, एचबीपी, मधुमेह, माउथ कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, मोतियाबिंद आदि से बचाव के लिए 29.54 करोड़ से भी ज़्यादा स्क्रीनिंग की गई। भारत सरकार का दावा है कि फ़रवरी 2024 में डिजिटल स्वास्थ्य पर वैश्विक पहल (जीआईडीएच) को भी शुरू किया गया है। यह भी दावा किया है कि 'टोगो' नामक महामारी की रोकथाम के लिए बिल गेट्स की संस्था 'गावी' के साथ मिलकर वैक्सीन वितरण की पहल या साझेदारी भी की जा सकती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

# सेहत पर भारी पड़ रहा है पैक्ड फूड



खान-पान
अर्चना कुमारी
लेखिका व स्वतंत्र पत्रकार

आधुनिक समय में लोगों की जीवनशैली काफी बदल चुकी है। लोग हेल्दी खाने से ज्यादा उसका स्वाद देखते हैं, जिसका नतीजा यह है कि आज अधिकांश व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त हैं। दरअसल, व्यस्त लाइफस्टाइल में इन दिनों पैक्ड फूड यानी जंक फूड पर हम ज्यादा निर्भर होते जा रहे हैं जो कि एक बेहद ही गंभीर मामला है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दशकों में प्रोसेस्ड फूड कैंसर जैसी महामारी का बड़ा कारण बन सकता है। बता दें, पैक्ड फूड को लंबे समय तक ठीक रखने के लिए कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। यह केमिकल बेहद ही खतरनाक होते हैं। जो हमारे शरीर पर कई तरह के हानिकारक प्रभाव डालते हैं। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिसीज स्टडी के आंकड़ों के मुताबिक, विश्व में 20 प्रतिशत मौतें खराब आहार के कारण होती हैं। जंक फूड को बनाने में बहुत ज्यादा तेल, फैट, शुगर, स्टार्च, नमक और प्रोटीन आदि का इस्तेमाल किया जाता है। इससे मोटापा और हृदय रोगों का खतरा बढ़ सकता है। कई स्टडी में यह बात सामने आ चुकी है कि फास्ट फूड में पाया जाने वाला ट्रांसफैट ब्लड में बैड कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ा देता है और गुड कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम कर देता है। इससे टाइप 2 डायबिटीज और हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ा देता है। नमक की ज्यादा मात्रा बढ़ने से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। फास्ट फूड में कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है जिसकी वजह से लोगों का वजन बढ़ जाता है और मोटापे का शिकार हो जाते हैं। इससे अस्थमा और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां होने का रिस्क बढ़ जाता है। यह भी सुझाव दिया गया है कि जंक फूड खाने से मस्तिष्क उसी तरह प्रभावित होता है, जैसे नशे की दवाओं का सेवन करने से। दुनिया भर में जंक फूड को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना गया है। ये गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) को जन्म देते हैं, विशेष रूप से गरीब देशों में कुपोषण और मोटापे के दोहरे बोझ के लिए जिम्मेदार हैं। खानपान के तमाम जानकारों, जीवन शैली के तमाम विशेषज्ञों और डॉक्टरों के लगातार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद पिछले कुछ वर्षों में जंक फूड हमारे ब्रंच, लंच या डिनर का अहम हिस्सा बन गया है। आजकल लोग पोषक भरी चीजे न खाकर स्वादिष्ट जंक फ़ूड ज्यादा खा रहे हैं। जिसमें शरीर के लिए जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स नहीं होते हैं। जिस वजह से उनके शरीर में आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स की अत्यधिक कमी हो जाती है जिसको पूरा करने के लिए उन्हें दवाइयों पर निर्भर होना पड़ता है। इतना ही नहीं, जरूरी पोषक तत्वों की कमी की वजह से वो गंभीर बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे परिवारों की संख्या भी कम नहीं है जो पूरी तरह से पैक्ड फूड या रेडी टू ईट फूड पर निर्भर हो चुके हैं। बता दें, दुनिया भर में भारत खाद्य मानकों का उल्लंघन करने वाला सबसे बड़ा देश है, ऐसा फूड सोर्स मॉनिटरिंग कंपनी फूड सेंट्री का कहना है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की रिपोर्ट कहती है कि एक दशक में आसानी से तैयार हो जाने वाले पैकेट बंद फूड के बाजार में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इनके खाने के फायदे कम और नुकसान ज्यादा हैं। विदेश से आये फास्ट फूड ने हमारे देश पर कब्जा कर लिया है। जबकि भारतीय खाने में इतने विभिन्न आयाम हैं कि बयान करना मुश्किल हो जाता है। तरह-तरह के पकवान भारत के लोगों के इतिहास और उनकी संस्कृति को परिदृश्य करते हैं। फिर भी हम फ़ास्ट फ़ूड के पीछे भाग रहे हैं।

# 'स्वस्थ भारत' संकल्प बने राष्ट्रीय अभियान



योजना
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक

देश में नॉन कम्युनिकेबल डिजीज (एनसीडी) के बढ़ते बोझ को देखते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 30 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी व्यक्तियों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गैर-संचारी रोगों तथा सामान्य कैंसर के लिए 100 प्रतिशत जांच करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया। इस अभियान के तहत ब्लड प्रेशर, मधुमेह या मुंह, स्तन या सर्विकल कैंसर जैसे गैर-संचारी रोगों की जांच होगी। इसके तहत देश के 89 करोड़ लोगों की शुगर से लेकर बीपी और कैंसर की जांच मुफ्त की जाएगी। यह अभियान 20 फरवरी से शुरू होकर 31 मार्च तक चलेगा। इसमें सरकारी अस्पताल, मोबाइल मेडिकल यूनिट और आशा कार्यकर्ताएं घर-घर जांच अभियान करेंगी।

## गैर-संक्रामक रोगों का प्रकोप

सरकार ने यह फैसला इसलिए लिया है कि पिछले कुछ सालों से देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस अभियान का उद्देश्य वास्तविक समय पर निगरानी करना है और साथ ही साथ एनसीडी से जुड़ी जटिलताओं को कम करना भी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की रिपोर्ट बताती है कि देश में 66 प्रतिशत मौतें गैर-संक्रामक बीमारियों के कारण हो रही हैं। हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और श्वसन रोग जैसी बीमारियां 30 साल से अधिक उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ रही हैं जो एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। इसलिए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बीमारियों की जल्दी पहचान करना, इलाज शुरू करना और गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं को रोकना है। भारत सरकार ने अपने अभियान में मुख्य रूप से तीन तरह के कैंसर जांच की बात की है। इसमें मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की बात कही गई है। सरकार ने पाया है कि तंबाकू के सेवन से मुंह के कैंसर के मरीज अधिक सामने आए हैं, जिनकी मृत्यु भी हुई है।

## फैल रहा सर्वाइकल कैंसर

वहीं महिलाओं में तेजी से स्तन कैंसर बढ़ रहा है। इसके अलावा पुरुष और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर भी तेजी से फैल रहा है। इसकी रोकथाम और सही समय पर इलाज के लिए सरकार ने जांच का फैसला किया है। इतना ही नहीं, हार्ट अटैक से मरने वाले लोगों के लिए हाई ब्लड प्रेशर सबसे बड़ा कारण है। कम उम्र में ही लोग हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे हैं। अधिक दबाव की वजह से वो अपना जीवन खो रहे हैं।

## खराब लाइफ स्टाइल कारण

भारत में 45 प्रतिशत लोग हर साल सिर्फ हार्ट अटैक से मर रहे है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एनसीडी सामूहिक रूप से दुनिया भर में हृदय रोग, स्ट्रोक, कैंसर, पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियों और मधुमेह समेत कुछ मौतों के 74 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं। गौरतलब है कि आजकल कम उम्र में ही लोग डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियों और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इन बीमारियों का एक बड़ा कारण खराब लाइफ स्टाइल है। ये सभी बीमारियां नॉन-




कम्युनिकेबल डिजीज यानी गैर-संचारी बीमारियां हैं। इनका मतलब है कि ये बीमारियां एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलतीं और इनका विकास अक्सर काफी समय लेता है।

## आहार संबंधी आदतों से बढ़े रोग

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि साल 1990 में इन बीमारियों से होने वाली मौतों का अनुपात 37.9 प्रतिशत था, जो 2016 में बढ़कर 61.8 प्रतिशत हो गया। आज के समय में भारत में 66 प्रतिशत से ज्यादा मौतें नॉन-कम्युनिकेबल बीमारियों के कारण हो रही हैं। इन बीमारियों में मुख्य रूप से दिल से जुड़ी बीमारियां, डायबिटीज, कैंसर और सांस से जुड़ी बीमारियां शामिल हैं। भारत में अधिकतर युवा आबादी है और ऐसा देखा गया है कि 30 से 40 साल की उम्र के युवा भी इस तरह की लाइफ स्टाइल डिजीज से काफी परेशान हैं। जीवनशैली में बदलाव, पर्यावरणीय कारक और आहार संबंधी आदतें इस महामारी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही हैं, जिससे न केवल बुजुर्ग बल्कि युवा भी प्रभावित हो रहे हैं। आज खाने में पैक्ड फूड को जिस तरह से तरजीह दी जा रही है, उसकी वजह से ये भी बीमारियां हो रही हैं। चिंता का विषय यह है कि भारत उन देशों में शामिल हो रहा है जहां कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हाल के अध्ययनों से भारत में कैंसर के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिली है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के अनुसार, देश में हर साल 1.3 मिलियन से अधिक नए कैंसर के मामले सामने आते हैं और अगले दशक में यह संख्या तेजी से बढ़ने की संभावना है। 2040 तक, भारत में कैंसर की घटनाओं के दोगुना होने का अनुमान है, जो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है। अगर देखा जाए तो सरकार की ये पहल स्वागत योग्य है, बशर्ते इसके पीछे छिपा हुआ कोई और एजेंडा ना हो।

गौरतलब है कि मोदी सरकार ने 'स्वस्थ भारत' की बात की, तो उसमें सिर्फ दवा, अस्पताल और डॉक्टर ही नहीं हैं, बल्कि प्राथमिकता यह है कि नागरिक बीमार ही ना हों। इसके लिए योग और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अगर कोई बीमार हो भी जाता है तो जांच और समयबद्ध उपचार की पूरी व्यवस्था है। मरीजों को मुफ्त दवा और इलाज की सुविधाएं आज बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## आयुष्मान भव अभियान लांच

देश के 50 करोड़ से अधिक लोगों को साल का पांच लाख रुपये का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना मुहैया करा रही है। मोदी सरकार का लक्ष्य यह है कि देश के हर कोने में रह रहे जन-जन तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही आयुष्मान भव अभियान लांच किया गया है। इस अभियान के तहत जन आरोग्य योजना को जन-जन तक ले जाने, हर किसी का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट आइडी बनाने और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं देने का लक्ष्य रखा गया है। कई तरह की बीमारियों की पहचान के लिए व्यापक स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था की गई है। इनमें टीबी, हाइपरटेंशन, सिकल सेल डिसीज यानी रक्त संबंधी विकार, मधुमेह आदि के लिए गांवों और शहरों में जांच अभियान चलाया जा रहा है। आयुष्मान भव योजना का मूल लक्ष्य देश के 6.45 लाख गांवों और 2.55 लाख ग्राम पंचायतों तक पहुंचने का है, ताकि लोगों के बीच इस योजना को लेकर जागरुकता आए और वे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। यह प्रतिबद्धता पीएम मोदी की 'स्वस्थ भारत' परिकल्पना का अंग है। मालूम हो, अच्छा स्वास्थ्य मानव प्रगति और समृद्धि की आधारशिला है। आने वाला भविष्य उन्हीं समाजों का होगा, जो स्वास्थ्य के क्षेत्र में पर्याप्त संसाधन लगाएंगे।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े सुधार की जरूरत



दो टूक
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार व जन स्वास्थ्य विश्लेषक

हाल में केंद्र सरकार की तरफ से जीवनशैली संबंधी स्वास्थ्य को लेकर दो अहम घोषणाएं हुई हैं। पहली, केंद्र सरकार देश में 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में बीपी (रक्तचाप), शुगर (मधुमेह) और कैंसर की राष्ट्रीय स्तर पर जांच कराने जा रही है। दूसरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटापा के खिलाफ देश में जागरूकता लाने का आह्वान किया है। इसके लिए सरकार की ओर से दस हस्तियों को अंबेस्डर बनाया गया है, जो देशवासियों में मोटापा से बचने के लिए जागरूकता फैलाएंगे। वर्ष 2022 तक देश को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया था, लेकिन सरकारी उदासीनता के चलते इस योजना ने दम तोड़ दिया। आज वर्ष 2025 में देश में कूड़ा व कचरा निस्तारण को लेकर मुकम्मल व्यवस्था नहीं बन सकी, तो क्या मोटापे के खिलाफ भी अभियान का ऐसा ही हश्र होने वाला है? पीएम ने ही जोर-शोर से फिट इंडिया अभियान शुरू किया था, यह अभियान आज कहां है? किसी को पता नहीं है। आज देश जीवनशैली संबंधी बीमारियों- उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, कैंसर, मोटापा (ओबेसिटी), थायराइड, कब्ज, टेंशन, डिप्रेशन के पीड़ितों के ज्वालामुखी पर बैठा हुआ है। करीब 19 करोड़ लोग शुगर, करीब 15 करोड़ लोग मोटापा, करीब 14 करोड़ लोग बीपी, करीब 9 करोड़ लोग कैंसर, करीब 12 करोड़ लोग टेंशन-डिप्रेशन, व करोड़ों लोग कंस्टिपेशन यानी कब्ज जैसी जीवनशैली संबंधी रोगों से सफर कर रहे हैं।

## बहुत सारी बाधाएं

इन रोगों के लिए सिडेंट्री रहन-सहन, अस्वास्थ्यकर खानपान और गलत दिनचर्या जिम्मेदार हैं। खास बात है कि इन रोगों को प्रचलित मॉडर्न मेडिसिन से क्योर नहीं किया जा सकता है। यह बात समस्त चिकित्सा जगत को पता है। पीड़ितों को आजीवन दवा खाने की सलाह दी जाती है। लेकिन हॉलिस्टिक हेल्थ एप्रोच से जीवनशैली, खानपान और दिनचर्या में बदलाव लाकर इन रोगों से छुटकारा पाया जा सकता है। इसलिए लाइफस्टाइल रिलेटेड इन बीमारियों से बचाव के लिए राष्ट्रीय अभियान की जरूरत है। जनस्वास्थ्य के प्रति सरकार की पहल स्वागत योग्य है, परंतु स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशिक्षित वर्कफोर्स से लेकर नीति व बजट तक में बहुत सारी बाधाएं हैं। कई बार सरकार की योजनाओं का प्रारूप ही तय नहीं होता है। स्वच्छ भारत, ओडीएफ, फिट इंडिया जैसे कार्यक्रम उदाहरण हैं। सरकार अपनी योजनाओं का सोशल ऑडिट भी नहीं करती है। डायबिटीज, बीपी व कैंसर जांच का उद्देश्य अगर फार्मा कंपनियों को मुफ्त में डाटा उपलब्ध भर कराना है, तो ऐसे अभियान का कोई नतीजा नहीं निकलेगा। इस जांच का उद्देश्य अगर सच में जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर नीति, उपचार व क्रियान्वयन की दिशा में कुछ किया जाना है, तो निश्चित रूप से इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

## प्रिवेंटिव स्वास्थ्य पर हो जोर

भारत में करीब 80 फीसदी रोग प्रिवेंटिव हैं, जिसके लिए अस्पताल या दवा की जरूरत नहीं है, केवल गाइडेंस, प्रिवेंटिव चिकित्सा से रोका या



ठीक किया जा सकता है। केवल 20 फीसदी रोग हैं, जिसके लिए असल में अस्पताल व दवाओं की जरूरत है। अगर सरकार योग-व्यायाम-ध्यान, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा समेत समस्त भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को प्रिवेंटिव हेल्थ कार्यक्रम से जोड़ेगी तो स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय खर्च को तर्कसंगत बनाया जा सकता है। प्रिवेंटिव हेल्थ को स्कूल शिक्षा कार्यक्रम से भी जोड़ने की आवश्यकता है। खानपान व जीवनशैली संबंधी विषयों को शैक्षिक पाठ्यक्रम का अहम हिस्सा बनाने की जरूरत है।

## स्वास्थ्य बजट जरूरत से कम

इस बार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट में स्वास्थ्य के लिए 99,858.56 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष से लगभग 11 प्रतिशत अधिक है। यह पिछले वित्त वर्ष के 89,974 करोड़ रुपये के बजट आवंटन से मामूली वृद्धि है। बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 1.19 लाख करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। इसमें आयुष, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के लिए राशि भी शामिल है। सरकार ने दवा उद्योग के लिए पीएलआई हेतु 2,445 करोड़ रुपये भी आवंटित किए हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) को ₹9,406 करोड़ का आवंटन मिला। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएमएबीएचआईएम) के लिए ₹4,200 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को ₹37,226.92 करोड़ व राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम को ₹79.6 करोड़ आवंटित किए गए। बजट में वित्त मंत्री ने जन स्वास्थ्य का जिक्र सात बार किया, जिसमें सुलभ, ऊंची गुणवत्ता वाली और किफायती स्वास्थ्य सेवा पर जोर दिया गया था। जो मुख्य कदम बताए गए उनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड से जोड़ना, एआई से चलने वाले स्वास्थ्य उत्कृष्टता केंद्र तथा चिकित्सा शिक्षा में 10,000 नई सीटें जोड़ना शामिल हैं। वास्तव में चिकित्सा शिक्षा में पांच साल के भीतर 75,000 सीटें जोड़ी जानी हैं। 200 डे केयर कैंसर सेंटर खोलने, 1 करोड़ गिग (अस्थायी रोजगार वाले) कर्मचारियों को पीएम-जय के दायरे में लाने और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र के साथ मिलकर 'हील इन इंडिया' जैसे कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके साथ ही 36 जीवनरक्षक औषधियों पर सीमा शुल्क में भी राहत की घोषणा की गई। छह अन्य जीवनरक्षक औषधियों पर 5 फीसदी की रियायती दर से शुल्क लगाने तथा रोगी सहायता कार्यक्रमों का विस्तार करने की बात भी कही गई है। भारत में जन स्वास्थ्य प्राथमिक रूप से राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में स्वास्थ्य व्यय को 2025 तक बढ़ाकर जीडीपी का 2.5 फीसदी करने की सिफारिश थी। लेकिन अभी बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटन जीडपी का एक फीसदी के करीब है, यानी बजट आवंटन लक्ष्य से बहुत पीछे है।

## हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत


देश में वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करने के लिए हेल्थ बजट जीडीपी का छह फीसदी होना चाहिए। इस क्षेत्र में नए रोजगार सृजन की क्षमता है। भारत के लिए बड़ा अवसर है, ऐसे में केंद्र व राज्य सरकार को मिलकर हेल्थ क्षेत्र को बेहतर बनाना चाहिए। इसे निजी क्षेत्र के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। सरकार को इस क्षेत्र को रेगुलेट करने के लिए इरडा, सेबी जैसे हेल्थ सेक्टर के लिए नियामक बनाना चाहिए। इसी के साथ सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम लाना चाहिए। बजट में अनेक ख़ामियां रह गई हैं। जनसांख्यिकीय संकट पर कोई बात नहीं की गई है। आवासीय चिकित्सक, एंबुलेटरी यानी अस्पताल तथा बुजुर्गों की देखभाल को लेकर कोई बात नहीं है।

# पहली बार साथ दिखेंगे सैफ अली

*रकुल प्रीत सिंह इन दिनों फिल्म 'मेरे हस्बैंड की बीवी' में नजर आ रही हैं, जिसका बॉक्स ऑफिस पर बुरा हश्र हुआ है। फिल्म टिकट खिड़की पर एक हफ्ते में ही दम तोड़ चुकी है। इसी बीच अब रकुल के हाथ फिल्म 'रेस 4' लग गई है, जिसके हीरो सैफ अली खान हैं।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले काफी समय से इसके लिए लीड हीरोइन की तलाश चल रही थी, जो अब रकुल पर आकर खत्म हुई है। इंडिया टुडे के मुताबिक, 'रेस 4' में रकुल की एंट्री हो चुकी है। रमेश और सैफ का पूरा ध्यान फिलहाल इसी प्रोजेक्ट पर लगा है। बताया जा रहा है कि रकुल इस थ्रिलर फ्रैंचाइजी से जुड़कर बेहद खुश हैं। फिल्म में रकुल का एक अलग अवतार दर्शकों के बीच आने वाला है। वह कई बड़े बजट की फिल्मों में काम कर चुकी हैं और अब वह 'रेस 4' में एक नई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। रकुल अब तक कई रोमांटिक कॉमेडी फिल्में कर चुकी हैं। यह पहला मौका है, जब वह किसी थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगी। जल्द ही फिल्म का आधिकारिक ऐलान हो सकता है। यह पहला मौका होगा, जब रकुल और सैफ किसी फिल्म में साथ नजर आएंगे। हालांकि, अभी यह साफ नीं हुआ है कि रकुल फिल्म में सैफ की जोड़ीदार होंगी या नहीं। इस साल की शुरुआत में रमेश तौरानी ने 'रेस 4' में सैफ की मौजूदगी की पुष्टि की थी। रकुल ने साल 2014 में 'यारियां' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'अय्यारी', अजय देवगन के साथ 'दे दे प्यार दे', 'थैंक गॉड', 'रनवे 34' और 'छतरीवाली' जैसी फिल्मों में बतौर लीड हीरोइन काम कर चुकी हैं। जल्द ही रकल अजय और आर माधवन के साथ फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में नजर आएंगी। ये फिल्म 14 नवंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## 'माई': बेटी की मौत का बदला लेने वाली कहानी को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं

# शबाना से पहले इन हीरोइनों ने उठाए हथियार, दिखा भयानक अवतार

*मुंबई। एक समय था, जब हीरोइनों की खूबसूरती और लटके-झटके फिल्मों की जान हुआ करते थे। हालांकि, अब तो हीरोइनें न सिर्फ पर्दे पर, बल्कि पर्दे के पीछे भी दमखम दिखा रही हैं। 28 फरवरी को शबाना आजमी की वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' रिलीज हो रही है। इसमें शबाना आजमी ड्रग्स की आपूर्ति करने वाली महिलाओं की सरगना बनी हुई हैं। आज हम आपको ऐसी सीरीज के बारे में बता रहे, जिनमें हीरोइनों का हटके और धाकड़ अवतार देखने को मिला।*



**'आर्या 3'** : सुष्मिता सेन के करियर की पहली वेब सीरीज 'आर्या' की जमकर तारीफ हुई है। इस सीरीज में सुष्मिता ने दमदार एक्शन किया है। जहां 'आर्या' और 'आर्या 2' में वह अपने बच्चों को बचाने के लिए भागती नजर आईं, वहीं 'आर्या 3' में उसने डटकर दुश्मनों का सामना किया। इसमें उसके गृहणी से व्यापारी बनने तक का सफर दिखाया गया। सुष्मिता ने माफिया क्वीन बनकर सबका दिल जीत लिया। जियो हॉटस्टार पर आप यह सीरीज देख सकते हैं।



**'माई'**: क्राइम-इनवेस्टिगेटिव- थ्रिलर वेब सीरीज 'माई' में साक्षी तनवर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसमें एक मां की अपनी बेटी के कातिल और कारण की खोज की कहानी दिखाई गई है और इसी क्रम में बात बदले तक पहुंच जाती है। अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए सीरीज की लीड अदाकारा साक्षी कैसे अपराध को अंजाम देती है, इसमें यही दिखाया गया है। बेटी की मौत का बदला लेने वाली इस भावुक कहानी को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।



**'दिल्ली क्राइम' और 'ह्यूमन'**: वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम' में डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी बनी शेफाली शाह ने अपने किरदार से सबके छक्के छुड़ा दिए थे। अब वह दिल्ली क्राइम सीजन 3 में अपनी धाक जमाएंगी। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर है। उधर शेफाली शाह का वेब सीरीज 'ह्यूमन' में एक अलग ही अवतार देखने को मिला था। दवाओं के मानव परीक्षण के अमानवीय कारोबार की झकझोरने वाली कहानी में शेफाली ने अपनी दमदार नकारात्मक भूमिका से दिल जीत लिया था। यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर है।



**'कार्टेल'**: एकता कपूर की 'कार्टेल' में सुप्रिया पाठक ने अपने हटके किरदार से होश उड़ा दिए थे। गैंगवार की इस रोचक कहानी में सुप्रिया रानी माई के किरदार में दिखीं, जो कम समय में धमाका कर गईं। यह एमएक्स प्लेयर और एएलटी बालाजी पर मौजूद है।

### 'सास-बहू और फ्लेमिंगो' और 'दहाड़'



डिज्नी+हॉटस्टार पर आई एक एक्शन क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एक सास के बनाए साम्राज्य को बेटे नहीं बल्कि बहू और बेटी संभाल रही हैं। ये सीरीज एक सास के बनाए साम्राज्य को बेटे नहीं, बल्कि बहू और बेटी संभाल रही हैं। सीरीज एक्शन, रोमांस, रोमांच और खूब सारे ड्रामे से भरपूर है। दूसरी ओर अमेजन प्राइम वीडियो पर आई 'दहाड़' में सोनाक्षी सिन्हा ने मंडावा के पुलसि थाने की SI अंजलभाटी का किरदार निभाकर खूब महफिल लूटी थी।

# कियारा ही नहीं, इन अभिनेत्रियों के घर भी जल्द गूंजेगी किलकारियां...

*मुंबई। जानी-मानी अदाकारा कियारा आडवाणी अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत करने जा रही हैं। उन्होंने एक प्यारे पोस्ट के साथ यह खुशखबरी अपने प्रशंसकों को दी है। कियारा और सिद्धार्थ ने साल 2023 में शादी की थी। अब शादी के 2 साल बाद उनके घर में किलकारियां गूंजने वाली हैं। हालांकि, इस समय सिर्फ कियारा ही नहीं, बल्कि कुछ और अभिनेत्रियां भी प्रेग्नेंट हैं।*



**अथिया शेट्टी** : सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी और क्रिकेटर केएल राहुल माता-पिता बनने के लिए तैयार हैं। दोनों ने पिछले साल नवंबर में यह ऐलान किया था। उन्होंने 8 नवंबर को सोशल मीडिया पर उन्होंने अपने प्रशंसकों को यह खुशखबरी दी थी। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, 'हमारा सुंदर आशीर्वाद जल्द ही आने वाला है। 2025।' बताया जा रहा है कि अथिया की डिलिवरी अप्रैल में होगी। राहुल और अथिया 23 जनवरी, 2023 में शादी के बंधन में बंधे थे।



**इलियाना डिक्रूज** : अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज और माइकल डोलन साल 2023 में पहली बार माता-पिता बने थे। अब इलियाना दूसरी बार मां बनने वाली हैं। उन्होंने इसी महीने की शुरुआत में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को बताया था कि वह प्रेग्नेंट हैं। इलियाना ने 2012 में अपनी पहली हिंदी फिल्म 'बर्फी' से ही बॉलीवुड में अपनी पहचान बना ली थी। अक्षय कुमार की 'रुस्तम', अजय देवगन की 'बादशाहो' और 'रेड' जैसी फिल्मों में भी उनकी तारीफ हुई थी।



**एमी जैक्सन** : बालीवुड फिल्मों में नजर आ चुकीं अभिनेत्री और विदेशी मॉडल एमी जैक्सन ने 25 अगस्त, 2024 को इटली में अपने बॉयफ्रेंड एड वेस्टविक से शादी की थी। उन्होंने पिछले साल नवंबर में बताया था कि वह मां बनने वाली हैं। बता दें कि एमी पहले ही एक 6 साल के बेटे एंड्रियास की मां हैं, जिसे उन्होंने साल 2019 में जन्म दिया था।



**सना खान** : पूर्व अभिनेत्री और 'बिग बॉस 6' से लोकप्रिय हुईं सना खान ने पिछले साल नवंबर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने पति मुफ्ती अनस सैय्यद के साथ अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के बारे में बताया था। उन्होंने अपने पोस्ट में भगवान का आभार जताया और कहा कि उनका 3 लोगों का परिवार 4 लोगों का होने वाला है।

# महाराष्ट्र में 'छावा' ने तोड़ा 'पुष्पा 2' की कमाई का रिकॉर्ड

*मुंबई। विक्की कौशल, रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म 'छावा' पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। महान छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित इस फिल्म को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। आए दिन यह कोई न कोई रिकॉर्ड तोड़ रही है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' को पछाड़ अब 'छावा' महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'छावा' का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। इस फिल्म में आशुतोष राणा, विनीत कुमार, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी जैसे सितारे भी हैं। दूसरे सप्ताह में भी महाराष्ट्र में 'छावा' की बादशाहत कायम है।*




*300 करोड़ रुपये के साथ यह राज्य में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसी के साथ इस फिल्म ने 'पुष्पा 2' को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें 250 करोड़ रुपये कमाए थे। एसएस राजामौली की फिल्म 'बाहुबली 2' 220 करोड़ रुपये के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत में 'छावा' का कारोबार तेजी से 400 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रहा है। देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में छावा' का भी खूब डंका बज रहा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 420.35 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। फिलहाल फिल्म का बॉक्स ऑफिस से हिलना मुश्किल लग रहा है। यह फिल्म 7 मार्च, 2025 से तेलुगु भाषा में रिलीज हो रही है।*




# एक्स अकाउंट हुआ हैक फैंस रहे सतर्क

**मुंबई।** बॉलीवुड गायिका श्रेया घोषाल का एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) हैक हो गया है। इसको लेकर उन्होंने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपने प्रशंसकों को सतर्क किया। श्रेया घोषाल ने कहा, हैलो फैंस और फ्रेंड्स, मेरा ट्विटर यानी एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। मैंने एक्स की टीम तक पहुंचने की पूरी कोशिश की, लेकिन मुझे सिर्फ कुछ ऑटो-जेनरेटेड रिस्पॉन्स मिले। मैं अपना खुद का एक्स अकाउंट डिलीट भी नहीं कर पा रही हूं। 13 फरवरी से मैं इसमें लॉग इन भी नहीं कर सकी। इसलिए मैं आप सभी को सचेत कर रही हूं, कृपया मेरे अकाउंट या किसी अन्य लिंक पर क्लिक न करें और वहां से आने वाले किसी भी मैसेज को मेरा समझकर भरोसा न करें। वे सभी स्पैम और फर्जी लिंक हैं।

# नागा चैतन्य की फिल्म 'थंडेल' अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार

**मुंबई।** नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म 'थंडेल' को 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसमें दोनों की अदाकारी की खूब तारीफ हुई थी। दोनों की केमिस्ट्री ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने 64.05 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। अब 'थंडेल' अपनी ओटीटी ओटीटी रिलीज को तैयार है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। 'थंडेल' के ओटीटी राइट्स नेटफ्लिक्स ने खरीद लिए हैं। फिल्म का प्रीमियर होली के खास मौके पर यानी 14 मार्च, 2025 से प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। इस फिल्म को आप तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी भाषा में देख पाएंगे।





# बेटी के पहली बार मां बनने की दी खबर

**मुंबई।** बॉलीवुड में अब नायिकाओं के मां बनने का समय चल रहा है। कल ही कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के पहले बच्चे के जन्म की घोषणा हुई थी, और अब खबर आ रही है कि सुनील शेट्टी की बेटी, बॉलीवुड अभिनेत्री आथिया शेट्टी, भी जल्द ही मां बनने वाली हैं। आथिया शेट्टी ने 23 जनवरी 2023 को भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल से प्यार के बाद शादी की थी। इस समय लोकेश राहुल चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के लिए दुबई में हैं। शादी को अब डेढ़ साल हो चुका है, और इसी बीच आथिया शेट्टी के पिता, बॉलीवुड अभिनेता सुनील ने अपनी बेटी के पहले बच्चे के जन्म की खबर साझा की है। सुनील शेट्टी ने बताया, इस साल आईपीएल मैच के दौरान आथिया मां बनने वाली हैं। इस साल आईपीएल 22 मार्च से शुरू होकर 25 मई तक चलेगा।

## टीवी मसाला

# ऋतिक की बर्थडे पार्टी में मीका ने शाहरुख को 50 लाख की डायमंड रिंग गिफ्ट की...

**मुंबई।** शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान पंजाबी होने की वजह से या किसी और कारण से, यह तो पता नहीं, लेकिन शाहरुख और गौरी दोनों पंजाबी सिंगर मीका सिंह को बहुत पसंद करते हैं। वहीं, मीका सिंह फिल्म इंडस्ट्री के तीन लोगों को अपना आइकन मानते हैं-शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन और गुरदास मान। कई सालों से मीका सिंह के मन में था कि वह इन तीनों के लिए कुछ खास करना चाहते हैं। और इसी सोच के चलते, कुछ साल पहले ऋतिक रोशन की बर्थडे पार्टी में जब मीका की शाहरुख खान से पहली बार मुलाकात हुई, तब उन्होंने शाहरुख को 50 लाख रुपए की डायमंड रिंग गिफ्ट कर दी। यह बात मीका सिंह ने अब जाकर खुद शेयर की है। उस रात मुंबई में ऋतिक रोशन की बर्थडे पार्टी सुबह 5 बजे तक चली थी। जब पार्टी खत्म हुई और मीका, शाहरुख और गौरी बाहर निकले, तो शाहरुख ने मीका से कहा, मीका, आज हम तुम्हारी गाड़ी में बैठकर घर चलेंगे। बात तय होते ही, शाहरुख, गौरी, ऋतिक और मीका सब गाड़ी में बैठ गए। शाहरुख ने कहा, आज ड्राइविंग मैं करूंगा। तभी रणवीर सिंह भी उनके पीछे-पीछे आ गए और बोले, मैं भी इस गाड़ी में जाऊंगा। लेकिन जब गाड़ी में सीट नहीं बची, तो रणवीर ने पीछे की डिक्की खोली और स्टोरेज वाले हिस्से में बैठ गए। इसके बाद सभी ने खूब मस्ती की और फिर जो-जो जहां रहता था, वहां उतरते गए। सबसे आखिर में शाहरुख अपने घर पहुंचे। इस दौरान शाहरुख को मीका की गाड़ी बहुत पसंद आई। इतना कि कुछ दिनों बाद उन्होंने शूटिंग सेट पर मीका से वह गाड़ी मांगी और लगभग तीन महीने तक अपने पास रखी और खुद चलाते रहे।



### अपने प्यार और सम्मान के लिए

हाल ही में मुंबई में मीका सिंह ने इस किस्से को शेयर करते हुए बताया, मुझे हमेशा लगता था कि मुझे फिल्म इंडस्ट्री के तीन लोगों के लिए कुछ करना चाहिए शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन और गुरदास मान। इसलिए, मैंने अमिताभ बच्चन को भी 50 लाख की डायमंड रिंग गिफ्ट की, सिर्फ अपने प्यार और सम्मान के तौर पर।

# लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थियेटर में


**नई दिल्ली।** फिल्मी दुनिया के सबसे बड़े पुरस्कार समारोह ऑस्कर को लेकर दुनियाभर के दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्साह है। ऑस्कर का आयोजन लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में किया गया है, जो 2 मार्च को होगा। आइए जानते हैं भारत में यह कार्यक्रम आप कहां और कब देख सकते हैं। ऑस्कर के 97वें संस्करण 2 मार्च को शाम 7 बजे लॉस एंजिलिस में शुरू किया जाएगा। अमेरिका में इसका सीधा प्रसारण एबीसी चैनल पर किया जाएगा। भारत में इस अवॉर्ड समारोह का लाइव प्रसारण 3 मार्च को सुबह 5:30 बजे से जियो हॉटस्टार पर किया जाएगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने खुद इसकी पुष्टि की है। इस भव्य समारोह की मेजबानी कॉनन ओ'ब्रायन करेंगे। वह एक अमेरिकी हास्य अभिनेता, टेलीविजन होस्ट, लेखक और निर्माता हैं।



# अभी भी जिंदा है ये एक्ट्रेस, फैल गई थी मौत की झूठी खबर...

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में फेसबुक पर एक खबर खूब वायरल हुई थी, जिसमें ये दावा किया जा रहा था कि मशहूर कंट्री सिंगर और एक्ट्रेस रेबा मैकएंटायर का निधन हो गया। इस खबर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया था, '15 मिनट पहले परिवार ने दी दुखद खबर'। इस खबर के फैलने के बाद फैंस के बीच दुख की लहर दौड़ गई थी, हालांकि, बाद ये खबर बिल्कुल झूठ निकली। रेबा पूरी तरह स्वस्थ हैं और सोशल मीडिया पर लगातार अपने नए प्रोजेक्ट्स की जानकारी दे रही हैं। हालांकि, ये कोई पहला मौका नहीं है जब उनके निधन की झूठी खबरें फैलाई गई है। इससे पहले भी 26 फरवरी, 2025 को इस वेबसाइट ने उनकी मौत का झूठा दावा किया था। अमेरिकन इंफो ने दावा किया कि रेबा 1991 में एक प्लेन क्रैश में मारी गई थीं। असलियत ये है कि उस हादसे में रेबा के 7 बैंड सदस्यों और टूर मैनेजर की मौत हुई थी। लेकिन रेबा खुद उस विमान में सवार नहीं थीं। उनके बैंड के सदस्य अगले शो के लिए आगे चले गए थे, लेकिन उनकी फ्लाइट दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ये हादसा रेबा के जीवन का बेहद दर्दनाक पल था। उन्होंने अपने पुराने बैंड साथियों की तस्वीरें भी साझा कीं और बताया कि ये हादसा उनके लिए कितना दुखद था। रेबा अपने उन साथियों को आज तक नहीं भूली हैं वो उनकी यादों में बसे हैं। फिलहाल, रेबा अपने नए प्रोजेक्ट में बिजी हैं।





## जैकेट के शेष

### बैकुंठपुर में यही ....

स्रोतों या दूर-दराज के हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता है। अधूरे कार्य, ठेकेदारों को हो गया भुगतान, नहीं पहुंचा पानी काम का निरीक्षण किया जाएगा कोटा ब्लॉक में बने ज्यातदातर ओवरहेड टैंक में अरपा भैंसाझार से पानी आना है, लेकिन अभी पूरा काम नहीं हो सका है। इसमें करीब 6 माह का समय लग सकता है। फिर भी गांव में हुए कामों का निरीक्षण कराया जाएगा। -अरूण भार्गव एसडीओ, पीएचई

### राजनांदगांव के सात गांव ...

की पेयजल समस्या को दूर करने के लिए हर घर नल एवं पाइप लाइन का विस्तार किया जा चुका है। तथा लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण का कार्य जारी है। बोर की क्षमता के मुताबिक अतिरिक्त पाइप डाल कर मशीन को नीचे उतारा जा चुका है। फिर भी जल अता पता नहीं है।

**ग्रीष्म ऋतु शुरू होने से पहले जल स्रोत गिरा** : -ग्रीष्म ऋतु शुरू होने से पहले ही जल स्रोत में आई कमी के चलते यहां के ग्रामीणों को पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ जाने के बाद इनकी समस्या और भी गंभीर हो जायेगा। ग्रामीणों का कहना है कि योजना का लाखों रुपये खर्च कर पेयजल आपूर्ति कराने का कार्य किया जा रहा है। तो बोर एवं निर्माण कार्य भी ऐसे स्थान पर किया जाना था जहां पर जल का स्रोत बेहतर हो और बिना किसी रूकावट के ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति हो सके।

### बिना पानी टंकी...

काम पूरा कर दिया है। अब जल स्रोत के संबंध में पीएचई विभाग को काम करना है। राज्य सरकार ने मिशन के तहत ऐसे 1660 ग्रामों की सूची जारी की है, जहां पर जल जीवन मिशन के तहत काम पूरा किया जा चुका है, लेकिन इन ग्रामों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। यहां काम कराए जाने के पहले इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण एजेंसियों ने अपना काम पूरा कर ग्राम सभा से अनुमादन ले लिया है। अधिकारियों ने बताया कि हर स्कीम में स्रोत आइडेंटिटिफ़ाई था। अप्रैल 2023 में हैंडपंप का टेंडर हुआ, वहां पर पानी की खोज के लिए बोरवेल खोदे गए, लेकिन पानी नहीं मिला।

**ऐसे क्षेत्रों के लिए नया प्लान** : बताया जाता है कि पीएचई विभाग ने इस मसले को हल करने का भी प्लान तैयार किया है। छत्तीसगढ़ राज्य के ऐसे इलाके जहां भू-जल स्तर की स्थिति अच्छी नहीं है, उन इलाकों में ग्राउंड वाटर रीचार्जिंग के स्ट्रक्चर और सस्टनेबल ग्राउंड सोर्स का चिन्हांकन किया जाएगा, ताकि उन इलाकों में भू-जल संवर्धन के साथ पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर किया जा सके। वहीं जिन गांवों में भू-जल या तो पूरी तरह से खारा हो गया है या पानी में भारी तत्वों की मौजूदगी मिलने के अलावा कुछ गांवों में भू-जल स्तर खतरे के निशान से भी नीचे चला गया है, वहां पर पानी जल जीवन मिशन के तहत मल्टी विलेज स्कीम लागू करने की मंजूरी दी गई।

**ऐसे क्षेत्रों के लिए नया प्लान** : बताया जाता है कि पीएचई विभाग ने इस मसले को हल करने का भी प्लान तैयार किया है। छत्तीसगढ़ राज्य के ऐसे इलाके जहां भू-जल स्तर की स्थिति अच्छी नहीं है, उन इलाकों में ग्राउंड वाटर रीचार्जिंग के स्ट्रक्चर और सस्टनेबल ग्राउंड सोर्स का चिन्हांकन किया जाएगा, ताकि उन इलाकों में भू-जल संवर्धन के साथ पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को बेहतर किया जा सके। वहीं जिन गांवों में भू-जल या तो पूरी तरह से खारा हो गया है या पानी में भारी तत्वों की मौजूदगी मिलने के अलावा कुछ गांवों में भू-जल स्तर खतरे के निशान से भी नीचे चला गया है, वहां पर पानी जल जीवन मिशन के तहत मल्टी विलेज स्कीम लागू करने की मंजूरी दी गई।

### इन जिलों में ....

ग्रामों में जल स्रोत नहीं मिलने के कारण जल जीवन मिशन का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

### केक काटने पर ....

ने घटना के बाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सहित दस लोगों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया था। उसी तरह का वीडियो महापौर मीनल चौबे के बेटे का भी हुआ। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक मुद्दा बना दिया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। मेयर के बेटे सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। सभी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया। पुलिस ने मेयर के बेटे मेहुल, पिंटू चंदेल, मनोज गौतम तथा दो अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने केक काटे जाने के मामले में अन्य 10 लोगों को भी आरोपी बनाया है।

### एक दिन पूर्व ....

अपील की कि सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें। बीच सड़क पर जन्मदिन मनाने वालों को हिदायत दी है, कि ऐसा कोई काम न करें जो उनको और उनके परिवार के लिए कष्ट का कारण बने। एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने जानकारी दी कि, सड़कों पर जन्मदिन या पारिवारिक आयोजन किए जाने से सड़क जाम होती है। इस तरह की घटना अपराध की श्रेणी में आती है। इस तरह के मामले में गिरफ्तारी के साथ 1 माह की सजा, 5 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा।

### मेयर ने मांगी ...

से अवगत करा दिया गया है। मेयर ने कहा कि मैं जनता की सेवा के लिए काम करने आई हूं, मेरे से या मेरे परिवारजनो से कोई तकलीफ हुई है तो मैं क्षमा मांगती हूं।

### धमतरी में भी ....

की, ताकि उन्हें आराम मिले। निगम कार्यालय के सामने भाजपा नेता महेंद्र पंडित की अगुवाई में महापौर को भाजपाइयों ने अनाज से तौला एवं मंत्रोचारण के बीच भगवा पगड़ी पहनाई।

### लाभ के लिए ...

पीठ राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) के एक आदेश के खिलाफ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी। एनसीडीआरसी ने बैंक को निर्देश दिया था कि वह क्रेडिट इंफॉर्मेशन ब्यूरो ऑफ इंडिया लिमिटेड (सिबिल) को उधारकर्ता को चूककर्ता के रूप में कथित रूप से गलत रिपोर्ट करने के लिए एड ब्यूरो एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड को मुकदमेबाजी लागत के साथ 75 लाख रुपये का मुआवजा दे। इस मामले में, केंद्रीय बैंक ने रजनीकांत अभिनीत 'कोचडयान' के पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए एड ब्यूरो को 10 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया था। ब्यूरो द्वारा भुगतान में चूक के बाद, ऋण वसूली न्यायाधिकरण के समक्ष मुकदमा शुरू किया गया और 3.56 करोड़ रुपये के एकमुश्त भुगतान द्वारा मामले को अंतिम रूप दिया गया। एड ब्यूरो ने तर्क दिया कि एकमुश्त निपटान के अनुसार राशि का भुगतान करने के बावजूद, बैंक ने उसे सिबिल के लिए चूककर्ता के रूप में चिह्नित किया, जिसके परिणामस्वरूप उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा और व्यावसायिक नुकसान हुआ। इसके बाद कंपनी ने बैंक की ओर से सेवा में कमी का आरोप लगाते हुए एनसीडीआरसी से संपर्क किया। एनसीडीआरसी ने एड ब्यूरो की याचिका (उपभोक्ता शिकायत) को स्वीकार कर लिया और बैंक को 75 लाख रुपए का मुआवजा देने तथा यह प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश दिया कि ऋण का निपटारा हो गया है तथा कोई बकाया नहीं बचा है।

### कोर्ट की ऐसी ....

महत्वपूर्ण है कि इस मामले में प्रतिवादी संख्या एक को 'उपभोक्ता' नहीं कहा जा सकता, क्योंकि संबंधित लेनदेन, यानी परियोजना ऋण प्राप्त करने का लाभ कमाने वाली गतिविधि से घनिष्ठ संबंध था। वास्तव में, इस ऋण को स्वीकृत करने का प्रमुख उद्देश्य 'कोचडयान' नामक फिल्म के सफल पोस्ट-प्रोडक्शन पर लाभ कमाना था।

## पेज एक के शेष

### रायपुर जिले का हाल...

15 किलोमीटर दूर बिरगांव निगम क्षेत्र के सरोरा और अछोली में पढ़ने वाले मजदूर वर्ग के बेटे-बेटियों को शिक्षा का मंदिर कहलाने वाले स्कूलों में पानी व टॉयलेट की सुविधा भी नहीं मिल रही है। इस वजह से पढ़ने आने वाले बच्चों को टॉयलेट के लिए सुलभ शौचालय में पैसा देना पड़ रहा है। यह खुलासा हरिभूमि टीम द्वारा की गई पड़ताल में हुआ है। **स्कूलों के यूरिनल में गंदगी** : पड़ताल में सरोरा- अछोली के प्राथमिक शाला में सुविधा और अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। यूरिनल में गंदगी के चलते बच्चे उपयोग करने से बचते हैं। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि स्कूल कैंपस में जहां जा सकते हैं, वहां दूर से आने वाले बच्चे जाते हैं। स्कूल के आसपास जिनका घर है, वे छुट्टी लेकर घर के टॉयलेट का उपयोग करते हैं।

### हम देखने गए...

ने इसे अपना घर बना लिया, और बाकी जगह पर गाय-भैंसों ने डेरा जमा लिया। मामला उजागर होते ही शिक्षा विभाग में हलचल मच गई। जानकारी मिलने के बाद जांच के आदेश दे दिए गए हैं। संकुल समन्वयक से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### डोनाल्ड ट्रंप और...

इधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 'ओवल ऑफिस' में हुई तीखी बहस के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के 'व्हाइट हाउस' से बाहर निकलते ही यूक्रेन के लोग जेलेंस्की के समर्थन में आ गए और उन्हें देश के हितों का रक्षक करार दिया।

### गुण्डराजगुड़ेम मुठभेड़ में मार...

अभियान के लिए रवाना हुई थी। अभियान के दौरान 1 मार्च की सुबह लगभग 9 बजे से गुण्डराजगुडेम के जंगल क्षेत्र में डीआरजी टीम एवं सशस्त्र माओवादियों के बीच रुक-रुककर कई बार कर मुठभेड़ हुई।

### कई नक्सलियों के मारे...

आत्मसमर्पण करने के अलावा और कोई विकल्प नही बचा है। इसलिए माओवादी संगठन से अपील है कि वे तत्काल हिंसात्मक गतिविधियों को छोड़कर समाज की मुख्य धारा में जुड़े अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहे।

### 60 दिन में 67 हार्डकोर...

अनुसार और जनता की इच्छा के अनुसार पुलिस मुख्यालय के मार्गदर्शन में बस्तर रेंज में तैनात डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीएएफ व बस्तर फाइटर व अन्य सुरक्षाबलों के जवानों द्वारा मजबूत मनोबल व स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने प्रदेश के...

की तरह इस्तेमाल कर रही है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंचकर कांग्रेस महामंत्री को समन और जानकारी देने जाने पर 8 घंटे तक पूछताछ के मामले का कड़ा विरोध करते हुए प्रदेश के सभी जिलों में पुतला फूंका। कांग्रेसियों ने कहा, ईडी भाजपा के इशारे पर विपक्ष को दबाने का षड़यंत्र कर रही है। ईडी भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। ईडी को राजनैतिक दल के कार्यक्रमों के खर्चों एवं पार्टी दफ्तर के निर्माण का ब्योरा जानना है, तो सिर्फ कांग्रेस का ही क्यों, वह भाजपा के भी खर्चों की पड़ताल करे? शनिवार को प्रदेशभर में ईडी का पुतला फूंक कर विरोध जताया गया। रायपुर, बिलासपुर, बस्तर, बलौदाबाजार, गरियाबंद, महासमुंद, धमतरी, दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, बेमेतरा, राजनांदगांव शहर, राजनांदगांव ग्रामीण, कवर्धा, जगदलपुर शहर, सुकमा, नारायणपुर, कोण्डगांव, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, कोरबा शहर, कोरबा ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ शहर, रायगढ़ ग्रामीण, जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, कोरिया में ईडी का पुतला फूंका गया।

**ईडी कार्यालय का घेराव कल** : प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला स्तरीय प्रदर्शन के बाद 3 मार्च को दोपहर 12 बजे राजधानी के सुभाष स्टेडियम स्थित ईडी दफ्तर का घेराव करेगी।

### साय ने दिया उद्योगपतियों...

महती योजना रैंप का प्रदेश में शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 9 लाभार्थियों को 2 करोड़ 21 लाख से अधिक, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य संस्करण योजना के तहत 3 लाभार्थियों को 55 लाख से अधिक तथा राज्य में निवेश करने वाले 16 निवेशकों को इनविटेशन टू इन्वेस्ट पत्र वितरित किया।

**कैपिटल एक्सपेंडिचर को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे** : मुख्यमंत्री ने एआई, आईटी, डाटा सेंटर, रोबोटिक्स जैसी नई संभावनाओं के साथ ही फार्मास्युटिकल, रेडीमेड गारमेंट सेक्टर में निवेश के लिए नई औद्योगिक नीति में विशेष प्रोत्साहन दिए जाने की जानकारी दी।

**उद्योगों को अनुदान राशि दी जाएगी** : उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा, पिछले 6 वर्षों से जिन उद्योगों को अनुदान की राशि नहीं मिली, उनकी राशि जल्द जारी की जाएगी। सरकार 489 करोड़ रुपए 1049 लघु और बड़े उद्योगों को भुगतान करेगी।


### प्रदेश में 7 नए...

हमने काफी आसान कर दी है, जिससे प्रदेश में निवेश आकर्षित हो रहे हैं। श्री साय ने बताया कि हमारी सरकार उद्योग जगत की सुविधा के लिए नये औद्योगिक पार्क स्थापित कर रही है। इनके तैयार होने के बाद यहां तेजी से निवेशक अपने उद्योग लगा सकेंगे। प्रदेश सरकार ने 7 नये लघु औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की है तथा 4 बड़े औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना प्रक्रियाधीन है। बस्तर के नगरनार स्टील प्लांट की स्थापना के चलते सहायक ईकाइयों के लिए बड़ी संभावनाएं बनती हैं। इन्हें स्थान देने के लिए नगरनार के पास नियानार में 118 एकड़ भूमि में नये औद्योगिक पार्क की स्थापना की उन्होंने जानकारी भी दी।

### जशपुर में पानी से...

की मंजूरी राज्य सरकार से ले चुकी ळै। इसे लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। इसका टेंडर भी हो गया है। इसी के साथ पानी से जो 7700 मेगावाट बिजली बनाने की योजना है, उसमें से एक योजना में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले में हैं जहां 35 सौ मेगावाट बिजली बनाने की योजना प्रारंभ होगी। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 मेगावाट के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र लगाने की तैयारी है। इसे लेकर उत्पादन कंपनी की तैयारी अंतिम चरण में है।

## शब्द पहेली - 5794



**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

**शब्द पहेली -5793 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5804

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SEVACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5803 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** — मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** — क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

**मीन** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।


छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
www.cghb.gov.in
व्यावसायिक दुकान, हॉल, कार्यालय भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
भवनों के लागत मूल्य में 10% तक छूट


श्री विष्णुदेव साय
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

ONLINE BOOKING → BOOK PROPERTY ONLINE
बुकिंग राशि मात्र 5%

**बिलासपुर, दीनदयाल आवास योजना, बहतराई**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. 02 से 04 (भू तल) | 03 | 109.75 | 2.05 | 1.85 |
| 2. | दुकान क्र. 5 से 7 (भू तल) | 03 | 82.63 | 1.55 | 1.41 |
| 3. | हॉल नं. 01 (प्रथम तल) | 01 | 525.95 | 9.10 | 8.26 |
| 4. | हॉल नं. 02 (प्रथम तल) | 01 | 392.53 | 6.76 | 6.19 |
| 5. | हॉल नं. 03 (द्वितीय तल) | 01 | 346.90 | 5.85 | 5.35 |
| 6. | हॉल नं. 04 (द्वितीय तल) | 01 | 258.24 | 4.35 | 3.98 |

सम्पर्क करें : 7587231214, 8103002219, 9993361859, 7000508808, 8103618401, 8269571504

**बिलासपुर, सामान्य आवास योजना, खमतराई**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. 01 भूतल | 01 | 92.64 | 4.93 | 4.47 |
| 2. | हॉल क्र. 101 प्रथम तल | 01 | 701.00 | 11.37 | 10.23 |
| 3. | हॉल क्र. 201 द्वितीय तल | 01 | 701.00 | 9.26 | 8.34 |

सम्पर्क करें : 7587231214, 8103002219, 9993361859, 7000508808, 8103618401, 8269571504

**बिलासपुर, कुशाभाऊ ठाकरे, मंगला**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हॉल नं. 01 (प्रथम तल) | 01 | 1372.32 | 26.30 | 23.97 |
| 2. | हॉल नं. 02 (प्रथम तल) | 01 | 678.41 | 12.85 | 11.69 |
| 3. | हॉल नं. 03 (प्रथम तल) | 01 | 688.85 | 13.10 | 11.89 |
| 4. | हॉल नं. 01 (द्वितीय तल) | 01 | 1372.32 | 25.10 | 22.81 |
| 5. | हॉल नं. 02 (द्वितीय तल) | 01 | 678.41 | 12.20 | 11.11 |
| 6. | हॉल नं. 03 (द्वितीय तल) | 01 | 688.85 | 12.40 | 11.27 |

सम्पर्क करें : 7587231214, 8103002219, 9993361859, 7000508808, 8103618401, 8269571504

**बिलासपुर, दीनदयाल आवास योजना, मंगला**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान (भू तल) क्र. 2से4,10,11,13,15 | 07 | 132.35 से 161.40 | 8.89 से 10.82 | 8.02 से 9.77 |
| 2. | हॉल नं. 01 (प्रथम तल) | 01 | 2616.83 | 68.18 | 61.82 |
| 3. | हॉल नं. 02 (प्रथम तल) | 01 | 728.25 | 18.99 | 17.22 |
| 4. | हॉल नं. 01 (द्वितीय तल) | 01 | 2836.98 | 63.43 | 57.55 |
| 5. | हॉल नं. 02 (द्वितीय तल) | 01 | 728.24 | 16.35 | 14.84 |

सम्पर्क करें : 7587231214, 8103002219, 9993361859, 7000508808, 8103618401, 8269571504

**बिलासपुर, अभिलाषा परिसर, तिफरा**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान (भू-तल) क्र. 13 | 01 | 65.10 | 5.45 | 4.94 |
| 2. | दुकान (भू-तल) क्र. 14 | 01 | 62.48 | 5.24 | 4.75 |
| 3. | दुकान (भू-तल) क्र. 16 | 01 | 81.35 | 6.75 | 6.11 |
| 4. | दुकान (भू-तल) क्र. 17 | 01 | 62.62 | 5.25 | 4.76 |
| 5. | दुकान (भू-तल) क्र. 18 | 01 | 65.74 | 5.50 | 4.98 |

सम्पर्क करें : 7587231214, 8103002219, 9993361859, 7000508808, 8103618401, 8269571504

**रायगढ़, अटल आवास, पुसौर**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. 2 से 6, 8 से 10 | 08 | 116.21 | 3.04 | 2.76 |

सम्पर्क करें : 07762-356230, 8349236080, 6263833066, 9174908523, 9179032800, 9826155222

**रायगढ़, अटल आवास, घरघोड़ा**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. 1 से 13 | 13 | 116.21 | 3.23 | 2.92 |

सम्पर्क करें : 07762-356230, 8349236080, 6263833066, 9174908523, 9179032800, 9826155222

**रायगढ़, अटल आवास, धरमजयगढ़**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. 4,6,7, 9 से 13 | 08 | 116.21 | 2.90 | 2.62 |

सम्पर्क करें : 07762-356230, 8349236080, 6263833066, 9174908523, 9179032800, 9826155222

**रायगढ़, सामान्य आवास योजना, कौहाकुण्डा**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. 1 से 3, 5 से 7 | 06 | 129.12 | 10.01 | 9.02 |
| 2. | हॉल क्र. 4 | 01 | 236.72 | 15.18 | 13.71 |

सम्पर्क करें : 07762-356230, 8349236080, 6263833066, 9174908523, 9179032800, 9826155222

**रायगढ़, बैजनाथ, मोदी नगर**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र. 1 से 5, 7 | 06 | 116.21 | 8.91 | 8.05 |

सम्पर्क करें : 07762-356230, 8349236080, 6263833066, 9174908523, 9179032800, 9826155222

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

नियम एवं शर्तें : पंजीयन/धरोहर राशि भवन मूल्य की 5% अग्रिम देय होगी। भवनों का विक्रय जहाँ है जैसा है स्थिति में किया जावेगा। विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु संबंधित संभाग/संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र कार्यालय, सूचना केन्द्र, शंकर नगर, रायपुर एवं सूचना केन्द्र, पर्यावरण भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर कार्यालय में सम्पर्क करें या विजीट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in पर। BOOK PROPERTY ONLINE

सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास

टोल फ्री नं. : 1800 121 6313

# कुल्लू में 112 सड़कें अवरुद्ध, बिजली पानी और दूरसंचार सेवाएं बाधित

एजेंसी ▶▶| शिमला



हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश और हिमपात के कारण भूस्खलन और सड़कें अवरुद्ध होने से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। कांगड़ा जिले के रोकारू (मुल्थान) में लगातार बारिश और बादल फटने से हुए भूस्खलन के कारण कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और 12 मकान खतरे में पड़ गए।

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज ने बताया कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है और पुनर्निर्माण कार्य जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पालमपुर में शिवा जलविद्युत परियोजना के निकट एक व्यक्ति लापता हो गया और उसकी तलाश के लिए अभियान शुरू किया गया है। भारी हिमपात के कारण चंबा में पांगी घाटी का संपर्क टूट गया है।

# हमास ने आधिकारिक तौर पर कर दिया बातचीत 'फेल' होने का ऐलान

- इजराइल-हमास के बीच दूसरे चरण का सीजफायर
- इधर, हूती ने दी जंग की धमकी

एजेंसी ▶▶| तेलअवीव

इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम की बातचीत फेल होती नजर आ रही है। दोनों के बीच युद्धविराम के दूसरे चरण को लेकर बातचीत होनी थी, लेकिन इसी बीच हमास ने आधिकारिक तौर पर बातचीत फेल होने की घोषणा कर दी है। गाजा को लेकर समझौते के दूसरे चरण पर बातचीत शुरू नहीं होने की जिम्मेदारी प्रवक्ता हाजेम कासिम ने ली है। समूह के प्रवक्ता हाजेम कासिम ने अल-अरबी टीवी को इस सिलसिले में यह भी बताया कि समूह के साथ गाजा में दूसरे युद्धविराम चरण के



लिए कोई मौजूदा बातचीत नहीं हुई है। इसी बीच हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती ने इजराइल को युद्ध की धमकी दी है। उन्होंने ऐलान किया है कि अगर गाजा में युद्ध फिर से शुरू हुआ तो हम सैन्य रूप से हस्तक्षेप करेंगे।

### युद्धविराम के दूसरे चरण का मकसद

*गाजा और इजराइल में पिछले लंबे समय से युद्ध चल रहा था। युद्धविराम के पहले चरण की बातचीत की गई। इजराइल और हमास दोनों तरफ से बंदियों और कैदियों की रिहाई की गई। इसी के बाद अब फर्स्ट फेज के खत्म हो जाने के बाद सभी की निगाह दूसरे चरण के युद्धविराम की बातचीत पर टिकी थी. युद्धविराम के दूसरे चरण की बातचीत का मकसद गाजा में लड़ाई को समाप्त करना था। साथ ही युद्ध के दौरान जिन लोगों को बंदी बनाया गया था या कैदी बनाया गया था उन सभी को रिहा किया जाना था।*

# कृषि क्षेत्र का विकास और गांवों की समृद्धि हमारे दो बड़े लक्ष्यः मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



- प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि के बारे में बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि कृषि क्षेत्र का विकास और गांवों की समृद्धि हमारे दो बड़े लक्ष्य हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हमारे संकल्प बहुत स्पष्ट हैं और हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बना रहे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त हों। प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि के बारे में बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी किसान पीछे न छूटे और हर किसान को आगे बढ़ाया जाए। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन माना जाता है, जिससे किसानों को प्रतिष्ठित स्थान मिलता है। उन्होंने कहा, भारत एक साथ दो प्रमुख लक्ष्यों की ओर काम कर रहा है- कृषि क्षेत्र का विकास और गांवों की समृद्धि। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस वर्ष का बजट सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट है, जो नीतियों में निरंतरता तथा विकसित भारत के दृष्टिकोण का नया विस्तार दर्शाता है।




श्री ओ. पी. चौधरी
मान. मंत्री,
आवास एवं पर्यावरण, वित्त विभाग

# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

www.cghb.gov.in

टोल फ्री नं. : 1800 121 6313

भवनों के लागत मूल्य में 10% तक छूट

व्यावसायिक दुकान, हॉल, कार्यालय भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

ONLINE BOOKING ➡ BOOK PROPERTY ONLINE

बुकिंग राशि मात्र 5%


**नवा रायपुर, स्लाईस-II, सेक्टर-27**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऑफिस क्रं–1 (प्रथम तल) | 01 | 405.94 | 23.09 | 20.90 |
| 2. | ऑफिस क्रं–2 (प्रथम तल) | 01 | 397.30 | 22.60 | 20.44 |

**नवा रायपुर, साऊथ ईस्ट कॉर्नर कमर्शियल काम्पलेक्स सेक्टर - 27**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्रं–10 (भू तल) | 01 | 642.91 | 46.30 | 41.89 |
| 2. | दुकान क्रं–11 (भू तल) | 01 | 474.19 | 34.16 | 30.91 |
| 3. | दुकान क्रं–12 (भू तल) | 01 | 731.57 | 52.68 | 47.67 |
| 4. | दुकान क्रं–13 (भू तल) | 01 | 590.94 | 42.56 | 38.51 |
| 5. | दुकान क्रं–01 (प्रथम तल) | 01 | 312.90 | 21.91 | 19.83 |
| 6. | दुकान क्रं–02 (प्रथम तल) | 01 | 282.23 | 19.77 | 17.90 |
| 7. | दुकान क्रं–03 (प्रथम तल) | 01 | 187.98 | 13.19 | 11.94 |
| 8. | दुकान क्रं–04 (प्रथम तल) | 01 | 418.89 | 29.31 | 26.53 |
| 9. | दुकान क्रं–05 (प्रथम तल) | 01 | 184.75 | 12.96 | 11.73 |
| 10. | दुकान क्रं–07A (प्रथम तल) | 01 | 218.43 | 15.31 | 13.86 |
| 11. | दुकान क्रं–09 (प्रथम तल) | 01 | 474.19 | 33.18 | 30.02 |
| 12. | दुकान क्रं–10 (प्रथम तल) | 01 | 731.57 | 51.15 | 46.29 |
| 13. | दुकान क्रं–11 (प्रथम तल) | 01 | 324.31 | 22.71 | 20.55 |
| 14. | दुकान क्रं–12 (प्रथम तल) | 01 | 229.62 | 16.10 | 14.57 |
| 15. | दुकान क्रं–12A (प्रथम तल) | 01 | 193.14 | 13.55 | 12.26 |
| 16. | दुकान क्रं–13 (प्रथम तल) | 01 | 393.92 | 27.57 | 24.95 |
| 17. | दुकान क्रं–18 (प्रथम तल) | 01 | 466.23 | 32.62 | 29.52 |
| 18. | दुकान क्रं–19 (प्रथम तल) | 01 | 256.73 | 17.99 | 16.28 |
| 19. | दुकान क्रं–19A (प्रथम तल) | 01 | 256.73 | 17.99 | 16.28 |

**नवा रायपुर, नार्थ वेस्ट कॉर्नर कमर्शियल काम्पलेक्स सेक्टर - 27**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र.–02 | 01 | 288.58 | 20.81 | 18.84 |
| 2. | दुकान क्र.–03 | 01 | 288.58 | 20.81 | 18.84 |
| 3. | दुकान क्र.–04 | 01 | 288.15 | 20.78 | 18.81 |
| 4. | दुकान क्र.–05 | 01 | 223.59 | 16.14 | 14.61 |
| 5. | दुकान क्र.–06 | 01 | 229.40 | 16.69 | 15.11 |
| 6. | दुकान क्र.–07 | 01 | 407.48 | 29.37 | 26.57 |
| 7. | दुकान क्र.–08 | 01 | 274.38 | 19.79 | 17.91 |
| 8. | दुकान क्र.–09 | 01 | 234.25 | 16.91 | 15.30 |
| 9. | दुकान क्र.–10 | 01 | 279.65 | 20.17 | 18.26 |
| 10. | दुकान क्र.–13 | 01 | 288.15 | 20.78 | 18.81 |
| 11. | दुकान क्र.–14 | 01 | 288.58 | 20.81 | 18.84 |
| 12. | दुकान क्र.–15 | 01 | 288.58 | 20.81 | 18.84 |
| 13. | दुकान क्र.–16 | 01 | 291.17 | 21.00 | 19.01 |
| 14. | ऑफिस हॉल क्र.–01 | 01 | 2109.50 | 151.78 | 137.32 |
| 15. | ऑफिस हॉल क्र.–02 | 01 | 686.17 | 49.41 | 44.71 |
| 16. | ऑफिस हॉल क्र.–03 | 01 | 572.11 | 41.21 | 37.29 |
| 17. | दुकान क्र.–101 | 01 | 291.17 | 20.39 | 18.46 |
| 18. | दुकान क्र.–102 | 01 | 288.58 | 20.21 | 18.30 |
| 19. | दुकान क्र.–103 | 01 | 288.58 | 20.21 | 18.30 |
| 20. | दुकान क्र.–104 | 01 | 288.15 | 20.18 | 18.27 |
| 21. | दुकान क्र.–105 | 01 | 223.59 | 15.67 | 14.19 |
| 22. | दुकान क्र.–106 | 01 | 229.40 | 16.08 | 14.56 |
| 23. | दुकान क्र.–107 | 01 | 407.48 | 28.52 | 25.81 |
| 24. | दुकान क्र.–108 | 01 | 274.38 | 19.22 | 17.40 |
| 25. | दुकान क्र.–109 | 01 | 234.25 | 16.42 | 14.86 |
| 26. | दुकान क्र.–110 | 01 | 279.65 | 19.59 | 17.73 |
| 27. | दुकान क्र.–111 | 01 | 229.40 | 16.08 | 14.56 |
| 28. | दुकान क्र.–112 | 01 | 223.59 | 15.67 | 14.19 |
| 29. | दुकान क्र.–113 | 01 | 288.15 | 20.18 | 18.27 |
| 30. | दुकान क्र.–114 | 01 | 288.58 | 20.21 | 18.30 |
| 31. | दुकान क्र.–115 | 01 | 288.58 | 20.21 | 18.30 |
| 32. | दुकान क्र.–116 | 01 | 291.17 | 20.39 | 18.46 |
| 33. | दुकान क्र.–117 | 01 | 373.26 | 26.13 | 23.65 |
| 34. | दुकान क्र.–118 | 01 | 369.28 | 25.85 | 23.40 |
| 35. | ऑफिस हॉल क्र.–101 | 01 | 2109.50 | 147.38 | 133.36 |
| 36. | ऑफिस हॉल क्र.–102 | 01 | 1389.44 | 97.09 | 87.86 |
| 37. | ऑफिस हॉल क्र.–103 | 01 | 572.11 | 40.01 | 36.21 |
| 38. | दुकान क्र.–201 | 01 | 7405.35 | 474.75 | 429.72 |
| 39. | ऑफिस हॉल क्र.–201 | 01 | 2109.50 | 135.28 | 122.45 |
| 40. | ऑफिस हॉल क्र.–202 | 01 | 1389.44 | 89.12 | 80.67 |
| 41. | ऑफिस हॉल क्र.–203 | 01 | 572.11 | 36.73 | 33.25 |
| 42. | दुकान क्र.–301 | 01 | 7405.35 | 474.75 | 429.72 |
| 43. | ऑफिस हॉल क्र.–301 | 01 | 2109.50 | 135.28 | 122.45 |
| 44. | ऑफिस हॉल क्र.–302 | 01 | 1389.44 | 89.12 | 80.67 |
| 45. | ऑफिस हॉल क्र.–303 | 01 | 572.11 | 36.73 | 33.25 |
| 46. | दुकान क्र.–401 | 01 | 7405.35 | 474.75 | 429.72 |
| 47. | ऑफिस हॉल क्र.–401 | 01 | 2109.50 | 135.28 | 122.45 |
| 48. | ऑफिस हॉल क्र.–402 | 01 | 1389.44 | 89.12 | 80.67 |
| 49. | ऑफिस हॉल क्र.–403 | 01 | 572.11 | 36.73 | 33.25 |

**नवा रायपुर, नॉर्थ ईस्ट कॉर्नर कमर्शियल काम्पलेक्स सेक्टर - 29**

| क्रं. | दुकान/हॉल का प्रकार | संख्या | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | दुकान/हॉल का मूल्य (लाख में) | छूट पश्चात मूल्य (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दुकान क्र.–1 | 01 | 318.60 | 31.31 | 28.35 |
| 2. | दुकान क्र.–2 | 01 | 308.92 | 30.36 | 27.50 |
| 3. | दुकान क्र.–3 | 01 | 354.86 | 34.87 | 31.57 |
| 4. | दुकान क्र.–4 | 01 | 252.11 | 24.79 | 22.45 |
| 5. | दुकान क्र.–5 | 01 | 239.19 | 23.52 | 21.45 |
| 6. | दुकान क्र.–6 | 01 | 172.16 | 16.95 | 15.35 |
| 7. | दुकान क्र.–8 | 01 | 182.92 | 18.00 | 16.30 |
| 8. | दुकान क्र.–9 | 01 | 181.09 | 17.82 | 16.14 |
| 9. | दुकान क्र.–10 | 01 | 163.77 | 16.13 | 14.60 |
| 10. | दुकान क्र.–11 | 01 | 163.77 | 16.13 | 14.60 |
| 11. | दुकान क्र.–12 | 01 | 175.60 | 17.29 | 15.65 |
| 12. | दुकान क्र.–13 | 01 | 163.77 | 16.13 | 14.60 |
| 13. | दुकान क्र.–19 | 01 | 176.68 | 17.39 | 15.75 |
| 14. | दुकान क्र.–20 | 01 | 182.27 | 17.94 | 16.25 |
| 15. | दुकान क्र.–25 | 01 | 181.09 | 17.82 | 16.14 |
| 16. | दुकान क्र.–26 | 01 | 163.23 | 16.07 | 14.55 |
| 17. | दुकान क्र.–27 | 01 | 164.41 | 16.19 | 14.66 |
| 18. | दुकान क्र.–28 | 01 | 181.09 | 17.82 | 16.14 |
| 19. | दुकान क्र.–29 | 01 | 177.54 | 17.48 | 15.82 |
| 20. | दुकान क्र.–30 | 01 | 241.02 | 23.70 | 21.46 |
| 21. | दुकान क्र.–31 | 01 | 258.24 | 25.39 | 23.00 |
| 22. | दुकान क्र.–32 | 01 | 379.51 | 37.29 | 33.76 |
| 23. | दुकान क्र.–33 | 01 | 308.92 | 30.36 | 27.50 |
| 24. | दुकान क्र.–34 | 01 | 318.60 | 31.31 | 28.35 |
| 25. | दुकान क्र.–101 | 01 | 627.42 | 57.68 | 52.23 |
| 26. | दुकान क्र.–102 | 01 | 545.32 | 50.14 | 45.40 |
| 27. | दुकान क्र.–103 | 01 | 252.11 | 23.21 | 21.02 |
| 28. | दुकान क्र.–104 | 01 | 239.19 | 22.03 | 19.95 |
| 29. | दुकान क्र.–105 | 01 | 172.16 | 15.87 | 14.38 |
| 30. | दुकान क्र.–106 | 01 | 172.16 | 15.87 | 14.38 |
| 31. | दुकान क्र.–107 | 01 | 182.92 | 16.86 | 15.27 |
| 32. | दुकान क्र.–108 | 01 | 181.09 | 16.69 | 15.12 |
| 33. | दुकान क्र.–109 | 01 | 163.77 | 15.10 | 13.68 |
| 34. | दुकान क्र.–110 | 01 | 163.77 | 15.10 | 13.68 |
| 35. | दुकान क्र.–111 | 01 | 175.60 | 16.19 | 14.66 |
| 36. | दुकान क्र.–112 | 01 | 163.77 | 15.10 | 13.68 |
| 37. | दुकान क्र.–113 | 01 | 173.02 | 15.95 | 14.45 |
| 38. | दुकान क्र.–114 | 01 | 181.09 | 16.69 | 15.12 |
| 39. | दुकान क्र.–115 | 01 | 176.68 | 16.29 | 14.75 |
| 40. | दुकान क्र.–116 | 01 | 176.68 | 16.29 | 14.75 |
| 41. | दुकान क्र.–117 | 01 | 175.60 | 16.19 | 14.66 |
| 42. | दुकान क्र.–118 | 01 | 176.68 | 16.29 | 14.75 |
| 43. | दुकान क्र.–119 | 01 | 182.27 | 16.80 | 15.22 |
| 44. | दुकान क्र.–120 | 01 | 357.77 | 32.92 | 29.81 |
| 45. | दुकान क्र.–121 | 01 | 357.77 | 32.92 | 29.81 |
| 46. | दुकान क्र.–122 | 01 | 344.86 | 31.73 | 28.74 |
| 47. | दुकान क्र.–123 | 01 | 344.86 | 31.73 | 28.74 |
| 48. | दुकान क्र.–124 | 01 | 1257.31 | 115.54 | 104.61 |
| 49. | दुकान क्र.–125 | 01 | 627.42 | 57.68 | 52.23 |
| 50. | दुकान क्र.–201 | 01 | 1166.06 | 94.52 | 85.63 |
| 51. | दुकान क्र.–202 | 01 | 297.41 | 24.15 | 21.88 |
| 52. | दुकान क्र.–203 | 01 | 321.62 | 26.11 | 23.66 |
| 53. | दुकान क्र.–204 | 01 | 846.81 | 68.66 | 62.20 |
| 54. | दुकान क्र.–205 | 01 | 764.18 | 61.96 | 56.14 |
| 55. | दुकान क्र.–206 | 01 | 211.22 | 17.17 | 15.56 |
| 56. | दुकान क्र.–207 | 01 | 172.16 | 14.01 | 12.70 |
| 57. | दुकान क्र.–208 | 01 | 172.16 | 14.01 | 12.70 |
| 58. | दुकान क्र.–209 | 01 | 182.92 | 14.88 | 13.48 |
| 59. | दुकान क्र.–210 | 01 | 344.86 | 27.99 | 25.37 |
| 60. | दुकान क्र.–211 | 01 | 339.37 | 27.55 | 24.97 |
| 61. | दुकान क्र.–212 | 01 | 306.01 | 24.85 | 22.52 |
| 62. | दुकान क्र.–213 | 01 | 357.77 | 29.04 | 26.32 |
| 63. | दुकान क्र.–214 | 01 | 352.73 | 28.60 | 25.91 |
| 64. | दुकान क्र.–215 | 01 | 389.73 | 31.63 | 28.66 |
| 65. | दुकान क्र.–216 | 01 | 357.77 | 29.04 | 26.32 |
| 66. | दुकान क्र.–217 | 01 | 357.77 | 29.04 | 26.32 |
| 67. | दुकान क्र.–218 | 01 | 344.86 | 27.99 | 25.37 |
| 68. | दुकान क्र.–219 | 01 | 344.86 | 27.99 | 25.37 |
| 69. | दुकान क्र.–220 | 01 | 499.48 | 40.52 | 36.72 |
| 70. | दुकान क्र.–221 | 01 | 1100.53 | 89.21 | 80.82 |
| 71. | दुकान क्र.–222 | 01 | 868.44 | 70.41 | 63.79 |
| 72. | दुकान क्र.–223 | 01 | 322.37 | 26.17 | 23.72 |
| 73. | दुकान क्र.–224 | 01 | 297.41 | 24.15 | 21.88 |


नियम एवं शर्ते : पंजीयन/धरोहर राशि भवन मूल्य की 5% अग्रिम देय होगी। भवनों का विक्रय जहाँ है जैसा है स्थिति में किया जावेगा। विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु संबंधित संभाग/संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र कार्यालय, सूचना केन्द्र, शंकर नगर, रायपुर एवं सूचना केन्द्र, पर्यावरण भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर कार्यालय में सम्पर्क करें या विजीट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in पर। BOOK PROPERTY ONLINE

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

सम्पर्क करें : 9827158516, 9926479902, 7697777082, 9893763349, 9575029157, 9407622877, 7999815734, 9479219397

सबके घर की आस, सबके लिए आवास, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल पर सबका विश्वास


# स्टालिन ने परिसीमन और त्रि-भाषा विवाद पर बुलाई सर्वदलीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



- बीजेपी ने किया स्टालिन की बैठक बहिष्कार का ऐलान

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 5 मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें लोकसभा परिसीमन और तीन-भाषा नीति पर चर्चा होगी। इस बैठक में 45 राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है, हालांकि, बीजेपी ने बैठक का बहिष्कार करने का फैसला किया है। बीजेपी नेताओं ने कहा कि यह निर्णय गहन विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। स्टालिन ने राज्य के लोगों से परिसीमन और तीन-भाषा नीति के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दावा कर रही है कि वह राज्य पर अपनी इच्छाएं नहीं थोप रही है, लेकिन उसकी कार्रवाई इसके विपरीत संकेत देती है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्टालिन के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सहित किसी भी दक्षिणी राज्य में संसदीय सीटों की संख्या कम नहीं होगी। बीजेपी ने कहा है कि हमने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर स्पष्ट किया है कि हम बैठक में भाग क्यों नहीं ले रहे हैं। पार्टी ने यह भी सवाल उठाया कि स्टालिन किस आधार पर यह दावा कर रहे हैं कि तमिलनाडु की लोकसभा सीटें घट सकती हैं?

# तीनों सशस्त्र सेनाओं ने संयुक्त रूप से प्रदर्शित की अपनी मारक क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सीमाओं पर बने हुए चुनौतीपूर्ण सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित तीनों सशस्त्र सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 'डेजर्ट हंट-2025' राजस्थान के जोधपुर एयरबेस पर सफलता के साथ संपन्न हो गया है। इसमें सेना के विशिष्ट पैरा बल (पैरा- एसएफ), नौसेना के मरीन कमांडो और वायुसेना के गरुड़ कमांडो ने एक साथ भाग लिया। यह युद्धाभ्यास पांच दिवसीय था। जिसकी शुरुआत बीते 24 फरवरी को हुई और इसका समापन 28 फरवरी को हुआ। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि डेजर्ट हंट युद्धाभ्यास के जरिए तीनों सशस्त्र सेनाओं ने युद्ध के कृत्रिम वातावरण में एकजुटता से न केवल अपनी युद्धक क्षमता का प्रदर्शन किया। बल्कि एक-दूसरे के अच्छे अनुभवों का आदान-प्रदान भी किया।


### पाक सीमा के करीब हुआ युद्धाभ्यास

यहां बता दें कि डेजर्ट हंट युद्धाभ्यास राजस्थान में भारत की पाकिस्तान से लगी हुई सीमा के करीब स्थित वायुसेना के एक अग्रणी जोधपुर एयरबेस पर किया गया था। दोनों देशों के बीच बीते दिनों जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अचानक हुई गोलीबारी की घटनाओं की वजह से कुछ तनाव पनपा था। जिसे स्थानीय सैन्य कमांडरों ने बातचीत के माध्यम से हल कर लिया है। फिलहाल एलओसी पर जमीनी स्थिति नियंत्रण में है। दोनों देश युद्धविराम समझौते का पूरी तरह से पालन कर रहे हैं।

# डॉ.मयंक शर्मा ने संभाला रक्षा लेखा महानियंत्रक का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।

डॉ.मयंक शर्मा ने शनिवार को रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) का कार्यभार संभाला। वह भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के वर्ष 1989 बैच के अधिकारी हैं। उनका सरकार में करीब तीन दशक से अधिक का विशिष्ट करियर रहा है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डॉ.शर्मा ने सरकार के रक्षा लेखा विभाग सहित कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने कैबिनेट सचिवालय, संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय , संयुक्त राष्ट्र अपराध रोकथाम एवं आपराधिक न्याय आयोग तथा संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग में वैकल्पिक स्थायी प्रतिनिधि के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।




# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर

झंकार टॉकिज के पीछे, सिविल लाईन वार्ड क्रं. 7, जगदलपुर, जिला बस्तर (छत्तीसगढ़)

वेबसाइट : www.dccbjagdalpur.com फोन : 07782-228156

क्रमांक/स्टोर/ निविदा /4209 /2024-25 जगदलपुर, दिनांक 27/02/2025

**I.S. Audit & Concurrent Audit हेतु निविदा आमंत्रण**

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर के प्रधान कार्यालय एवं 47 शाखाओं का वर्ष 2024-25 का I.S. Audit एवं वर्ष 2025-26 का Concurrent Audit किया जाना है। भारतीय रिजर्व बैंक के मापदण्ड अनुसार पात्रता रखने वाले चार्टर्ड एकाउण्टेंट (C.A.) से दिनांक 15.03.2025 अपरान्ह 02.30 बजे तक मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा पत्र उसी दिन दिनांक 15.03.2025 को समय 04.00 बजे स्थान प्रधान कार्यालय सभा कक्ष में खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते प्रधान कार्यालय लेखा कक्ष अथवा बैंक की वेबसाइट https://www.dccbjagdalpur.com से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी



# एक गोली खाइए फिट हो जाइए

अपने शरीर को हेल्दी-फिट रखने के लिए अच्छी डाइट के साथ रेग्युलर एक्सरसाइज को जरूरी माना जाता है। लेकिन वैज्ञानिकों ने हाल में एक ऐसी गोली बनाने में सफलता हासिल की है, जिसे खाने से 10 किमी. दौड़ने के बराबर का एक्सरसाइज बेनिफिट मिल जाएगा। कैसी है ये कमाल की गोली, कैसे करेगी काम और किसके लिए होगी फायदेमंद, आप जरूर जानना चाहेंगे।



कवर स्टोरी

डॉ. माजिद अलीम

अच्छी सेहत के लिए डॉक्टर से लेकर फिटनेस एक्सपर्ट और अनुभवी लोग भी एक ही सुझाव देते हैं-डेली एक्सरसाइज कीजिए। लेकिन अगर कोई इतना अशक्त हो कि वो हाथ-पैर हिला ही नहीं पाए तो वो क्या करे? विज्ञान ने ऐसे व्यक्ति के लिए भी अब रास्ता निकाल लिया है कि वह एक इंच हिले बिना भी अच्छे वर्कआउट का स्वास्थ्य लाभ अर्जित कर सकता है।

## बना ली गई करामाती गोली

डेनमार्क देश की आरहुस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक पिल (गोली) विकसित की है, जो शरीर में 10 किमी. दौड़ के मेटाबॉलिक (पाचन) प्रभाव जितना असर पैदा कर सकती है, वह भी बिना पसीना बहाए। 'पफ एग्रीकल्चर एंड फूड केमिस्ट्री' नामक जर्नल में इस शोध उपलब्धि को प्रकाशित किया गया है। इसके मुख्य शोधकर्ता और केमिस्ट डॉ. थॉमस पौल्सेन ने बताया, 'हमने एक मॉलिक्यूल विकसित किया है, जो शरीर में कड़ी एक्सरसाइज और फास्टिंग (व्रत) की मेटाबॉलिक प्रतिक्रिया की नकल उत्पन्न कर सकती है। यह मॉलिक्यूल शरीर को उस मेटाबॉलिक अवस्था में ले आता है, जो कि खाली पेट तेज रफ्तार 10 किमी. की दौड़ के समान होता है।' इस मॉलिक्यूल को नाम दिया गया है-लाके। फिलहाल, इसे लैब में चूहों पर टेस्ट किया जा रहा है, जिनमें टॉक्सिसिटी के कोई चिन्ह दिखाई नहीं दिए हैं। ध्यान देने वाला तथ्य यह है कि लाके ने टॉक्सिंस शरीर से फ्लश आउट कर दिए और इससे उनका हार्ट मजबूत भी हो गया।

## बनती रही हैं ऐसी दवाएं

'एक्सरसाइज पिल' का विचार एक दशक से अधिक समय पूर्व से चर्चा में रहा है। अनेक शोधकर्ता उन कंपाउंड्स से प्रयोग कर रहे हैं, जो तीव्र फिजिकल एक्टिविटी के बायोलॉजिकल प्रभावों का मुकाबला कर सकें। लाके एकमात्र पिल नहीं है, जो वर्कआउट के लाभ प्रदान करती है। पिछले साल फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने एसएलयूपीपी-332 नामक कंपाउंड विकसित किया था, जिसने चूहों में मेटाबॉलिज्म और सहनशीलता में इतनी वृद्धि की कि वह पहले की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक दौड़ने लगे। इस अध्ययन के प्रमुख लेखक और फार्मेसी के प्रोफेसर थॉमस बर्रिस के अनुसार, 'यह कंपाउंड बुनियादी तौर पर स्केलटेल मांसपेशियों को बताता है कि वह वही परिवर्तन लाएं, जो स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के दौरान देखने को मिलता है।'



'द गार्जियन' के अनुसार सैन डिएगो के सालक इंस्टिट्यूट ने 2008 में जीडब्लू 501516 (संक्षेप में 516) ड्रग विकसित की। यह मुख्य जींस को संकेत भेजती है कि शुगर की जगह फैट को बर्न करे। लेकिन इस ड्रग का एक वैरिएंट धावकों के लिए डोपिंग ड्रग बनकर रह गया। फिर 2015 में कंपाउंड 14 नामक एक अन्य ड्रग विकसित की गई, जिससे यह बात प्रकाश में आई कि यह मोटे चूहों का ग्लूकोज टॉलरेंस बेहतर करके वजन कम कर सकती है। यह सभी प्रयोग चिकित्सा विज्ञान ड्रग्स के उस वर्ग से संबंधित हैं, जिसे 'एक्सरसाइज मिमेटिक्स' कहते हैं, जो आवश्यक रूप से शरीर में उन अलग-अलग मार्गों को सक्रिय करते हैं, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक्सरसाइज से प्रभावित होते हैं। इन ड्रग्स में क्षमता है कि अल्झाइमर, पार्किंसन और डिमेंशिया को होने से देर तक रोके रखें और मधुमेह, मोटापे की रोकथाम में भी मदद करें।



## अक्षम लोगों के लिए होगी वरदान

एक बार जब इस दवा के इंसानों पर ट्रायल पूरे हो जाएंगे तो इनमें से कुछ ड्रग्स को वजन कम करने वाली ड्रग्स के साथ भी दिया जा सकेगा जैसे ओजेंपिक, जो विशेष रूप से बुजुर्गों को सरकोपेनिया की स्थिति में दी जाती है ताकि मांसपेशियों की क्षति को रोका जा सके। अगर इंसानों को एक गोली से एक्सरसाइज के फायदे मिलने लगेंगे, इससे उनकी फिटनेस परफेक्ट हो जाएगी तो यह उन लोगों के लिए चमत्कार होगी, जो फिजिकल एक्टिविटी में हिस्सा नहीं ले पाते हैं, जैसे-बुजुर्ग, शारीरिक रूप से कमजोर, दिव्यांग, जिन्हें मस्कुलर डिस्ट्रॉफी है, जिनकी कोई ऐसी सर्जरी हुई है कि मूवमेंट न कर पा रहे हों या अन्य लोग, जो गंभीर रूप से बीमार हैं।

## एक्सरसाइज करना है बेस्ट

बीमार या अक्षम लोगों की बात छोड़ दें तो अन्य स्वस्थ लोगों के लिए यही बेहतर होगा कि वे सुबह देर तक यह सोचकर न सोते रहें कि पलंग पर पड़े हुए गोली खाकर फिट हो जाएंगे। उनके लिए यही उचित होगा कि मैदान में निकलें, वॉकिंग करें, रनिंग करें या मनपसंद एक्सरसाइज करें। इस बात को समझ लेना चाहिए कि फिजिकल एक्सरसाइज का कोई विकल्प नहीं है, उससे न केवल शरीर स्वस्थ बनता है, मन भी प्रसन्न और ऊर्जावान रहता है। *

### एक्सरसाइज का शरीर पर रिएक्शन

**इस दवा** के एक्शन को समझने से पहले यह जानना जरूरी है कि एक्सरसाइज की शरीर पर क्या प्रतिक्रिया होती है और लाके उसकी कैसे नकल करता है? खाली पेट कड़ा वर्कआउट, ब्लड प्लाज्मा के स्तर पर लेक्टेट रसायन में तेजी से वृद्धि कर देता है, इसके बाद बीटा-हाइड्रोक्सीबूटीरेट (बीएचबी) नामक एक अन्य रसायन कीटोन में धीरे-धीरे वृद्धि करता है। कीटोन जिगर में उस समय बनते हैं, जब पर्याप्त ग्लूकोज की अनुपस्थिति में शरीर जिगर में ऊर्जा के लिए फैट को तोड़ता है। ये दोनों रसायन भूख को कम करते हैं। साथ ही हृदय रोगों, टाइप 2 डायबिटीज के खतरों को भी कम करते हैं। इसके अलावा दिमागी फंक्शन को बेहतर करते हुए डिप्रेशन को कम करते हैं। ये सब फायदे केवल डाइट से हासिल नहीं हो सकतीं, क्योंकि जिस मात्रा में लेक्टेट और बीएचबी की जरूरत होती है, उससे अनावश्यक बायप्रोडक्ट्स जैसे नमक और एसिड मिल जाते हैं। कृत्रिम रूप से तैयार लाके से ये रसायन, ओरली मिल जाते हैं, बिना हानिकारक साइड इफेक्ट्स के।



---



जरूरी नहीं है कि जो व्यक्ति खूब हंसता-मुस्कुराता नजर आए, वो वास्तव में मन से खुश है। उदासी को मुस्कान से ढंकने वाले लोग स्माइलिंग डिप्रेशन के शिकार हो सकते हैं। ऐसे लोगों को घर-परिवार से लेकर वर्कप्लेस तक, सपोर्ट की जरूरत होती है।

# मुस्कान से ढंकी उदासी स्माइलिंग डिप्रेशन

लाइफस्टाइल

मोनिका शर्मा

दुःख भी हंसी की ओट ले सकता है। टूटते-बिखरते दिल को थामकर भी सधी सी बातें की जा सकती हैं। उलझनों में घिरकर भी सुखद एहसास लोगों के सामने रखे जा सकते हैं। दरअसल, इंसान का व्यवहार हालात के मुताबिक कई रंग ओढ़ लेता है। कभी इसका कारण अपनों की बेरुखी होती है तो कभी समाज से मिला बेगानापन। ऐसे में कुछ लोग अपने आप तक सिमटने की राह चुन लेते हैं। चुप्पी के तले एक शोर गूंजता है पर सुनाई किसी को नहीं देता। ठहाकों को साथ रखने के बावजूद मन में सब कुछ ठहर गया होता है। यही स्थिति स्माइलिंग डिप्रेशन कही जाती है।

**अवास्तविक छवि का आवरण:** मौजूदा दौर में हर मोर्चे पर अवास्तविक सी छवि बनाते लोग अवसाद को भी मुस्कुराहटों की परतों तले छिपाने लगे हैं। जीवन की हर छोटी-बड़ी गतिविधि को अपनों-परायों तक पहुंचाते आभासी परिवेश में मुस्कुराते चेहरों के पीछे छिपी मुरझाती मनःस्थिति कोई नहीं देख पाता या यूं कहें कि देखना भी नहीं चाहता। न ही इन परिस्थितियों को जी रहा इंसान स्वयं यह सच किसी को दिखाना चाहता है। विज्ञान की भाषा में स्माइलिंग डिप्रेशन कहा जाने वाला यह व्यवहार अब हर उम्र के लोगों की जीवनशैली का हिस्सा है। हंसता-खिलखिलाता अंदाज पीड़ादाई अनुभूतियों का आवरण बन गया है। अपनों-परायों के सामने ठहाके लगाते बहुत से चेहरे, अपने भीतर सुस्ती, थकान और अकेलेपन से जूझते हुए जीवन बिता रहे हैं। उनका मन-मस्तिष्क नाउम्मीदी और नकारात्मता के घेरे में है। मुरझाता मन और मुस्कुराता चेहरा, बहुत से लोगों के लिए सब कुछ होकर भी कुछ न होने के हालातों को बयान करने वाला बर्ताव है। चिंतनीय है कि अब ऐसे लोगों का आंकड़ा बढ़ रहा है। नकलीपन का आवरण असली भावों को छिपाने लगा है। यही कारण है कि हर ओर दिखती बेहतरी के बावजूद मन से बीमार होते लोगों की संख्या बढ़ी है।




**बदल गया परिवेश:** सवाल यह है कि मन की टूटन को छिपाने का यह परिवेश आखिर कैसे बन गया? क्यों हर व्यक्ति को यह लगने लगा कि दुःख को बताने-जताने से कहीं अच्छा हंसते-खिलखिलाते हुए लोगों का सामना करना है। किस तरह यह आवरण बड़े-बुजुर्गों की पीड़ा से लेकर बच्चों की मानसिक उलझन तक पर पर्दा डालने का माध्यम बन गया है? क्यों किसी के मन को समझने-जानने की कोशिश नहीं की जाती? जबकि यह अवसाद का ही एक रूप है। ऐसा डिप्रेशन, जिसमें इंसान अपने मन के विषाद को छिपाने के लिए हर जगह, हर हाल में हंसता रहता है। खुशहाल नजर आता है। सार्वजनिक जीवन में जिंदादिल दिखते ऐसे लोग निजी जीवन में अकेलेपन के स्याह साये से जूझते हैं। अध्ययन बताते हैं कि स्माइलिंग डिप्रेशन की समस्या से ग्रस्त व्यक्ति सुखी और संतुष्ट दिखता जरूर है, पर भीतर ही भीतर अवसाद से जूझता है। यही कारण है कि स्माइलिंग डिप्रेशन को हाई फंक्शनिंग डिसऑर्डर भी कहा जाता है। ध्यातव्य है कि हाई-फंक्शनिंग डिसऑर्डर के अंतर्गत ऐसी मानसिक समस्याएं आती हैं, जिनमें व्यक्ति सामान्य दिखने के बावजूद अंदर से बीमार रहता है। एक तरह का क्रॉनिक डिप्रेशन कहे जाने वाले इस डिसऑर्डर का शिकार इंसान आम जीवन को सामान्य ढंग से जीते हुए भावनात्मक रूप से असहजता का अनुभव करता है। खुशमिजाजी के पीछे गहरा खालीपन होता है।

**सहयोग-संवेदनाओं की कमी:** आज के दौर में बिना लाग-लपेट मन की बात कहने का माहौल, घर हो या बाहर कहीं नहीं दिखता। न दुःख साझा करने का भाव दिखता है और न समझने का। यही कारण है कि लोग चुपचाप अपनी पीड़ाओं से जूझने लगे हैं। हर हाल में सहज दिखते हैं। हर परिस्थिति में प्रसन्नता जाहिर करते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि व्यक्तिगत जीवन में चुना जा रहा यह असामान्य व्यवहार असल में असंवेदनशील होते सामाजिक-पारिवारिक परिवेश का मुखौटा उतारने वाला है। हम अचानक किसी के आत्महत्या जैसा कदम उठा लेने पर चकित तो होते हैं पर समय रहते तकलीफ साझा करने की पहल नहीं करते। दुखद है कि मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर डालने वाली इन स्थितियों को आज भी गंभीरता से नहीं लिया जाता।

**मदद की है दरकार:** जरूरी यह है कि वर्किंग प्लेस से लेकर घर-परिवार और आस-पड़ोस तक, स्माइलिंग डिप्रेशन से जूझते लोगों के बर्ताव को समझकर उनका साथ दिया जाए। ऐसी दबी-छुपी समस्याओं को लेकर अब सभी को यह समझना होगा कि कुछ न कहना, सब कुछ कहने जैसा है। जैसे भी संभव हो ऐसे लोगों की मदद की उचित राह तलाशना बेहद आवश्यक है। *

---



गजल

अवतार सिंह अक्षरजीवी

## खुल के बात कर

छुपाने की जरूरत नहीं, खुल के बात कर
पर पूरी शिद्दत से किसी एक से बात कर

अगर मेरा प्यार तुझे मुतमइन नहीं करता
तुझे जिससे खुशी मिले, तू उससे बात कर

मैं मोहब्बत करुंगा पर मेरी शर्तों पर
या तो मुझसे बात कर, या सबसे बात कर

तेरी मुस्कुराहट मेरी मिलकिय्यत है और मैं
नहीं चाहता तू दूसरों से हंस-हंसके बात कर

अपने दिल में पूरी दुनिया को जगह मत दे
गैरों से एक दूरी एक दायरा रखके बात कर

मेरी मोहब्बत के पिंजरे में तालाबंद नहीं है
या तो उड़ जा या फिर अंदर रहके बात कर


---

कहानी

संजीव जायसवाल 'संजय'

# गुब्बारे वाला

वह अपनी बच्ची को घुमाने के लिए पार्क में जहां भी जाता, गुब्बारे बेचने वाला एक लड़का वहां पहुंच जाता। एक दिन खीझकर उसने गुब्बारे वाले को डपट दिया। इस पर उस लड़के ने जो कहा, वह बेहद शर्मिंदा महसूस करने लगा। मन को छूती एक मार्मिक कहानी।



बाबूजी, गुब्बारा ले लीजिए' अचानक वही दुबला-पतला लड़का एक बार फिर सामने आकर खड़ा हो गया।

'मुझे नहीं लेना, चलो भागो यहां से।' मैंने झल्लाते हुए उसे डपट दिया।

'ले लीजिए न बाबूजी, देखिए कितने अच्छे गुब्बारे हैं! लाल, हरे, नीले, पीले हर रंग के प्यारे-प्यारे गुब्बारे। बिटिया को बहुत पसंद आएंगे।' उसने जोर देते हुए कहा।

मैं उसे दोबारा डपटने जा ही रहा था कि रचना तुतलाते हुए बोली, 'पापा, जे पीला वाला गुब्बारा बौत अच्छा है.. इछे दिला दीजिए।'

मैं रचना की कोई बात नहीं टालता था। अतः न चाहते हुए भी उसे गुब्बारा दिलवाना पड़ा। वो लड़का एक रुपया लेकर खुशी-खुशी वहां से चला गया।

पिछले महीने पत्नी (दीप्ति) की मौत के बाद रचना की पूरी जिम्मेदारी मेरे ऊपर आ गई थी। मैं रोज शाम उसे गोद में लेकर पार्क में आ जाता था। पार्क की इस बेंच पर बैठ कर मुझे बहुत शांति मिलती थी क्योंकि दीप्ति की यह पसंदीदा जगह हुआ करती थी। यहां आकर मुझे ऐसा लगता, जैसे वो मेरे साथ बैठी हो। मैं घंटों उसकी याद में खोया रहता।

पिछले कुछ दिनों से इस गुब्बारे वाले के कारण मुझे बहुत कोफ्त होने लगी थी। मैं इस बेंच पर आकर बैठता ही था कि यमदूत की तरह वह आ धमकता। बिना गुब्बारे बेचे टलता ही न था। उसे देखकर ही मुझे उलझन होने लगती थी।

एक दिन तंग आकर मैंने तय कर लिया कि कल से इस बेंच पर बैठूंगा ही नहीं। पार्क में बैठने के लिए मैंने पेड़ों के झुरमुट के पीछे एक दूसरी जगह तलाश ली थी। वहां लोगों की दृष्टि कम ही पड़ती थी, इसलिए वहां काफी शांति थी।

अगले दिन मैं रचना के साथ वहां जाकर बैठ गया। धीरे-धीरे आधा घंटा बीत गया। मैं मन ही मन खुश था कि आज गुब्बारे वाले लड़के ने मेरी शांति भंग नहीं की। तभी वह लड़का भूत जैसा वहां आ टपका, 'अरे, बाबूजी, आप यहां बैठे हैं। मैं समझा कि आज आप आएंगे ही नहीं।' फिर अपने गुब्बारों का झुंड रचना की तरफ बढ़ाते हुए बोला, 'बिटिया रानी, कौन-सा गुब्बारा दूं?'

'अबे, बिटिया रानी के भइया.., तू मुझे चैन से बैठने क्यों नहीं देता? जहां जाता हूं वहां आ धमकता है। क्या तेरे पास और कोई जगह नहीं है?' मैंने उसे बुरी तरह फटकार दिया।

डांट खाकर उस लड़के की आंखें छलछला आईं। वह उन्हें पोंछते हुए बोला, 'बाबूजी, माफ करिएगा, आपको दुख पहुंचाने का मेरा कोई इरादा नहीं था। कुछ दिनों पहले एक दुर्घटना में मेरे माता-पिता की मृत्यु हो गई थी। मेरे पास स्कूल की फीस भरने के लिए पैसे नहीं हैं। इसीलिए रोज शाम पार्क में गुब्बारे बेचने चला आता हूं। जिनकी गोद में बच्चे होते हैं, वे आसानी से गुब्बारे खरीद लेते हैं। इसीलिए आपके पास आ जाता था।'

इतना कहकर वह लड़का वहां से जाने लगा। मुझे अपने व्यवहार पर बहुत आत्मग्लानि हुई। मेरे दुख से उसका दुख ज्यादा बड़ा था। मैंने उसे आवाज देकर बुलाया और 100 रुपए का नोट उसकी तरफ बढ़ाते हुए कहा, 'इसे रख लो।'

'यह किसलिए?' उस लड़के का स्वर कांप उठा।

'तुम्हारी फीस के काम आएंगे' मैंने उसे समझाने का प्रयास किया।

यह सुनकर उस लड़के की आंखें एक बार फिर छलछला आईं। वह भर्राए स्वर में बोला, 'बाबूजी, मैं बेसहारा जरूर हूं, मगर भिखारी नहीं।'

'मेरा यह मतलब नहीं था, मैं तो सिर्फ तुम्हारी मदद करना चाहता था।' मैंने बात संभालने की कोशिश की।

उस लड़के ने पल भर के लिए मेरी ओर देखा फिर बोला, 'अगर आप मदद करना चाहते हैं तो सिर्फ इतना वादा कीजिए कि फिर कभी किसी गरीब को दुत्कारेंगे नहीं।'


इतना कह कर वह तेजी से वहां से चला गया। मैं चुपचाप बैठा रहा। मेरे अंदर इतना साहस नहीं बचा था कि उसे रोक सकूं। उसके आगे मैं अपने को बहुत छोटा महसूस कर रहा था। *

---

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# कारुणिक उजाला फैलाती दियासलाई

इस दुनिया में कई लोग अपने जीवनकाल में ही किंवदंती जैसे बन जाते हैं। वर्ष 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी, ऐसी ही शख्सियत हैं। मध्य प्रदेश के छोटे से शहर विदिशा में जन्म लेने वाले कैलाश शुरू से ही देश, समाज और दुनिया में प्रताड़ना, हिंसा और शोषण के शिकार बच्चों के लिए कुछ करना चाहते थे। इसी मनो-संकल्प का यह परिणाम हुआ कि इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद भी उन्होंने अपना जीवन बच्चों की सुरक्षा और उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। अपनी पांच दशक से अधिक की इस यात्रा में उन्हें किन-किन पड़ावों से गुजरना पड़ा, व्यक्तिगत-पारिवारिक जीवन में कैसे संघर्ष करने पड़े, किस-किस तरह के आरोप-आक्षेप सहने पड़े, कितनी बार अपने प्राणों को भी संकट में डालना पड़ा, इन तमाम अनुभूतियों और भोगे हुए यथार्थ को उन्होंने अपनी आत्मकथा में संजोया है। हाल में ही उनकी आत्मकथा 'दियासलाई' पुस्तक के रूप में प्रकाशित होकर आई है। इस किताब में ऐसे अनेक प्रसंग मौजूद हैं, जिससे साबित होता है कि कोई साधारण व्यक्ति, केवल अपने विचार, कर्म और महान जीवन उद्देश्य से ही असाधारण बन सकता है।




**पुस्तक:** दियासलाई (आत्मकथा), **लेखक:** कैलाश सत्यार्थी, **मूल्य:** 599 रुपए, **प्रकाशक:** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

दियासलाई जैसी छोटी सी चीज में भी कितनी संभावना व्याप्त हो सकती है, कैसे वो समाज में करुणा का उजाला प्रसारित कर सकती है, इस आत्मकथा का शीर्षक इसे साबित करता है। अच्छी बात यह है कि इस आत्मकथा में लेखक ने अपनी कमजोरियों को भी सहजता से स्वीकार किया है। कहीं भी खुद को महान या दोषरहित सिद्ध करने की कोशिश नहीं की है। *


### रचनाएं आमंत्रित...

हिंदी दैनिक **हरिभूमि** के फीचर पृष्ठों (रविवार भारती, सहेली, बालभूमि और सेहत) में प्रकाशनार्थ आलेख, छोटी कहानियां, कविताएं, व्यंग्य, बाल कथाएं आमंत्रित हैं। लेखकों से अनुरोध है कि अपनी रचनाएं कृतिदेव या यूनिकोड फॉन्ट में हमें ईमेल आईडी haribhoomifeaturedep@gmail.com पर मेल करें।

# तरकश

संजय के. दीक्षित

## तरकश से खुलासा

पिछले हफ्ते के तरकश स्तंभ में चीफ सिकरेट्री अमिताभ जैन के पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग में स्टेट इलेक्शन कमिश्नर बनने का जिक्र था। उसका लब्बोलुआब ये था कि फरवरी 2026 में अजय सिंह के रिटायर होने के बाद अमिताभ के सामने राज्य निर्वाचन आयुक्त का बेहतर विकल्प रहेगा। तरकश की इस पोस्ट के बाद ब्यूरोक्रेसी से एक बड़ी जानकारी निकलकर सामने आई कि राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद अब छह साल या 66 वर्ष वाला नहीं रहा। पिछली सरकार में पता नहीं कब, इसे एक साल बढ़ाकर 67 कर दिया गया। अगर 66 साल की एज लिमिट होती तो अजय सिंह फरवरी 2026 में रिटायर हो जाते। मगर अब 67 करने के साथ ही छह महीने अतिरिक्त का भी प्रावधान कर दिया गया है। अतिरिक्त इसलिए कि उस पद के काबिल कोई नहीं मिला तो छह महीने तक उन्हें कंटीन्यू किया जा सके। तभी ठाकुर राम सिंह साढ़े सात साल तक इस पद पर रह लिए। वैसे ठाकुर राम सिंह पोस्टिंग के मामले में पूरे कैरियर में बेहद किस्मती रहे। रमन सिंह सरकार में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और रायगढ़ जिले की कलेक्टरी की। बिना ब्रेक इन चारों बड़े जिलों में वे 9 साल कलेक्टर रहे। इस रिकार्ड को कोई डायरेक्ट आईएएस न तोड़ पाया और न आगे कोई ब्रेक कर पाएगा। आईएएस से रिटायर होने के बाद रमन सरकार ने उन्हें राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाया। बाद में भूपेश बघेल सरकार आई तो उन्हें दुर्ग के कलेक्टर रहने का लाभ मिल गया। डीडी सिंह सीएम सचिवालय में रहने के बाद भी हाथ मलत रह गए। आर ठाकुर राम सिंह के लिए जीएडी से एक साल के लिए इस पद का कार्यकाल बढ़ाने का आदेश निकल गया। फिर छह महीने का बोनस भी। ऐसे में, अमिताभ जैन के लिए अब मुख्य सूचना आयुक्त के अलावा कोई और विकल्प नहीं।

## नए माफिया की इंट्री

छत्तीसगढ़ मेडिकल कारपोरेशन के एक एमडी ने बस्तर में बांस की ट्रांसपोर्टिंग करने वाले छोटे व्यवसायी को जमीन से उठाकर एक हजार करोड़ का आसामी बना दिया था। हालांकि, वक्त ने उसे अब सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मगर अफसर भी कम थोड़े हैं। अब दूसरा चोपड़ा बनाने का प्रयास प्रारंभ कर दिया है। नए मेडिकल माफिया का भोपाल से ताल्लुकात है। दो-एक साल पहले तक मध्यप्रदेश के हेल्थ विभाग में उसकी तूंती बोलती थी। मगर मोहन यादव की नई सरकार ने उसके खिलाफ मुकदमा कायम कर खेल खतम कर दिया। चूकि छत्तीसगढ़ में पुराने माफिया के रहते उसकी इंट्री नहीं हो सकती थी, सो उसके जेल जाने के बाद नए माफिया के रास्ते खुल गए। सीजीएमएससी के अफसरों ने उसके लिए जगह तैयार करनी शुरू कर दी है। 44 लाख लोगों की सिकलसेल जांच के लिए न केवल पॉलिसी बदल दिया बल्कि टेंडर में ऐसे क्लॉज डाल दिए हैं कि भोपाल वाले के अलावा किसी और को नहीं मिल सकता। सवाल यह है कि जब 80 लाख लोगों की इन हाउस सिकलसेल जांच हो चुकी थी तो उसका पैटर्न बदलकर पीपीपी मोड क्यों किया गया? फिर अजीबोगरीब शर्त...ज्वाइंट वेंचर वाली पार्टी ही इसमें अप्लाई कर सकती है। भोपाल वाली पार्टी ने ज्वाइंट वेंचर बनाकर रखा है। टेंडर में ऐसे कई शर्त रख दिए गए हैं, जो इस बात की चुगली कर रही कि किसी नए माफिया को छत्तीसगढ़ में स्थापित करने की तैयारी है।

## हेल्थ में त्राहि माम

हेल्थ विभाग के डिरेल्ड सिस्टम को पटरी पर लाने के लिए सरकार ने भले ही अमित कटारिया को स्वास्थ्य सचिव बना दिया। बावजूद इसके विभाग की भर्राशाही कम नहीं हो रही। जिलों के सीएमओ और सिविल सर्जन त्राहि माम कर रहे हैं। नेताओं के लोगों ने रैकेट बनाकर लूट मचा दी है...हर जिले में वसूली एजेंट। हर किसी को महीना चाहिए या फिर सप्लाई का आर्डर। दोनों में से कोई एक नहीं हुआ तो फिर सीएमओ, सिविल सर्जन को अगली लिस्ट में हटाने की चेतावनी। ताज्जुब इस बात का है कि सीजीएमएससी या हेल्थ डायरेक्ट्रेट से उन्हें अस्पतालों के रिक्वायरमेंट की लिस्ट कैसे मिल जा रही? वे लिस्ट लेकर पहुंच जा रहे...आप सीजीएमएससी को पैसा ट्रांसफर कीजिए, बाकी जेम पोर्टल को वे देख लेंगे।

## सुबोध की चुनौती

पीएस टू सीएम सुबोध सिंह करप्शन रोकने के लिए ऑनलाइन वर्किंग पर जोर देते रहे हैं। माइनिंग और बिजली विभाग को उन्होंने ही ऑनलाइन किया था। राजस्व को भी उन्होंने पटरी पर लाने का प्रयास किया था मगर तब तक उनके डेपुटेशन को हरी झंडी मिल गई। बहरहाल, उनके लिए बड़ी चुनौती होगी कि छत्तीसगढ़.में ऑनलाइन सिस्टम भी करप्शन से अछूता नहीं रह गया है। जेम और भुईया पोर्टल इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। भुईया पोर्टल लाया ही इसलिए गया था कि पटवारियों की कारगुजारी रुक जाए। मगर इसमें क्या हुआ...विधानसभा में सबने देखा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 रमन सिंह को तल्ख नसीहत देनी पड़ गई...मंत्रीजी सिस्टम को वेंटिलेटर पर जाने से पहले ठीक कर लीजिए। दरअसल, भुईया के जरिये पटवारी और तहसीलदार मालामाला हो रहे हैं। दस्तावेजों में कृत्रिम त्रुटि कर आम आदमी का जेब काटो। इसी तरह खटराल सप्लायरों के आगे बेचारा जेम पोर्टल असहाय नजर आ रहा। जेम की तोड़ के लिए सप्लायरों ने तीन-चार कंपनियां बना लिया है। इसमें होता ऐसा है कि टेंडर निकालने से पहले ही विभागों में सेटिंग हो जा रही...ये क्लॉज डाल दीजिएगा, बाकी हम देख लेंगे। फिर अपनी ही तीनों कंपनियों से टेंडर डलवा काम हथिया लिया जा रहा। हेल्थ, सीजीएमएससी से लेकर सभी विभागों की खरीदी में ऐसा ही हो रहा। सरकार जेम से सरकारी खरीदी का ढिढोरा पिटती है, उधर जेम अवैध को वैध करने का पोर्टल बनकर रह गया है। सुबोध को इसे नोटिस में लेनी चाहिए।

## सीएम के तेवर और संदेश

विधानसभा के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर सीएम विष्णुदेव साय के घंटे भर के भाषण की सत्ता के गलियारों में बड़ी चर्चा है। असल में, मुख्यमंत्री ने जिन कठोर शब्दों का प्रयोग किया, वह उनकी स्थापित छबि से मेल नहीं खाता। पीएससी स्कैम का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सिविल सेवा के अफसर शासन में सरिया की तरह होते हैं। पिछली सरकार ने सिविल सर्विस में भ्रष्टाचार का नकली सरिया लगा दिया गया। इशारे में उन्होंने महाभारत के पात्रों की तुलना करते हुए प्रोटेक्शन मनी और महादेव ऐप्प की भी बात कर डाली। जाहिर है, सीएम के इस बदले अंदाज में विरोधियों और भ्रष्ट सिस्टम के लिए बड़ा संदेश छिपा है।

## राजा की दंड व्यवस्था

मनु स्मृति के मुताबिक राजा को दंड का रुप माना गया है...दंड से राजा प्रजा का शासन करता है...दंड से प्रजा का रक्षा होती है...दंड से प्रजा खुश रहती है। मगर छत्तीसगढ़ के साथ दुर्भाग्य यह रहा कि राज्य बनने के बाद दंड की बजाए भ्रष्टचारियों, धतकरमियों के साथ अतिशय उदारता बरती गई। स्थिति यह है कि हर शाख पर उल्लू बैठा है...जिस विभाग में हाथ डालिये, 50-100 करोड़ का भ्रष्टाचार निकल आएगा। न मंत्री पर कोई कंट्रोल है और न अफसरों पर। जाहिर है, पीएससी 2003 में अगर चेयरमैन और एग्जाम कंट्रोलर के साथ कठोर कार्रवाई की गई होती तो पीएससी 2021 में सैकड़ों युवाओं का भविष्य खराब करने की टामन सोनवानी की हिम्मत नहीं होती। पीएमटी परीक्षा का फर्जी टॉपर डॉक्टर बन मजे में नौकरी कर रहा है तो 12वीं बोर्ड की फर्जी टॉपर स्कूल में मास्टरनी बन गई। 2010 के रायगढ़ एनटीपीसी लैंड मुआवजा स्कैम में तत्कालीन कलेक्टर मुकेश बंसल ने एसडीएम तीर्थराज अग्रवाल के खिलाफ 2700 पेज की जांच रिपोर्ट सरकार को भेज सस्पेंड करवाया था। तत्कालीन एसपी राहुल भगत ने एफआईआर दर्ज कराया था। इस मामले में तीर्थराज को क्लीन चिट मिल गई। इसका नतीजा यह हुआ कि अभनपुर के एसडीएम ने केंद्र के भारतमाला प्रोजेक्ट में 35 करोड़ की जगह 326 करोड़ का मुआवजा घोटाला कर दिया। राज्य बनने के बाद अनियमितता और भ्रष्टाचार के 500 से अधिक केसेज होंगे, जिनमें आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई हुई भी तो दिखावे वाली। सरकारों को प्रजा को सुखी रहने और अपना औरा स्थापित करने के लिए मनु स्मृति को फॉलो करना चाहिए।

## रमन का रिकार्ड

वित्त मंत्री ओपी चौधरी 3 मार्च को दूसरी बार राज्य का बजट पेश करेंगे। बता दें, 24 साल में सबसे अधिक बजट पेश करने का रिकार्ड पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नाम दर्ज है। अमर अग्रवाल की एक सियासी चूक की वजह से वित्त विभाग रमन सिंह के पास गया और उसके बाद 2018 तक उन्हीं के पास रह गया। उन्होंने लगातार 12 बजट पेश किया। अमर ने अगर इस्तीफा नहीं दिया होता तो 15 बजट पेश करने का रिकार्ड उनके नाम होता। अमर के इस्तीफे के बाद वित्त विभाग 17 साल के लिए मुख्यमंत्री के पास चला गया। जाहिर है, 12 साल रमन सिंह और उसके बाद पांच साल भूपेश बघेल ने वित्त संभाला। बहरहाल, रमन के बाद दूसरे नंबर पर भूपेश बघेल हैं। उन्होंने पांच बजट पेश किया। उनके बाद स्व. रामचंद्र सिंहदेव और अमर अग्रवाल ने तीन-तीन बजट पेश किए।

## पीसीसीएफ, वन मंत्री और धोखा

वन मंत्री केदार कश्यप 15 साल मंत्री रहे हैं, इसके बाद भी खुलकर सामने नहीं आ रहे तो इसकी वजह पीसीसीएफ का मैटर तो नहीं है? जाहिर है, सरकार बदलने के बाद तय हो गया था कि नया पीसीसीएफ अपाइंट किया जाएगा। बताते हैं, पीसीसीएफ श्रीनिवास राव ने खुद ही पेशकश की थी कि उन्हें हटाकर वाईल्डलाइफ में पोस्ट कर दिया जाए। इसके बाद वन मंत्री केदार कश्यप ने सरकार से चर्चा कर अनिल राय को पीसीसीएफ बनाने की नोटशीट चलाई। मुख्यमंत्री से अनुमोदन भी हो गया। मगर दो दिन के लिए एसीएस फॉरेस्ट छुट्टी पर गए और खेला हो गया। दिल्ली से किसी अदृश्य शक्ति का फोन आया, उसके बाद अनिल राय की नोटशीट आसमान खा गया या जमीं निगल गई...कोई पता नहीं चला। उपर से अनिल राय के खिलाफ खबरें भी प्लांट होने लगी। बताते हैं, इस विश्वासघात से केदार कश्यप का मन टूट गया। हालांकि, अरण्य के विरोध और एसीएस फॉरेस्ट से भिड़-भाड़कर वन मंत्री ने कैबिनेट से पीसीसीएफ के लिए पांच नए पदों का सृजन करा लिया है। मगर जिनको वे नए पीसीसीएफ बनाना चाहते हैं, उनसे भी उनसे वफादारी की उम्मीद नही करनी चाहिए। वन विभाग के लिए दुर्भाग्य रहा कि पीसीसीएफ की कुर्सी पर मिलनसार और अच्छे व्यक्ति तो कई रहे, मगर विभाग को ताड़ने वाला कोई नहीं मिला। संजय शुक्ला की धमक जरूर थी, अगर वे दो साल पीसीसीएफ रह गए होते तो आज तस्वीर अलग होती। सुनील मिश्रा एक अच्छा नाम हो सकता है मगर वे इंटरेस्टेड नहीं, इसी साल अक्टूबर में उनका रिटायरमेंट है।

## ये बनेंगे पीसीसीएफ

कैबिनेट से पीसीसीएफ के पांच अतिरिक्त पदों की मंजूरी मिली है। इसके बाद 93 बैच के कौशलेंद्र कुमार, आलोक कटियार, 94 बैच के अरुण पाण्डेय सुनील मिश्रा, प्रेम कुमार और ओपी यादव पीसीसीएफ प्रमोट हो जाएंगे। ओपी यादव को वेटिंग प्रमोशन दिया जाएगा। अक्टूबर में सुनील मिश्रा के रिटायरमेंट से खाली पद पर ओपी को प्रमोट किया जाएगा।

## अंत में दो सवाल आपसे

1. विधानसभा में अगर अजय चंद्राकर और राजेश मूणत नहीं होते तो फिर विपक्ष का क्या होता?
2. छत्तीसगढ़ के 10 में से आठ मंत्री सरकार के लिए लायबिलिटी क्यों बन गए हैं?

# मजदूर की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मौत



**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र स्थिति तीतली गार्डन में शुक्रवार देर शाम पेड़ की टहनी काट रहा ओडिशा के मजदूर की हाईटेंशन तार की चपेट में आने से झुलसने से मौत हो गई। साथी मजदूरों की सूचना पर मौके पर पहुंची परपा पुलिस पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए मेकाज रवाना किया। मामले की जांच कर रहे एसआई प्रेम पानिग्राही ने बताया कि गीदम रोड स्थित अधिवक्ता हनुमंत राव के तितली गार्डन में पेड़ों की छटाई का काम ओडिशा के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। जिसके लिए ठेकेदार रंजीत ओडिशा के कोसागुमड़ा थाना क्षेत्र के गुमड़ीगुड़ा से मजदूर लक्ष्मीकांत चलन 26 वर्ष व अन्य को लेकर आया हुआ था। शुक्रवार शाम पेड़ों के छटाई के दौरान लक्ष्मीकांत पेड़ के उपर से गए हाईटेंशन तार की चपेट में आकर झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। साथी मजदूरों ने इसकी सूचना परपा पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची एसआई प्रेम पानिग्राही व टीम ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए मेकाज रवाना किया। शनिवार को मृतक के परिजनों को सूचना दी गई जिनके आने के बाद शव पीएम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।प्रयास कर रही है। बहरहाल मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। ठेकेदार के मिलने पर लापरवाही की जांच कर पृथक से अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की बात की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 64(1) 69, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि पीड़िता का परिचय कुलजीत उर्फ सन्नी से वर्ष 2021 से इंस्टाग्राम से हुआ। मई 2022 में आरोपी कुलजीत उर्फ सन्नी ने पीड़िता को अपने घर कैम्प-1 के पास बुलाया और शादी का झांसा देकर जबरन अनाचार किया। इसके अलावा आरोपी ने उसके भतीजे का जन्म दिन होने की बात कहकर पीड़िता के चाचा से 10 प्रतिशत ब्याज में 40 हजार रुपए मांगने बोला। तब पीड़िता ने अपने चाचा से पैसा मांगकर आरोपी को दी थी। रुपए लौटाने की बात पर उसे बदनाम करने की धमकी देता रहा।

# सड़क पार करने के दौरान ट्रक ने कुचला, अधेड़ की हुई मौत



**बालोद।** दल्लीराजहरा के फव्वारा चौक पर ट्रक की चपेट में आने से दल्लीराजहरा के भगोलीपारा निवासी कलीराम 53 वर्ष की मौत हो गई। हादसे में उसके दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए। जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार को सुबह 7 बजे की है। कलीराम किसी विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बस से जा रहे थे। बस चौक पर रुकी। वह उतरकर दूसरी बस पकड़ने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। ट्रक के अगले पहिए उसके दोनों पैरों पर चढ़ गए। गंभीर हालत में उसे सरकारी अस्पताल चिखलाकसा ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल राजनांदगांव रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** फैक्टरी, होटल हेतु सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई (5.7) वेतन 12000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, 434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल :- 7746000016, 8720005500.(RO-3160)

**आवश्यकता है-** सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 पता TANGO SECURITY PVT. LTD. ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.(RO-2476)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** डीजे साउंड सिस्टम दुकान में काम करने हेतु अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। संपर्क करें:- दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास 98271-14645, 91311-39179.(RO-3334)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-126)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** बच्चा संभालने हेतु एवं घर कार्य हेतु 24 घंटे की बाई चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थान: तेलीबांधा, रायपुर सम्पर्क करे मोबाइल नंबर: - 9575042814.(RO-3341)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें- 9343467254, 7470490884.(RO-6240)

### टेक्नीशियन/फील्ड वर्क

**आवश्यकता है-** फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास फ्रेशर या अनुभवी एवं फील्ड वर्क लेबर लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था दी जावेगी सैलरी पांच अंकों में संपर्क यश. एल. ई. डी.टेक्नोलॉजी प्रा. लि. कचना रायपुर मोबाइल 9926791401 संपर्क समय 10 AM TO 5 PM(RO-6241)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** नर्सिंग स्टाफ, OT टेक्नीशियन ड्रेसर, कंपाउंडर, PRO, (मार्केटिंग) रिसेप्शनिष्ट, अनुभवी को प्राथमिकता रहने की सुविधा- कैलाश कांता हॉस्पिटल जोरा रायपुर 9300734153, 0771-2994153.(RO-7448)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** कार्य करने योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें कंप्यूटर ऑपरेटर , सेल्समैन , सेल्स गर्ल्स, टेलर वेतन योग्यतानुसार संपर्क जनता फर्निशिंग होलसेल क्लॉथ मार्केट पुलगांव चौक दुर्ग फोन : 7999620990 (आरो-1516)

### पैकिंग कार्य

**आवश्यकता है-** कलैरीस फार्मा प्राइवेट लिमिटेड में पैकिंग कार्य एवं गुड्स डिस्पेच हेतु योग्य लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कलैरीस टॉवर गोंडवारा रायपुर 7000263019, 9329684981.(RO-BSP)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** आटोडील में कार्य करने हेतु अनुभवी ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करे- झाबक मोटर्स जियो पेट्रोल पंप के बाजू सरोना चौक रायपुर 9300005455.(RO-158)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के हर जिलों में ड्राइवरों की आवश्यकता है 1 एवं पार्ट टाईम फुल टाईम काम करने वाले लड़को की भी आवश्यकता है 1 वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें Mob. 9202875080.(RO-3340)

### वार्डन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** गर्ल्स हॉस्टल मे कार्य करने हेतु 2 से 3 वर्ष अनुभवी महिला वार्डन की आवश्यकता है जिसे अंग्रेजी व कंप्युटर का बेसिक ज्ञान हो संपर्क करे आशीर्वाद गर्ल्स हॉस्टल समय - सुबह 9 से 7992612777 0, 9827999244.(RO-om)

**आवश्यकता है-** जैन हॉस्पिटल में वार्डन, ड्राइवर, गार्ड गर्ल्स स्टाफ की आवश्यकता है शाकाहारी एवं नशा मुक्त ही संपर्क करें । जैन गर्ल्स हॉस्टल, लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका, रायपुर। 9425206595.(RO-7366)

### मार्केटिंग/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** प्लांट सुपरवाइजर, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं ड्राइवर की आवश्यकता है । कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी,रायपुर मो नं. 7400700030, 7828656506.(RO-158)

### मिस्त्री/हेल्पर

**आवश्यकता है-** ढाबा में काम करने हेतु वेटर, तन्दूर मास्टर हेड मिस्त्री, हेल्पर, बर्तन धोने वाले की आवश्यकता है सम्पर्क करें- नया हाईकोट के पास, रायपुर रोड बिलासपुर 7000942962, 9098976666.(RO-37003)

हरिभूमि

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**Wanted-** Requirement of 3 post of Computer operator, Having thorough knowledge, 4 posts of Godown Incharge only for experience, Requirement of 5 posts of driver for small vehicles. interested candidate may contact us with a resume. Mob.- 8700749996.(RO-117)

**आवश्यकता है-** कंप्यूटर ऑपरेटर की आवयश्कता है 30 साल से अधिक उम्र को प्राथमिकता सैलरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी रिंग रोड नंबर 1 भाटागांव चौक रायपुर संपर्क 9826129026, 9300129026 (RO-159)

### सेल्स एक्जीक्यूटिव

**तत्काल आवश्यकता है-** अंतर्राष्ट्रीय कूरियर और कार्गो कंपनी के लिए सेल्स पर्सन एग्जीक्यूटिव कोई भी स्नातक और अनुभव रखने वाला, फ्रेशर्स भी आवेदन कर सकते हैं। मदनी इंटरनेशनल कबीरनगर रायपुर संपर्क - 8308786300 / 6261651806 (RO-om)

### सिविल इंजीनियर

**आवश्यकता है-** भिलाई बेस सिविल इन्फ्रा प्रोजेक्ट में शासकीय कार्य करने वाली फार्म को डिप्लोमा होल्डर एवं डिग्रीधारक सिविल इंजिनियर की आवश्यकता कुल-2पद 1जूनियर एवं 1 सिनियर, भत्ता एवं वेतन योग्यतानुसार। कार्यक्षेत्र कांकेर, नारायणपुर, कवर्धा एवं बेमेतरा जिला के अन्तर्गत। स्थानीय एवं अनुभवी उम्मीदवार को प्राथमिकता। संपर्क:- वाट्सएप - 7722828505, 9755042205 (आरो नं.-692)

**आवश्यकता है-** रोहित मेहता सिक्योरिटी एजेंसी में भूतपूर्व सैनिकों की आवश्यकता है सिक्योरिटी गार्ड के कार्य के लिए डी जी आर रेट पर सिर्फ कोरबा में ड्यूटी के इच्छित ही संपर्क करें 9109792914 (RO-M)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** अप्रेंटिसशिप अवसर भिलाई के एक प्रतिष्ठित निजी उद्योग में 25 अप्रेंटिस पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है। कार्यकाल 1 वर्ष (कॉन्ट्रैक्ट आधारित) रहेगा, स्टाइपेंड 9,000 - 10,000 प्रति माहा योग्यता डिप्लोमा इंजीनियर, आई.टी.आई, (मशीनिस्ट , फ़िटर, इलेक्ट्रीशियन, फाउंड्री), बी. कॉम., बी. एस. सी.। केवल 2023-24-25 में उत्तीर्ण उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। संपर्क करें: - 9406082834 Email- hrdept.bhilai123@gmail.com (RO-6239)

### मशीन आपरेटर

**आवश्यकता है-** (Blowing machine) बॉटल फैक्ट्री में मशीन चलाने के लिए आपरेटर की आवश्यकता है बिलासपुर में रहकर काम करना है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9826191897. (RO-36986)

### एकाउंटेन्ट

**आवश्यकता है-** भिलाई में कार्यरत सिविल इन्फ्रा फर्म को 1पद जूनियर एवं 1पद सिनियर एकाउंटेंट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। संपर्क:- वाट्सएप- 7722828505, 9755042205(आरो नं.-693)

### अन्य

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348.(RO-704)

**आवश्यकता है-** वनविभाग कम्पनी द्वारा तहसील स्तरीय भर्ती पद संख्या-975 वनरक्षक फील्ड ऑफिसर माली सिपाही ड्राइवर वेतन (27500-52400) तक आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्कशीट पैन कार्ड व्हाट्सएप करे 7460994309.(RO-701)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**प्लॉट बेचना है -** रजिस्ट्रीफ्री प्लाट रु 251 की दर से उतई कृष्णा पब्लिक स्कूल रोड खोपली में बेचना है भारतमला नेशनलहाइवे से लगभग 1किलोमीटर पर है यहाँ 30-25फिट मुरुमरोड, पानी पाइपलाइन एवं बिजली की सुविधा है, किस्त की सुविधा है, संपर्क - 9407964899, 7000027363.(आरो 688)

## Services सर्विसेस

**सर्विस -** आंचल अमृततुल्य स्वंय का दुकान डाले, बिजनेस करे बिना रिस्क के, कम पूंजी लगाकर या सैलरी में एग्रीमेंट के साथ संपर्क करें ,8234095610 समवेत शिखर कॉम्पलेक्स, दूसरा मंजिल, रायपुर (छ.ग.) (RO-3316)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर - 9111760925, 7477221345, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर 7869755871. (RO-3194)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** रायपुरा इंद्रप्रस्थ कॉलोनी एवं देवनगरी के पास विभिन्न साइज के प्लाट उपलब्ध हैं संपर्क करें- पारस कंस्ट्रक्शन, गणेश मंदिर चौक, रायपुरा, मोबाइल नंबर: 9827192035 (RO-6969)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**प्लॉट बेचना है -** अवंती विहार, कविता नगर में सेमी कमर्शियल 2000 वर्गफीट कॉर्नर प्लॉट, कैपिटल पैलेस के पीछे 2700 वर्गफीट प्लाट, विजय नगर चौक के पास 2 बीएचके फ्लैट मात्र 27 लाख में, गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर के पीछे 4000 वर्गफीट का सेमी कमर्शियल प्लॉट, अनुपम नगर में 2100, 2800, 3500, 5400 वर्गफीट कार्नर प्लॉट बेचना है। सम्पर्क - 9826197775.(RO-6971)

### फ्लैट

**फ्लैट बेचना है -** शानदार, फुल्ली फर्निश्ड,डबल फ्लैट, वीआईपी स्टेट , शंकर नगर, रायपुर,अशोका रतन के आगे, जेकएनजिल स्कूल से लगा, 2000 वर्गफुट कारपेट,4 बेड,4 बाथ,बड़ा हॉल, किचन, लक्सरी फ्लैट,आलीशान कमर्शियल लोकेशन,मेनरोड पर बेचना है। संपर्क - 9826457636.(RO-6970)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## वैवाहिकी

### वधु चाहिए

**वधु चाहिए**

ब्राह्मण वर्षो से अकेले अधिकारी को अधिकतम 45 वर्ष तक की "जिम्मेदारीमुक्त" महिला साथी चाहिए जाति बंधन नहीं उच्च जाति को प्राथमिकता स्वयं फोन करें.
मो.: 7898132122



**मांगलिक वधु चाहिए**

32 वर्षीय, 5'4" अग्रवाल/ ग्रेजुएट, बिलासपुर में दुकान व घर है, छत्तीसगढ़ या मध्यप्रदेश से हिंदी भाषी अविवाहित कन्या चाहिए।
मैरिज ब्यूरो क्षमा करें।
6232014944

**वधु चाहिए**

गुजराती 44/ 5'11"
स्वयं का व्यवसाय
इनकम 40,000/- मासिक, युवक हेतु,
उच्च जाति बंधन नहीं
(मैरिज ब्यूरो क्षमा करें)
सम्पर्क करें
9827114645
9131139179

## हरिभूमि CLASSIFIED RATE CARD

समाचार ही नहीं, विचार भी...
01 जनवरी 2022 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 400 | 500 | 460 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 350 | 450 | 450 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 335 | 385 | 410 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 530 | 650 | 640 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 440 | 490 | 530 | 195/- Sq cm |
| All CG | 800 | 920 | 910 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1080 | 1350 | 1220 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1350 | 1700 | 1600 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Buisness & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. TOWER & FINANCE AD (No Scheme)

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |


MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 400 /- 1 Sunday | 500 /- 1 Sunday |
| 700 /- 2 Sunday | 900 /- 2 Sunday |
| 900/- 3 Sunday | 1200/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 45000 | 72000 | 92000 |
| Bilai + Durg Edition | 40000 | 65000 | 85000 |
| Bilaspur City | 30000 | 50000 | 70000 |
| Raipur All Edition | 57000 | 90000 | 115000 |
| Bilaspur All Edition | 45000 | 75000 | 90000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Ph.: 07752-271016, Mob.: 09329711674 E-mail- hbclassified375@gmail.com



## अक्टूबर 2024 से अब तक निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ और 5 महीने में यह 12 प्रतिशत गिर चुका

# बाजार गिरे तब क्या करना चाहिए?



*शेयर बाजार में आज गिरावट दर्ज की गई है। लगातार बाजार को गिरता देख निवेशक परेशान हो रहे है ऐसे में आपको बताते है बाजार की गिरावट के टाइम आपको क्या करना चाहिए। शेयर बेच देना चाहिए या एसआईपी बंद कर देना चाहिए या बाजार में टिके रहना चाहिए?*

**मार्केट क्रैश**
शंभू भद्र

बाजार जब गिरता है तो निवेशकों को कुछ समझ नहीं आता है कि शेयर बेच दे, एसआईपी बंद करें या बाजार में टिके रहें। अक्टूबर 2024 से निफ्टी हर महीने गिरावट में बंद हुआ है और ये 5 महीने में 12 प्रतिशत गिर चुका है। 1996 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि बाजार में लगातार पांच महीने गिरावट आई है। इससे पहले साल 1996 में जुलाई से लेकर नवंबर महीने के बीच बाजार में लगातार 5 महीने गिरावट देखी गई थी। इन 5 महीनों के दौरान निफ्टी 50 इंडेक्स 26 प्रतिशत गिरा था। अमेरिका से लेकर यूरोप तक में की गई एकेडमिक स्टडीज से पता चलता है कि जब भी लोग बाजार में निवेश को लेकर घबराएं या चिंतित रहते हैं तब-तब बाजार ने एवरेज से ज्यादा रिटर्न दिया है। इसका मतलब है जब भी आप सोचते हैं कि शेयर बेच देना चाहिए, एसआईपी बंद कर देना चाहिए और बाजार से निकल जाना चाहिए उस समय ही बाजार में निवेश का सबसे बेहतर समय होता है। साल 2008 में 21 जनवरी को सेंसेक्स एक ही दिन में करीब 1400 अंक गिर गया था। वहीं 2008 के अंत तक सेंसेक्स 20,465 अंक से गिरकर 9716 अंक पर आ गया। वर्ष 2010 सितंबर में सेंसेक्स फिर से 20,000 अंक को पार कर गया। इसके बाद 2020 में कोरोना महामारी के कारण एक हफ्ते में सेंसेक्स 42,273 अंक से गिरकर 28,288 अंक पर आ गया था। 2020 अप्रैल से इसमें रिकवरी देखने को मिली और सेंसेक्स वर्ष के अंत तक 47,751 के स्तर पर पहुंच गया। मतलब, जब-जब बाजार में गिरावट आई है इसमें तेजी से रिकवरी भी दिखी गई है। ऐसे में जो निवेशक पहले से इन्वेस्टेड है उन्हें अपने निवेश में वैसे ही बना रहना चाहिए ।

### शेयर बाजार लगातार क्यों गिर रहे?

विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर 2024 से फरवरी 2025 तक पांच महीनों में भारतीय बाजार से 3.11 लाख करोड़ रुपए निकाल लिए हैं। इसके अलावा निवेशकों को चीनी कंपनियों के शेयर भारतीय कंपनियों के शेयरों की तुलना में ज्यादा सस्ते दिख रहे हैं। खाने-पीने की चीजें महंगी होने के कारण अक्टूबर 2024 में रिटेल महंगाई बढ़कर 6.21% पर पहुंच गई थी, जो महंगाई का 14 महीनों का उच्चतम स्तर था। खाने-पीने की चीजें सस्ती होने से जनवरी 2025 में रिटेल महंगाई घटकर 5 महीने के निचले स्तर 4.31% पर आ गई थी। लेकिन ये कमी निवेशकों का विश्वास बहाल करने के लिए काफी नहीं है। हाल के महीनों में देखा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी हो गई है। डोनाल्ड ट्रम्प की ट्रेड पॉलिसीज से निवेशक काफी चिंतित है। भारत सहित कई अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी से बाजार में अनिश्चितता दिखाई दे रही है। ट्रम्प ने बीते दिनों कहा था, चाहे वो कोई भी देश हो- भारत या चीन, वे हम पर जितना चार्ज करते हैं, हम भी उतना ही रेसिप्रोकल टैरिफ लगाएंगे, हम व्यापार में बराबरी चाहते हैं।

### चीन की ओर रुझान

विदेश संस्थागत निवेशकों का निवेश चीन भी जा रहा है। चीन की सरकार ने पिछले साल देश की अर्थव्यवस्था का कायाकल्प करने के लिए बड़े निवेश का एलान किया था। इस निवेश के बाद एफआईआई चीन के बाजार में जाने लगे थे। यह दौर अभी भी जारी है। ट्रंप की जीत के बाद अमेरिकी बाजार दुनियाभर से निवेश आकर्षित कर रहा है। दूसरी तरफ संस्थागत निवेश के लिए चीन का बाजार एक मजबूत विकल्प के तौर पर उभरा है। चीन की सरकार के नए प्रयासों ने एक सकारात्मक भावना पैदा की है। चीन ने ब्याज दरों में कटौती की, मार्केट में पैसा डाला और अर्थव्यवस्था को स्थिर किया। इससे निवेशकों को कॉन्फिडेंस मिला है।

### उथल-पुथल में अर्थव्यवस्था का हाल

भारत पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा लगा रहेगा? गांवों की मांग और सरकार का जोर इसे बचा सकता है। तमाम बुरी खबरों के बीच भारत की अर्थव्यवस्था में हम कुछ अच्छे संकेत देख सकते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 6.2 फीसदी रही, जो जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.4% थी। अच्छे मानसून का इसमें बड़ा योगदान है, ग्रामीण इलाकों में लोगों के पास खर्च करने को पैसा आया है। सरकार ने भी खर्च में तेजी लाई है। पिछली तिमाही में हालात ठीक नहीं थे। शहरी मांग कमजोर थी। अप्रत्याशित रूप से शहरी इलाकों में लोगों के खर्च में कमी आई। पिछले साल चुनाव की वजह से सरकारी खर्च भी रुका था। एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में मंदी के बादल मंडराते हुए दिख रहे थे।

### टैरिफ का मामला उलझा

5.4% ग्रोथ रेट सात तिमाहियों में सबसे कम था। वैश्विक स्तर पर परेशानियाँ कम नहीं हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ का मसला उलझा हुआ है। ट्रंप प्रशासन टैरिफ की बात कर रहा है। इससे वैश्विक अनिश्चितता बढ़ी है। विनिर्माण और सर्विस सेक्टर पर असर पड़ा है। आने वाले दिनों में व्यापार, होटल और परिवहन में भी सुस्ती रह सकती है। रियल एस्टेट और फाइनेंशियल सर्विसेज भी कमजोर हैं। अब अच्छी बातों पर एक नजर डालते हैं तो कृषि क्षेत्र ने अच्छा प्रदर्शन किया। फसल अच्छी हुई। पिछले तीन महीनों में 4.4% की वृद्धि थी। केंद्र और राज्य सरकारें पूंजीगत व्यय (कैपिटल एक्सपेंडिचर) बढ़ा रही हैं। सड़कें, पुल और प्रोजेक्ट्स पर पैसा लग रहा है। इनसे अर्थव्यवस्था को सहारा मिल सकता है। रिजर्व बैंक ने हाथ खोले हैं। नीतिगत दरें घटाईं, तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ाई। सख्त नियमों को टाला, पर 2025-26 में भी जीडीपी दर 7% से नीचे रहने का अनुमान है। अमेरिकी टैरिफ का असर छोटा होगा, पर कुछ सेक्टर्स को नुकसान होगा। विनिर्माण और सर्विसेज पर दबाव है। बजट में टैक्स राहत दी गई। इससे उपभोक्ताओं को फायदा होगा, पर वैश्विक चुनौतियाँ खत्म नहीं हुईं। तो क्या भारत पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था का तमगा लगा रहेगा? फिलहाल उम्मीदें कायम हैं।

### ये तबाही कब तक जारी रहेगी?

मार्च में कुछ रिकवरी देखने को मिल सकती है। मैक्रोइकॉनमिक स्तर पर बेहतर खबरें आ सकती हैं और कुछ एफआईआईज भी भारतीय बाजार में लौट सकते हैं। अभी विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा भारी बिकवाली, अमेरिकी बांड पर बढ़ती आय, रुपये में भारी गिरावट, तीसरी तिमाही के आय में सुस्ती और हाई वैल्यूवेशन ने हाल के महीनों में बाजार की धारणा को प्रभावित किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लिए गए टैरिफ को लेकर फैसले ने बाजार की दिशा-दशा बदली है। ऐतिहासिक रूप से मार्च का महीना तेजड़ियों के पक्ष में रहा है, यानी मार्च में शेयर बाजार अक्सर तेजी में रहा है। पिछले 15 सालों में बेंचमार्क इंडेक्स ने 10 बार पॉजिटिव रिटर्न दिया है और निवेशकों की कमाई कराई है। 30 साल पहले ही मार्च के दौरान तेजी रही थी। लंबी अवधि के नजरिए के हिसाब से अच्छे शेयरों को खरीद सकते हैं। वित्त वर्ष 26 में भारतीय इक्विटी बाजारों के लिए जोखिम और चुनौतियों को देखें तो भारत की विकास संभावनाएं आशाजनक हैं, पर जोखिम भी हैं। निकट भविष्य में बाजार में और कमजोरी नजर आ रही है। निफ्टी शॉर्ट टर्म में और गिरावट की उम्मीद की जा सकती है।

### डावांडोल बाजार में क्या अपनाएं रणनीति

यह पूरा हफ्ता निवेशकों के लिए खराब गुजरा है। इसलिए जब गिरावट का दौर हो तो शेयर में निवेश के प्रति सतर्क रहना जरूरी है। एक शेयर ब्रोकर ट्रेडेड मूल्य पर धन कमाता है। इसलिए ज्यादातर ब्रोकरेज हाउस मुफ्त में सलाह दिया करते हैं। ध्यान रहे जब भी नुकसान होगा, आपका ही होगा। इस हफ्ते आपके निवेश की स्ट्रैटेजी क्या होनी चाहिए? अगर आप अपने धन से हाथ नहीं धोना चाहते तो कुछ बुनियादी नियमों का ध्यान रखें।

### टिप्स का अध्ययन करें

लिटमस टेस्ट करें। आपके निवेश करने के पहले, किसी भी विश्लेषक की टिप्स का कुछ समय तक परीक्षण करें। उसके बाद ही फैसला करें। कई ब्रोकरेज हाउस अपनी बड़ी रिसर्च टीम का दावा करते हैं। उनकी रोजाना रिपोर्ट आती हैं। इनमें से कितनी सही रहती होंगी।

### पहले रिसर्च करें, बाद में नहीं

निवेश के पहले शेयर के बारे में ठीक से रिसर्च करें। उस पर ब्रोकर से विस्तार से रिपोर्ट मांगें। लंबी अवधि की संभावनाएं अच्छी हों तभी निवेश करें। ट्रिगर प्राइस और टार्गेट प्राइस वाली टिप्स पर समय बर्बाद नहीं करें।

### जो तेज चढ़ता है, तेज गिरता है

जब भी ऊंचाई पर कोई आंकड़ा देखा जाता है, उसमें प्रगति की बड़ी संभावना दिखाई देती है। लेकिन जब कोई शेयर काफी बढ़ चुका हो या किसी सेक्टर में काफी तेजी आ चुकी हो, सतर्क रहना चाहिए। ज्यादा पीई अनुपात का मतलब है कि भविष्य में प्रगति दर घटने वाली है।

### समय नहीं है तो सिप से लगाएं धन

अगर आपके पास अपने पोर्टफोलियो में नए शेयर चुनने का समय नहीं है तो शेयर बाजार में सीधे धन नहीं लगाएं। सिस्टैमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान (सिप) में निवेश से भी काफी मूल्य निर्मित किया जा सकता है।

### अस्थिरता होने पर नहीं करें ये गलतियां

#### घबराकर बिकवाली ना करें

बाजार में अस्थिरता होने पर घबराहट में बिकवाली करने से बचें। यह सबसे पहला नियम है। कयासबाजी पर तुरंत प्रतिक्रिया करना हानिकारक साबित हो सकता है। आपको हमेशा यह बात देखनी चाहिए कि किसी शेयर की पिटाई क्यों हुई है? इसे देखते हुए ही किसी शेयर को बेचने का फैसला करना चाहिए।

### सिप को नहीं रोकें

आपका कुछ भी फैसला हो, लेकिन, म्यूचुअल फंड में सिप को रोकने की गलती कतई न करें। इससे सिप को लेने का मकसद विफल हो जाता है। बाजार में मंदी का दौर ही वह समय होता है जब आपको इनके साथ जरूर बने रहना चाहिए। इससे आपको अपने लंबी अवधि के लक्ष्यों को हासिल करने में मदद मिलती है। सिप को रोककर आप इक्विटी में चक्रवृद्धि ब्याज का लाभ खो देंगे। गिरावट के समय आपको कम कीमत पर ज्यादा यूनिटें खरीदने का मौका मिलेगा। बाजार के वापसी करने पर आप इसका फायदा उठा सकेंगे। लंबी अवधि में इक्विटी से सबसे अच्छा रिटर्न मिलता है। इसलिए इनके साथ बने रहने में समझदारी है।

### सिर्फ गिरावट के समय नहीं खरीदें

केवल पिटे हुए स्टॉकों में पैसा लगाने में आप गलती भी कर सकते हैं। इस बात का अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है कि किसी कंपनी का निचला स्तर क्या होगा। इससे आप सही मूल्य को आंकने के चक्कर में बुरी तरह से फंस सकते हैं। नए निवेशकों को फाइनेंशियल सेक्टर के शेयरों से दूर रहना चाहिए। किसी कंपनी में निवेश करने से पहले उसके बुनियादी पहलुओं को देखना चाहिए। इस बात की भी जानकारी करनी चाहिए कि कंपनी का ट्रैक रिकॉर्ड कैसा रहा है। उसके रेवेन्यू, प्रॉफिट, प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो और डेट-टू-इक्विटी रेशियो के बारे में जानकारी कर लेनी चाहिए।

### एक सेक्टर में लिवाली न करें

हमेशा डायवर्सिफिकेशन के बारे में सोचना चाहिए। कहते हैं कि एक टोकरी में सभी अंडों को रखना बड़े नुकसान को दावत दे सकता है। इसलिए गिरावट के समय अच्छे शेयरों में निवेश के मौके तलाशने चाहिए। केवल एक सेक्टर के शेयरों में ही दांव लगाने से बचना चाहिए।

### कर्ज लेकर शेयरों में न लगाएं

कई लोग ज्यादा रिटर्न के लिए कर्ज लेकर शेयरों में लगा देते हैं इस तरह के निवेश के तरीके को मार्जिन इंवेस्टिंग कहा जाता है। बेशक इस तरह से अच्छा रिटर्न कमाया जा सकता है। लेकिन, इसमें नुकसान भी बहुत ज्यादा होता है। इस तरह के निवेश के तरीके से हमेशा ही बचना चाहिए।

### निवेश के लिए अपनाएं ऐसी स्ट्रैटेजी

ट्रेडर व निवेशक दोनों को अलग-अलग स्ट्रैटेजी अपनानी चाहिए। ट्रेडर है तो स्टॉपलॉस के साथ ट्रेड ले सकते हैं। गिरावट के माहौल का फायदा उठा सकते हैं। हालांकि ट्रेडरों को कम क्वांटिटी के साथ ट्रेड करना चाहिए। इस वक्त ट्रेडरों के लिए भी काफी मुश्किल भरा मार्केट है। निवेशक के लिए अच्छा है कि वह सीधे निवेश से बचें। एसआईपी जारी रखें। कम अग्रेसिव निवेशक थोड़ा इंतजार करें। बाजार में रिवर्सल के संकेतों का वेट करें। इस वक्त ट्रेडर व निवेशक दोनों संभल कर अपनी स्ट्रैटजी बनाएं। वारेन बफे के मुताबिक गिरते बाजार में निवेश करने का जोखिम उठाना चाहिए।

### सचेत रहते हुए रणनीति बनाएं, तभी गिरते बाजार में कमा पाएंगे निवेशक

इस समय शेयर बाजार में लगातार गिरावट का दौर जारी है। ऐसे में निवेशकों को भी अलर्ट रहना होगा। भारतीय शेयर बाजार जबरदस्त हलचल से भरा हुआ है। निफ्टी 50 लगातार गिरावट के दौर से गुजर रहा है और अगर आगे भी यह ट्रेंड जारी रहा, तो यह 28 साल में अपनी सबसे लंबी गिरावट दर्ज करेगा। इससे पहले 1996 में ऐसी गिरावट देखने को मिली थी। निफ्टी लगातार पांच महीने तक गिरा है। लगातार गिरावट के इस माहौल में निवेशकों के मन में बड़ा सवाल है अब आगे की रणनीति क्या बनाई जाए, ताकि कुछ वसूली हो सके और निवेशक घाटे से उबर सकें। ऐसे में क्या करें, बाजार से बाहर निकलें? धैर्य बनाए रखें? (लेकिन कब तक?) या नए अवसरों की तलाश करें? इस रिपोर्ट में आपको ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब मिलेंगे जो आपको बाजार की सही दिशा के बारे में जागरूक कर सकते हैं।एक्सपर्ट्स का मानना है कि मौजूदा गिरावट में सावधान रहने की जरुरत है मगर घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि यह एक रणनीतिक निवेश का अवसर भी हो सकता है। अब सवाल उठता है कि इस रणनीतिक निवेश की दिशा क्या होगी? हम ब्रोकरेज हाउस और एक्सपर्ट्स की राय के आधार पर इन्हें बिंदुवार रखते हैं।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- कांकेर**
Phone No.: 07868-241213, Email Id: ee-res.kanker@gov.in

**// मैनुअल पध्दति जोनल निविदा सूचना //**

क्रमांक / 33 /व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2024-25

कांकेर, दिनांक 27/02/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल पध्दति जोनल निविदा दिनांक 13.03.2025 शाम 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट से (आमंत्रण क्रम प्रथम बार) आमंत्रित की जाती है तथा निविदा दिनांक 17.03.2025 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

| क्र. | कार्य का नाम एवं स्थल | अनुमानित लागत (लाख मे) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत रू. 25.00 लाख तक लागत के भवन/रंगमंच नाली / आहता पुल पुलिया एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य (विद्युतीकरण कार्य छोड़कर) जनपद पंचायत कांकेर, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) | प्रत्येक जनपद पंचायत में रू. 40.00 लाख |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.10 एवं 2.13) व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://res.cg.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कांकेर

G-242505603/2



**कार्यालय कलेक्टर,
जिला- खैरागढ़- छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)**
Phone No-0782029950 Email- collector-kcg@cg.gov.in

क्रमांक .../ भू-अर्जन / भूक्रनी /2024 खैरागढ़, दिनांक / / 2024

**-:: सार्वजनिक सूचना ::-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत-सिद्धबाबा जलाशय फीडर मुख्य नहर निर्माण कार्य के अंतर्गत ग्राम-सुराडबरी, प.ह.नं.- 20, रा.नि.मं. -उदयपुर, तहसील-छुईखदान, जिला-खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई (छ.ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है :-

| क्रं. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.मं.) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे. में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | माखन पिता सोनसाय जाति लोधी | 179/1 | 0.137 | 0.058 | |
| | | 814/1 | 0.097 | 0.004 | |
| | योग | 2 | 0.234 | 0.062 | असिंचित |
| 2 | दिलहरण पिता सोनसाय जाति लोधी | 179/2 | 0.138 | 0.058 | |
| | | 814/2 | 0.097 | 0.004 | |
| | योग | 2 | 0.234 | 0.062 | असिंचित |
| 3 | समरबती पिता सोनसाय जाति लोधी | 179/3 | 0.138 | 0.058 | |
| | | 814/3 | 0.097 | 0.004 | |
| | योग | 2 | 0.234 | 0.062 | असिंचित |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन तिथि से 15(पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर
जिला - खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)

G-242505598/2



**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी महासमुन्द, सामान्य वनमण्डल, महासमुन्द**
फोन नं. (07723) 222084, Fax :- 222084
E-mail - dfomahasamund@rediffmail.com

**पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 14386/11 दिनांक 08.01.2024 की जाहिर सूचना।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल महासमुन्द अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहन टाटा 407 क्रमांक OR-03-A-4191 इंजन क्रमांक SF357XYD04581 चेचिस नम्बर MAT455020C8B07478 द्वारा खैर लकड़ी 82 नग = 1.483 घ.मी अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वाहन से संबंधित मालिक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय में दिनांक 14.03.2025 के पूर्व वाहन से संबंधित दस्तावेज लेकर उपस्थित होवे अन्यथा संबंधित लिप्त वाहन के संबंध में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए जप्तशुदा वाहन को छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के पक्ष में राजसात की जावेगी, समयावधि के पश्चात किसी भी प्रकार का कथन एवं दावा मान्य नहीं होगा।

वनमंडलाधिकारी
सामान्य वन मंडल महासमुन्द

G-242505595/1



JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं? चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769



H.C.2024-25 G (893)
**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला राजनांदगांव**

**// चतुर्थ निविदा सूचना //**

राजनांदगांव, दिनांक 27/02/2025

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/ विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 अधिसूचना क्रमांक/ एफ-10- 10/2018/वाक. (आब)/ पांच /2024 नवा रायपुर दिनांक 07.03.2018 एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/ आब./ ठेका/2024/4029, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.06.2024 के अनुपालन में :-

नगर निगम परिक्षेत्र के भीतर मदिरा दुकानें प्रारम्भ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाडे पर दुकान/ परिसर लेने बाबत कानूनी भवन मालिकों से निविदाएँ बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेक्निकल बिड) अनुबंध- 1 एवं वित्तीय बोली (फायनेंशियल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

(1) विदेशी मदिरा दुकान (कम्पोजिट) वार्ड नं. 22 को आबकारी राजस्व सुरक्षा एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण से नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत जी ई रोड के आसपास (near by G-E- Road or around the G-E- Road or connecting to G-E- Road) नागपुर रोड अथवा उसके आसपास के क्षेत्र में अथवा रिंग रोड में अथवा रिंग रोड के आसपास अथवा रिंग रोड के कनेक्टिंग रोड में अथवा नगर निगम सीमा क्षेत्र में वर्तमान संचालित मदिरा दुकानों से यथोचित दूरी पर स्थित भवन जिसका क्षेत्रफल न्यूनतम 2400 sq फिट हो तथा अहाता का क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो ।

इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्ते एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 06.03.2025 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते है ।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.03.2025 को 12:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक 07.03.2025 को 2:00 बजे अपरान्हः उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी ।

सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु कलेक्टर
राजनांदगांव (छ.ग.)

G- 242505622/3



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑम्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम — बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल (आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल — राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

# चैंपियंस ट्रॉफी : न्यूजीलैंड के खिलाफ स्पिन को बेहतर खेलने पर रहेगा भारत का फोकस

एजेंसी ▶▶| दुबई

अब तक अपराजेय भारतीय टीम का फोकस स्पिन को बेहतर खेलने पर होगा और न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी ग्रुप मैच में रविवार को उन खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है जो अब तक बाहर बैठे हैं। आखिरी ग्रुप मैच जीतने से भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहेगा।


■ मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर आज दोपहर 2.30 बजे

अब सेमीफाइनल में भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया से होगा और दोनों के पास बेहतरीन स्पिनर हैं। भारत ने दोनों मैच जीते हैं लेकिन स्पिनरों ने भारतीयों को परेशान किया है और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी न्यूजीलैंड टीम इसका फायदा उठा सकती है।



### स्पिनरों का दिख रहा दबदबा

टूर्नामेंट से पहले टीम में पांच स्पिनरों (रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और वॉशिंगटन सुंदर) के चयन को लेकर भारत की आलोचना हो रही थी लेकिन यहां स्पिनरों के दबदबे ने भारत को मजबूती दी है। हाल ही में आईएलटी 20 की मेजबानी करने वाले दुबई के इस मैदान की पिचें अब ताजा नहीं है जिससे स्पिनरों को मदद मिल रही है। भारत ने दो मैचों में जडेजा, अक्षर और कुलदीप को उतारा है और तीनों प्रभावी रहे हैं। उन्होंने बीच के ओवरों में बल्लेबाजों को खुलकर रन नहीं बनाने दिये और इकॉनॉमी रेट पांच से नीचे ही रहा है।



### रोहित-शमी को आराम

*भारत जीत की लय को कायम रखना चाहेगा लेकिन सेमीफाइनल से पहले कप्तान रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी को आराम दिया जा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ रोहित को गर्मी से असहज महसूस हो रहा था और वह 20 मिनट तक मैदान से बाहर रहे। बल्लेबाजी में हालांकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई।*



### पंत को मिलेगा मौका

*वैसे इस मैच में कुछ दाव पर नहीं लगा है लिहाजा रोहित को ब्रेक दिया जा सकता है। ऐसे में ऋषभ पंत को टूर्नामेंट में पहला मैच खेलने का मौका मिल सकता है। शमी को भी पिंडली में परेशानी हो रही थी और उन्हें भी रिकवरी ब्रेक मिल सकता है। ऐसे में अर्शदीप उनकी जगह आ सकते हैं और चक्रवर्ती को कुलदीप की जगह उतारा जा सकता है।*

### सेंटनेर और ब्रेसवेल की चुनौती

*भारत के स्टार बल्लेबाजों ने बांग्लादेश के स्पिनरों मेहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन के खिलाफ जोखिम लेने से बचने की रणनीति अपनाई। यही तरीका उन्होंने पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद के खिलाफ भी अपनाया और ये तीनों गेंदबाज काफी किफायती साबित हुए। अब उनके सामने मिचेल सेंटनेर और माइकल ब्रेसवेल की चुनौती होगी जो इस टूर्नामेंट में स्पिन के सामने सबसे कठिन परीक्षा भी रहेगी। दोनों कीवी स्पिनर अच्छे फॉर्म में हैं और दुबई की पिच पर और प्रभावी साबित हो सकते हैं।*

### 20 ओवर खेलना है स्पिन गेंद

*भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों को इक्के दुक्के रन लेकर बड़े शॉट तेज गेंदबाजों के खिलाफ खेलते आए हैं। लेकिन अब उन्हें 20 ओवर सेंटनेर और ब्रेसवेल का सामना करना है जबकि ग्लेन फिलिप्स भी अनियमित स्पिन गेंदबाज हैं। पिछले साल के आखिर में घरेलू टेस्ट श्रृंखला में सेंटनेर और फिलिप्स के खिलाफ भारत का अनुभव अच्छा नहीं रहा है। भारत को उसमें 0-3 से पराजय झेलनी पड़ी थी और अब यहां इन दोनों के साथ ब्रेसवेल भी हैं जिन्होंने अब तक दो मैचों में 3.2 की औसत से ही रन दिए हैं। ऐसे में फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल, पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक जमाने वाले विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल को प्रभावी प्रदर्शन करना होगा।*

## खबर संक्षेप



### अय्यर ने नेट गेंदबाज जसकिरण को दिए जूते

**दुबई।** आईसीसी क्रिकेट अकादमी पर नेट गेंदबाज जसकिरण सिंह के लिए यह खास पल था जब भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी अभ्यास सत्र के दौरान एक जोड़ी जूते भेंट किए। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट और क्रिकेट के शौकीन जसकिरण लांगआफ पर फील्डिंग कर रहे थे जब अय्यर ने उनके पास जाकर कहा, 'पाजी क्या हाल चाल, सब बढ़िया।' जसकिरण ने कहा, 'श्रेयस भाई मेरे पास आए और पूछा कि तुम्हारे जूते का साइज क्या है। मैने कहा कि दस तो उन्होंने कहा कि मेरे पास तुम्हारे लिए कुछ है और उन्होंने मुझे ये जूते दिए। मेरे लिये यह बहुत मायने रखता है।'

### डु प्लांटिस ने बेहतर किया विश्व रिकॉर्ड

**क्लेरमोंट-फेरां।** मोंडो डुप्लांटिस ने यहां विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर मीट के दौरान पोल वॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड बेहतर करके 6.27 मीटर की कूद लगाई। ओलंपिक और विश्व चैंपियन डुप्लांटिस ने पोलैंड में अगस्त में बनाए गए अपने विश्व रिकॉर्ड को एक सेंटीमीटर बेहतर किया। यह पोल वॉल्ट में उनका 11वां विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने पहले ही प्रयास में यहां रिकॉर्ड बनाया।



## इंग्लैंड दूसरी बार बिना जीत के टूर्नामेंट से बाहर

# द.अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चौथी टीम, इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| कराची

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को यहां ग्रुप बी के अपने अंतिम मैच में मुश्किलों से जूझ रही इंग्लैंड की टीम को सात विकेट से हराने से पहले ही ऑस्ट्रेलिया के साथ चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। दक्षिण अफ्रीका ने हेनरिच क्लासेन (64 रन) और रासी वान डर डुसेन (नाबाद 72 रन) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 122 गेंद में 127 रन की साझेदारी की मदद से 29.1 ओवर में तीन विकेट पर 181 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

इंग्लैंड के इतिहास में यह दूसरी बार है जब चैंपियंस ट्रॉफी के किसी चरण में उसने एक भी जीत दर्ज नहीं की। इससे पहले 1998 में ऐसा हुआ था। सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके इंग्लैंड को रन-रेट के आधार पर अफगानिस्तान को क्वालीफाई करने का मौका देने के लिए कम से कम 207 रन से जीत की जरूरत थी। लेकिन वह 38.2 ओवर में टूर्नामेंट के सबसे कम 179 रन के स्कोर पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका ने मैच के परिणाम निकले बिना ही नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत से दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में पांच अंक लेकर आस्ट्रेलिया (चार अंक) से आगे शीर्ष पर रहा।



**सेमीफाइनलिस्ट तयः** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में चारों सेमीफाइनलिस्ट का फैसला हो गया है। न्यूजीलैंड, भारत, ऑस्ट्रेलिया के बाद अब साउथ अफ्रीकी टीम ने भी सेमीफाइनल में जगह बना ली है। साउथ अफ्रीका की एंट्री के साथ ही अफगानिस्तान की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं। हालांकि सेमीफाइनल मुकाबले में कौन सी टीम किससे मुकाबला करेगी, ये रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मुकाबले के बाद ही पता चल पाएगा।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का डुसेन बो यानसेन | 08 | 06 | 2 | 0 |
| बेन डकेट का एवं बो यानसेन | 24 | 21 | 4 | 0 |
| स्मिथ का मारक्रम बो यानसेन | 00 | 03 | 0 | 0 |
| जो रूट बो मुल्डर | 37 | 44 | 4 | 1 |
| ब्रुक का यानसेन बो महाराज | 19 | 29 | 3 | 0 |
| बटलर का महाराज बो एनगिडी | 21 | 43 | 0 | 0 |
| लियाम स्ट क्लासेन बो महाराज | 09 | 15 | 1 | 0 |
| ओवरटन का एनगिडी बो रबाडा | 11 | 20 | 1 | 0 |
| आर्चर का यानसेन बो मुल्डर | 25 | 31 | 4 | 0 |
| राशिद का क्लासेन बो मुल्डर | 02 | 09 | 0 | 0 |
| साकिब महमूद नाबाद | 05 | 10 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 18, कुल : 38.2 ओवर में 179/10
**गेंदबाजी :** यानसेन 7-0-39-3, एनगिडी 7-0-33-1, रबाडा 7-1-42-1, मुल्डर 7.2-0-25-3, महाराज 10-1-35-2.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रेयान रिकलटन बो आर्चर | 27 | 25 | 5 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो आर्चर | 00 | 05 | 0 | 0 |
| रासी वान डर डुसेन नाबाद | 72 | 87 | 6 | 3 |
| क्लासेन का महमूद बो राशिद | 64 | 56 | 11 | 0 |
| डेविड मिलर नाबाद | 07 | 02 | 0 | 1 |

**अतिरिक्त :** 11, कुल : 29.1 ओवर में 181/3
**गेंदबाजी :** आर्चर 9-0-55-2, महमूद 5-0-31-0, ओवरटन 5-0-34-0, राशिद 7-0-37-1, लिविंगस्टन 3.1-0-24-0.

### सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया-अफ्रीका को यात्रा की चुनौती

*दुबई। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के अंतिम चार मैच से पहले दुबई के लिए उड़ान भरेंगी लेकिन अभी यह तय नहीं है कि उनका सेमीफाइनल दुबई में होगा या पाकिस्तान में। चैंपियंस ट्रॉफी का पहला सेमीफाइनल चार मार्च को खेला जाएगा जबकि लाहौर बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में भारत की मौजूदगी तय है लेकिन रोहित शर्मा की टीम के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में से किसका सामना होगा इसका पता रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच ग्रुप ए के आखिरी मैच के नतीजे पर निर्भर करेगा। ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम से भिड़ेगी। भारत अपना नॉकआउट मैच मंगलवार को दुबई में खेलेगा चाहे वह ग्रुप ए में पहले स्थान पर रहे या दूसरे स्थान पर। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे सेमीफाइनल के लिए कौन सी टीम लाहौर लौटेगी, इसका पता चलने से पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों को दुबई जाना होगा और रविवार के मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा।*

## रणजी ट्रॉफी फाइनल

# नायर का सत्र में 9वां शतक, विदर्भ ने केरल पर बनाई 286 रन की बढ़त



एजेंसी ▶▶| नागपुर

करुण नायर ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन दूसरी पारी में शनिवार को यहां नाबाद 132 रन बनाकर विदर्भ को 286 रन की कुल बढ़त के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

नायर ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में अपना चौथा शतक जड़ा। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी पांच शतक लगाए जिससे इस सत्र में उनके नाम कुल नौ शतक हो गए। नायर की इस पारी से विदर्भ रणजी ट्रॉफी के अपने तीसरे खिताब के काफी करीब पहुंच गया है। रणजी ट्रॉफी के 90वें सत्र के फाइनल में नायर ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए 280 गेंद की धैर्यपूर्ण पारी में 132 रन बनाए जिससे विदर्भ ने दिन का समापन चार विकेट पर 249 रन पर किया। विदर्भ ने पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल की थी। पहली पारी में शानदार शतक जड़ने वाले दिनेश मालेवार ने एक बार फिर कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 73 रन बनाए और चौथे विकेट के लिए नायर के साथ 182 रन की बड़ी साझेदारी की। नायर ने 59वें ओवर में प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अपना 23वां शतक पूरा किया। उन्होंने इसका जश्न हेलमेट उतर कर ड्रेसिंग रूम की तरफ बल्ला दिखा कर मनाया। उन्होंने इसके बाद अपनी अंगुलियों ने नौ का इशारा कर इस सत्र में लगाये शतकों के बारे में बताया।




## क्लासिकल रेटिंग

# गुकेश बने वर्ल्ड नंबर-3 शीर्ष 10 में प्रज्ञानानंदा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश फिडे की शनिवार को जारी नवीनतम क्लासिकल रेटिंग में अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंच गए, जबकि हमवतन आर प्रज्ञानानंदा फिर से शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे।

■ प्रज्ञानानंदा की शीर्ष 10 में वापसी

गुकेश दिसंबर में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने के बाद से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। 18 साल के इस खिलाड़ी ने इस दौरान 10 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब उनके नाम कुल 2787 रेटिंग अंक हो गए हैं। गुकेश हाल ही में विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स को टाईब्रेक में प्रज्ञानानंदा से हार गए थे। वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हिकारू नाकामुरा (2802) से 15 अंक पीछे हैं।

### शीर्ष पर कार्लसन

नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन (2833) दुनिया में शीर्ष रैंकिंग के शतरंज खिलाड़ी बने हुए हैं। गुकेश ने इस रैंकिंग में हमवतन अर्जुन एरिगैसी और अमेरिका के फैबियानो कारुआना को पीछे छोड़ दिया है।

### प्रज्ञानानंद के 2758 रेटिंग अंक

एरिगैसी इससे पहले लंबे समय तक शीर्ष रैंक वाले भारतीय थे। वह 2777 की रेटिंग के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं। प्रज्ञानानंद टाटा स्टील मास्टर्स में जीत से पिछले साल जुलाई के बाद पहली बार शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे। मौजूदा समय में प्राग मास्टर्स में खेल रहा यह भारतीय खिलाड़ी 17 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 2758 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने में सफल रहा।

### प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा ने दर्ज की पहली जीत

प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चेक गणराज्य के एनगुयेन थाई डाई वान के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि हमवतन अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स के तीसरे दौर में चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराकर एकल बढ़त हासिल की। टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारों में से एक प्रज्ञानानंदा ने 14वीं चाल में यह प्रभावशाली जीत दर्ज की। पहले दो दौर में दो ड्रॉ खेलने के बाद उनके लिए यह जीत अहम रही। अरविंद के इस जीत से तीन में से 2.5 अंक हो गए। वहीं अमेरिका के सैम शंकलैंड को जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार मिली। प्रज्ञानानंदा और कीमर दो दो अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

# बिली जीन किंग कपः विशाल ने की बतौर कप्तान टीम में वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय टेनिस संघ की चयन समिति ने आगामी बिली जीन किंग कप के लिए शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल किया जिसका नेतृत्व अंकिता रैना कर रही हैं जबकि विशाल उप्पल की कप्तान के तौर पर दो साल बाद वापसी हुई है। नंबर एक खिलाड़ी रैना की टीम में सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदिपति, वैदेही चौधरी होंगे जबकि प्रार्थना थोम्बरे पांच सदस्यीय टीम में युगल विशेषज्ञ होंगी। हाल में डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली माया राजेश्वरन टीम में रिजर्व खिलाड़ी होंगी। भारत आठ अप्रैल से पुणे के डेक्कन जिमखाना में बिली जीन किंग कप की मेजबानी करेगा। आयोजन स्थल पर 2 अप्रैल से ट्रेनिंग शिविर शुरू होगा जिसमें रुतुजा भोसले और वैष्णवी अडकर को भी तैयारियों का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। मार्च 2023 में उप्पल को गैर-खिलाड़ी कप्तान के रूप में हटा दिया गया और उनकी जगह शालिनी ठाकुर को नियुक्त किया गया।



### रद्द हुए दो मैच का पैसा होगा वापस

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को रावलपिंडी में बारिश के कारण रद्द हुए दो चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के लिए टिकट की पूरी राशि वापस करने की घोषणा की। बारिश के कारण 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच और 27 फरवरी को बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया था। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पीसीबी टिकट वापसी नीति के अनुसार अगर टॉस से पहले मैच रद्द कर दिया जाता है तो टिकट धारक पूरा पैसा वापस पाने के पात्र हैं। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि सभी टिकट के पैसे वापस किए जाएंगे।

# वेडिंग ड्रेस में दुल्हनिया ने फ्लॉन्ट की अपनी मसल्स

**'पूरा ससुराल डरा हुआ है...'**

*नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर इनदिनों एक बॉडी बिल्डर दुल्हन का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ब्राइडल ड्रेस में दुल्हन अपने मसल फ्लॉन्ट करते दिख रही है। वीडियो ने इंटरनेट यूजर्स को हैरान कर दिया है। वीडियो जिसे सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है, के संबंध में कुछ यूजर्स ने कहा कि बहू अगर ऐसी होगी तो ससुराल के सभी लोग डरे सहमे रहेंगे।*



## चित्रा पुरुषोत्तम कौन हैं?

दरअसल, इंटरनेट पर वायरल हो रहे वीडियो में जो युवती दिख रही है वो चित्रा पुरुषोत्तम हैं। मूल रूप से कर्नाटक की रहने वाली चित्रा बॉडी बिल्डर हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है कि हाल ही में वो शादी को बंधन में बंधी हैं। ऐसे में उनका ब्राइडल लुक तेजी से वायरल हो रहा है। अपनी शादी में आम दुल्हन से अलग लुक चूज करने वाली चित्रा की तस्वीर-वीडियो इंटरनेट पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कांजीवरम साड़ी और ट्रेडिशनल ज्वेलरी पहने चित्रा अपना मसल फ्लॉन्ट कर रही है। हालांकि सोशल मीडिया के इस वीडियो को कोई भी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर रहा।

## इंटरनेट यूजर्स दो धड़ों में बंटे

चित्रा की लुक को लेकर इंटरनेट यूजर्स दो धड़ों में बंटे हुए दिख रहे हैं। एक धड़ा इस अपरंपरागत ब्राइडल लुक की तारीफ कर रहा है। जबकि दूसरा धड़ा इसकी आलोचना कर रहा है। एक यूजर ने लिखा, "मरते दम तक ससुराल वाले सोच समझ कर बात करेंगे। नहीं तो सब को एक बार हॉस्पिटल जाना ही पड़ेगा।" दूसरे ने लिखा, "जेवर के साथ-साथ कुछ मेडल्स भी इसके गले में होने चाहिए थे" तीसरे ने लिखा, "पहले से ही दबदबा बना रखा है। ऐसा ही होना चाहिए।"वहीं, एक अन्य ने लिखा, "लीक से हटकर महिलाओं को ऐसा करता देख अच्छा लग रहा है। ये उसकी जिंदगी है। इसके निर्णय भी उसके ही होने चाहिए। हम किसी को जज करने वाले कौन होते हैं।" बहरहाल चित्रा इंटरनेट पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। आप उनके इस लुक पर क्या कहेंगे, कमेंट करके बताएं।

**तरीका जान हैरान रह जाएंगे आप**

# कुत्ते ने 3 दिन में कमा लिए 23 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** आजकल हर कोई ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाने की कोशिश करता है। इसके लिए लोग दिन-रात मेहनत करते हैं लेकिन चीन से एक बहुत ही अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसमें एक कुत्ता महज तीन दिन में 27 लाख रुपये कमा चुका है। इस कुत्ते की कमाई ने सभी को हैरान कर दिया और अब यह कुत्ता सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है।

## कुत्ता हकीमी और उसकी कहानी

आपको बता दें कि हकीमी का मालिक जू एक होमस्टे का मालिक है, जो दक्षिण-



पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत के लिजिआंग शहर में स्थित है। यह कुत्ता हस्की प्रजाति का है और उसका नाम हकीमी है। हकीमी ने सिर्फ तीन दिन में 200,000 युआन (27 लाख रुपये) की कमाई की है। यह कुत्ता दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत के लिजिआंग शहर में एक होमस्टे के मालिक जू के पास रहता है।

## ट्रॉली खींचने का काम जल्दी सीख लिया

जू ने बताया कि हकीमी ने ट्रॉली खींचने का काम बहुत जल्दी सीख लिया। शुरू में वह गिरता था और लोगों से टकरा जाता था, लेकिन अब वह इस काम में एक्सपर्ट बन चुका है। हकीमी को काम करना बहुत पसंद है और जब भी वह ट्रॉली खींचता है तो वह बहुत खुश रहता है। जू के मुताबिक, हकीमी को काम करना बहुत पसंद है। जब भी वह ट्रॉली खींचता है, तो वह बहुत खुश होता है, जैसे वह खेल रहा हो। हकीमी लगभग 200 मीटर की दूरी तक ट्रॉली खींचता है और इस दौरान वह काफी उत्साहित रहता है।

## कैसे हुई हकीमी की कमाई ?

हकीमी का काम होम स्टे के मेहमानों के सामान को ट्रॉली में ढोने का है। मेहमान उसकी इस अनोखी सेवा को बहुत पसंद करते हैं और यही कारण है कि होमस्टे में रुकने वाले ज्यादातर लोग हकीमी की वजह से यहां ठहरते हैं। इसके अलावा, हकीमी सोशल मीडिया पर भी बहुत पॉपुलर हो गया है। उसकी वीडियो वायरल हो जाती हैं और उसे लाखों व्यूज मिलते हैं। इसी वजह से हकीमी ने केवल तीन दिनों में 23 लाख रुपये की कमाई की है।










# सितंबर तक शादी करो नहीं तो नौकरी से निकाल देंगे कंपनी के अजीब फरमान

नई दिल्ली। चीन से एक ऐसी अजीबोगरीब खबर आई है, जो पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई है। आपको बता दें कि चीन के शेडोंग प्रांत स्थित एक कंपनी ने अपने अविवाहित और तलाकशुदा कर्मचारियों से कहा है कि वे सितंबर 2025 तक शादी कर लें, वरना उन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है।

दरअसल, कंपनी ने यह फरमान जारी करते हुए कहा है कि जिन कर्मचारियों की उम्र 28 से 58 वर्ष के बीच है, वे इस साल सितंबर तक शादी करके घर बसाएं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाएगा। इस फैसले के पीछे कंपनी का कहना है कि वे पारंपरिक चीनी परिवार मूल्यों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं और सरकार के अनुरोध का पालन कर रहे हैं।













हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com